# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 24-07-2022

# चौकीदार के घर चाय पर पहुंचे एडीजी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** एडीजी जोन अखिल कुमार ने ग्राम प्रहरी (चौकीदार) अजय कुमार के घर चाय पीकर शनिवार को चाय पर चर्चा अभियान का शुभारंभ किया। गुलरिहा थाने के हरसेवकपुर गांव के चौकीदार को वर्दी व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करने के साथ ही क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा की। एडीजी जोन एक घंटे तक चौकीदार के घर रहे।

सुबह 11 बजे एडीजी जोन अखिल कुमार गुलरिहा थाना के हरसेवकपुर गांव में चौकीदार अजय कुमार के घर पहुंचे। उनसे हालचाल पूछा और क्षेत्र में रहने वाले सभ्रांत व अराजकतत्वों के बारे में जानकारी हासिल की। चौकीदार के बेटे को चाकलेट देकर दुलारा भी। एडीजी ने कहा कि चौकीदार पुलिस विभाग के अभिन्न अंग हैं। उत्साह व स्वाभिमान बना रहे, इसके लिए पुलिस अधिकारी अब चौकीदार को सम्मानित करने के साथ ही घर पहुंचकर चाय पर चर्चा करेंगे। एसपी, सीओ, थानेदार व हलका दारोगा अपने क्षेत्र के चौकीदारों के पहुंचकर उन्हें सम्मानित करेंगे। चौकीदार अजय कुमार ने कहा कि इस तरह का सम्मान अभी तक नहीं मिला। यदि ऐसा ही सम्मान मिलता रहे तो हम अपने कार्य में कोई भी जोखिम उठाने से पीछे नहीं रहेंगे।



हरसेवकपुर में चाय पर चौकीदार से चर्चा करते एडीजी जोन अखिल कुमार ● जागरण

- **वर्दी व पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित, बेटे को खिलायी चाकलेट**
- **हरसेवकपुर में ग्राम प्रहरी (चौकीदार) से चाय पर चर्चा का हुआ शुभारंभ**

# एडीजी ने चौकीदार के घर पी चाय और की चर्चा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। चौराहों को गोद लेकर सीसी कैमरा लगवाने वाले डॉक्टर और व्यापारियों के घर बैंड बजवाने वाली गोरखपुर पुलिस अब चौकीदारों के घर चाय पिएगी। ताकि चौकीदारों पर पुलिस की पकड़ मजबूत हो सके और उन्हें इलाके की सभी सूचनाएं मिल सके। गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार ने जोन के सभी 11 जिलों के पुलिस कप्तानों को इसका निर्देश जारी किया और शनिवार को स्वयं इसकी शुरुआत भी की।

गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरसेवकपुर गांव के चौकीदार अजय कुमार के घर एडीजी अखिल कुमार शनिवार को पहुंचे और उनका हाल जाना। एडीजी ने चौकीदार अजय को एक किट भेंट किया। जिसमें चौकीदार का साफा, वर्दी, और टार्च के साथ मिठाई भी थी। उन्होंने चौकीदार अजय के परिवार के लोगों से भी बात की। साथ ही अजय कुमार से पुलिस व्यवस्था को और मजबूत करने की बात कही। चाय पर चर्चा करते हुए एडीजी ने अजय से उनके क्षेत्र के बारे में पूरी जानकारी ली। अजय के बच्चों को भी दुलारा और उनसे उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। साथ ही चौकीदार से कहा कि वह संबंधित बीट के आरक्षी और थाने के थानाध्यक्ष तक अपने क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी सूचनाओं को पहुंचाते रहें। इसके लिए पुलिस उन्हें उनके काम का सम्मान देगी। वहीं, अजय भी अपने घर एडीजी के आने के बाद काफी खुश नजर आए। उनका कहना है कि चौकीदार का काम उनके घर में कई पीढ़ियों से लोग करते आए हैं। वह भी बीएड होने के बावजूद इस परंपरा का निभा कर रहे हैं। अजय ने कहा कि आज पहली बार उनके घर पर जोन के सबसे बड़े अधिकारी आए हैं। वह इससे काफी खुश हैं। वह अपने चौकीदार होने का दायित्व पुलिस के साथ मिलकर बखूबी आगे भी निभाते रहेंगे।



शनिवार को चौकीदार के घर पर एडीजी ने की चाय पर चर्चा।

- एडीजी ने परिवार का भी जाना हालचाल
- सभी अफसरों को चौकीदार के यहां जाने के निर्देश

## पुलिस की मजबूत कड़ी होता है चौकीदार

एडीजी ने कहा कि चौकीदार पुलिस व्यवस्था की बेहद मजबूत कड़ी होते हैं। इन्हें सम्मान दिलाने के लिए उन्होंने इस पहल की शुरुआत की है। अपने जोन के सभी एसएसपी, थानाध्यक्षों, चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने क्षेत्र में वह चौकीदारों के घर जाकर उनके साथ चाय पिएं। साथ ही उन्हें यह एहसास दिलाएं कि वह भी पुलिस व्यवस्था की एक मजबूत कड़ी है।

# चौकीदार के घर पहुंचकर एडीजी ने की 'चाय पर चर्चा'



गोरखपुर। ग्राम प्रहरी (चौकीदार) से चाय पर चर्चा अभियान की शुरुआत शनिवार को हुई। इसके तहत एडीजी जोन अखिल कुमार हरसेकपुर गांव पहुंचे। चौकीदार अजय कुमार के घर चाय पीकर क्षेत्र का हाल जाना। एडीजी ने ग्राम प्रहरी को वर्दी व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित भी किया। सुबह 11 बजे अजय कुमार के घर पहुंचे एडीजी जोन ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग के अभिन्न अंग हैं। उनका उत्साह व स्वाभिमान बना रहे, इसके लिए पुलिस अधिकारी अब ग्राम प्रहरी को सम्मानित करेंगे। साथ ही उनके घर पहुंचकर चाय पर चर्चा करेंगे। ब्यूरो

# नौका विहार के पास युवकों से मारपीट लूट का आरोप

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके के नौका विहार के पास शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे बाइक सवार दो युवकों से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि बदमाशों ने पंद्रह हजार रुपये भी लूट लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के गीता वाटिका निवासी सिद्धार्थ और पीयूष शुक्रवार की रात रामगढ़ताल के नौका विहार घूमने गए थे। रात 10:30 बजे के करीब बाइक से लौट रहे थे कि इसी बीच तीन-चार की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने मारपीट की। आरोप है कि 15 हजार रुपये लूटकर बदमाश फरार हो गए।

इंस्पेक्टर रामगढ़ताल सुशील शुक्ला ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला मारपीट का लग रहा है। पीड़ितों ने अपने दोस्त को सूचना दी थी, जिसने पुलिस को जानकारी दी। पीड़ितों को बुलाया गया है, लेकिन शनिवार को वे थाने नहीं आए। मामले की जांच की जा रही है। ब्यूरो

## ट्रक से टकराकर बाइक सवार युवक घायल

चौरीचौरा। चौरीचौरा क्षेत्र के सोनबरसा बाजार में शनिवार दोपहर ट्रक से टकराकर एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। कुशीनगर के हाटा कोतवाली क्षेत्र के पिपरहिया जगदीशपुर निवासी गुड्डू सिंह (32) अपनी बाइक से शनिवार को दोपहर में कसया की तरफ जा रहे थे। ब्यूरो

# मारपीट के दौरान दो सगे भाई छत से गिरे, एक गंभीर

गुलरिहा। इलाके के हरसेवकपुर नंबर दो स्थित शिवमंदिर टोला में शुक्रवार की रात रुपये के लेनदेन के विवाद में दो सगे भाइयों में मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान दोनों ही छत से गिर गए। दोनों को परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां एक की हालत गंभीर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**गुलरिहा इलाके में लेनदेन के विवाद में हुई घटना**

जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो स्थित शिव मंदिर टोला निवासी अशोक निषाद व पिंटू सगे भाई हैं। शुक्रवार की रात उधारी की रकम को लेकर विवाद हो गया। दोनों भाई मारपीट करने लगे। इसी दौरान दोनों छत से नीचे गिर पड़े। अशोक के सिर में गंभीर चोट लगी है, वहीं पिंटू को भी चोटें आई हैं। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने दोनों मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया, जहां अशोक की हालत नाजुक बनी हुई है।

इस संबंध में गुलरिहा थाना प्रभारी उमेश कुमार वाजपेयी ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। ब्यूरो

# पर नमाज पढ़ने से विवाद

## राहगीर ने वीडियो बनाकर किया वायरल, पुलिस ने शुरू की जांच

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** लखनऊ के मॉल में नमाज पढ़ने का विवाद चल ही रहा था कि जिले के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के आवास के गेट पर एक व्यक्ति ने नमाज पढ़ दी। किसी राहगीर ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद विवाद हो गया। सीडीओ आवास की सुरक्षा में तैनात होमगार्ड ने कैंट थाने में तहरीर दी है। दूसरी तरफ, वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर एसपी सिटी ने जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर से इलाज कराने आया व्यक्ति शुक्रवार को नमाज के वक्त सीडीओ गेट के सामने नमाज अदा करने लगा। इसका राहगीरों व आसपास के लोगों ने विरोध किया। राहगीरों ने नमाज अदा करने वाले व्यक्ति से सवाल किए, लेकिन उस व्यक्ति ने कोई जवाब नहीं दिया।

राहगीरें ने प्रकरण का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, जिससे सनसनी फैल गई। अपर मुख्य सचिव गृह व डीजीपी कार्यालय से मामले की जानकारी ली जाने लगी। नतीजा रहा कि नमाज पढ़ने वाले व्यक्ति की पहचान करने की कोशिश तेज हो गई। पुलिस के मुताबिक, कुशीनगर के व्यक्ति ने अनाधिकृत स्थान पर नमाज अदा की है। जांच की जा रही है। केस दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

**सुरक्षाकर्मियों ने नहीं किया विरोध:** सीडीओ आवास पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने गेट के ठीक सामने व्यक्ति को नमाज पढ़ते देखा, लेकिन विरोध नहीं किया। वे व्यक्ति को नमाज पढ़ते देखते रहे। होमगार्डों की खामोशी पर राहगीरों ने आपत्ति की और कहा कि सुरक्षा कर्मियों ने तत्परता दिखाई होती तो विवाद की नौबत नहीं आती।



बेतियाहाता में सीडीओ आवास के सामने नमाज पढ़ने के वायरल वीडियो की फोटो। संवाद

### कुशीनगर का बताया जा रहा शख्स इलाज कराने आया था गोरखपुर

### साजिश मान रही पुलिस

मोहर्रम नजदीक है। लिहाजा, अनाधिकृत स्थान पर नमाज पढ़े जाने को पुलिस साजिश मान रही है। पुलिस के मुताबिक, सार्वजनिक स्थान पर नमाज पढ़ने वाला व्यक्ति निजी अस्पताल में इलाज कराने आया था। अस्पताल से निकलकर सीडीओ आवास के गेट के सामने पहुंचा और नमाज पढ़ने लगा। पहचान के बाद सब कुछ सामने आ सकेगा।

### पहले भी हुई थी माहौल बिगाड़ने की कोशिश

शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश पहले भी हुई थी। गत 11 जून को बुर्का पहनकर आई एक महिला ने कैंट थाना क्षेत्र के मझौली कंपाउंड में खड़ी एक कार पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। पुलिस ने केस दर्ज किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। महिला अब तक पुलिस की पकड़ से दूर है।

सीडीओ आवास पर लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस जांच कर रही है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया जाएगा। कुशीनगर से इलाज कराने आए शख्स ने नमाज पढ़ी है। सुरक्षा में तैनात होमगार्डों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस की तरफ से जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है।

**- कृष्ण कुमार विश्नोई,** एसपी सिटी

शुक्रवार को आवास के गेट के बाहर नमाज पढ़ने की जानकारी मिली है। सुरक्षा में तैनात होमगार्ड ने तहरीर दी है। जांच में अगर होमगार्ड की गलती मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

**- संजय मीणा,** सीडीओ

# वाहन खपाने में एक्सपर्ट हैं साले-बहनोई

गोरखपुर (एसएनबी)। साले-बहनोई की जोड़ी ने पूर्वांचल में तहलका मचाकर रख दिया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि इनकी निशानदेही पर अब तक 16 से अधिक लग्जरी चार पहिया वाहन बरामद हो चुके हैं। और भी चार पहिया बरामद होने की उम्मीद है। बहती गंगा में डाक्टर व व्यवसायी ही नहीं 'वर्दीधारी' तक हाथ धो चुके हैं। आधे से कम कीमत में नई चार पहिया कौन नहीं बंधक रख लेगा। कुछ ऐसा ही लोगों ने किया है।

**16 लग्जरी चार पहिया अब तक हो चुकी है पूर्वांचल के विभिन्न हिस्सों से बरामद**

**लखनऊ में रहने वाले सगे भाइयों के इशारे पर खलीलाबाद और सिकरीगंज के रहने वाले साले-बहनोई खपाते रहे हैं चार पहिया वाहन**

**रायबरेली एसओजी के हत्थे चढ़ चुके हैं शातिर और उनकी ही निशानदेही पर ताबड़तोड़ हो रही है चोरी के चार पहिया वाहनों की धर-पकड़**

**डाक्टर, व्यापारी ही नहीं वर्दीधारियों ने भी धोया है बहती गंगा में हाथ**

लखनऊ में निवास करने वाले सगे भाइयों ने लग्जरी चार पहिया उड़ाने के लिए खलीलाबाद और सिकरीगंज के रहने वाले रिश्तेदारों को पकड़ा। दोनों ने पंजाब, चंड़ीगढ़, बरेली के अलावा कई अन्य बड़े शहरों से लग्जरी चार पहिया उड़ाना शुरू कर दिया। सूत्रों की मानें तो साले-बहनोई इतने एक्सपर्ट हैं कि आननफानन में गाड़ी का नंबर ही नहीं चेचिस नंबर तक बदल देते हैं। इनके द्वारा पिछले एक साल में अनगिनत चार पहिया उड़ाया गया है और उसको बेचा नहीं बल्कि बंधक रखा है। इसमें लखनऊ के एक डाक्टर भी शामिल हैं। कई वर्दीधारी भी हैं जिन्होंने औनेपौने में इन शातिर वाहन चोरों से चार पहिया बतौर बंधक लिया है। बता दें कि पूर्वांचल से अब तक 13 लग्जरी चार पहिया जिसमें ब्रेजा, बेलेनो, क्रेटा आदि शामिल है, बरामद की जा चुकी है। राय बरेली की एसओजी टीम बनाकर इन पकड़े गये शातिरों की मदद से चार पहिया वाहनों की बरामदगी कर रही है। सूत्र बताते हैं कि सिकरीगंज में रहने वाला शातिर वर्दीधारियों में अच्छी पैठ बना लिया है। वह उनको बेगारी के तौर पर चोर की चार पहिया वाहन कहीं आने-जाने के लिए देता रहा है। पुलिस सूत्रों की मानें तो कई चार पहिया वाहन मालिक तो गाड़ी चोरी होने के कुछ माह बाद ही क्लेम भी ले लिया है जिनकी गाड़ियां अब बरामद हो रही है। शातिर वाहन चोर ने वर्दीधारियों के साथ फोटो भी खिंचवाये हैं। यह सब उनकी गिरफ्तारी के बाद उनके मोबाइल में मिले हैं। अगर चार पहिया बरामदगी की बात करें तो प्रयागराज से चार, वाराणसी से तीन तथा हरदोई से भी कई वाहन मिले हैं। पूर्वांचल से तो दर्जनभर के करीब चार पहिया मिल चुके हैं। चोरी की गाड़ियों पर यूपी 32, यूपी 14, यूपी 16, यूपी 82 तो किसी



पर यूपी 52 के नंबर प्लेट लगे हुए हैं। खलीलाबाद का रहने वाला शातिर वाहन चोर के पिता सरकारी नौकरी में हैं जबकि उसका बहनोई सिकरीगंज का रहने वाला है। दोनों के बारे में बताया जाता है कि चार पहिया वाहन उड़ाने में दोनों एक्सपर्ट हैं। लखनऊ के सगे भाई और इन दोनों साले-बहनोई की निशानदेही पर चार पहिया वाहनों की बरामदगी जारी है। जानकार बताते हैं दो-चार दिन में रायबरेली की एसओजी इस पूरे मामले से परदा उठाएगी।

# हत्यारोपित की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर (एसएनबी)। हत्या के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गौतम ने झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम जद्दूपुर निवासी आरोपित विकास की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार मिश्र एवं राम प्रकाश सिंह का कहना था कि वादी रमायन यादव झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम जद्दूपुर का निवासी है। 28 नवम्बर 2021 को दिन में करीब 12.30 बजे वादी के लड़के विकास का मोटरसाइकिल की टक्कर हो जाने के कारण गांव गुलशन कुमार व अमरनाथ से वाद विवाद हो गया। इसी बात की उलाहना देने वादी की भाभी चंद्राकली देवी गई तो गुलशन ने डंडे से उसके सिर पर वार कर दिया जिससे वादी के भाभी का सिर फट गया और वह चिल्लाती हुई भागी। वादी का लड़का विशाल, राम किशुन, दयाराम, इंदल, प्रियंका, रिंकी व तप्पे मौके पर पहुंचे तो गुलशन, अमरनाथ अपने हाथ में लिए बंदूक व सुनील, विकास, शैलेष, पवन व सूरज अपने हाथ में लिए तमंचे से जान मारने की नियत से फायर करने लगे तथा अन्य लोग लाठी डंडा से मारने लगे। इन लोगो के फायर करने व मारने से विशाल, राम किशुन, दयाराम, इंदल, प्रियंका, चंद्रकाली देवी व तप्पेलाल को गंभीर चोटे आई। इन लोगो को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया जहां रास्ते में विशाल व राम किशुन की मृत्यु हो गई।

# अपर उप जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

चिलुआताल (एनएसबी)। चिलुआताल थाना पर आयोजित थाना समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी द्वारा जनता की समस्याओं को सुन समाधान के लिये टीम गठित कर जिम्मेदारी सौंपी गयी। अपर उप जिलाधिकारी शिवम सिंह एवं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा अपने अपने दल बल के साथ समाधान दिवस पर आये पीड़ितो की बातो को सुन उनके समस्याओं को सुलझाने के लिये कुछ मामलो में टीम गठित कर एवं कुछ मामलो में सम्बन्धित लेखपालों को लगा कर समाधान कराने का प्रयास किया। थाना समाधान दिवस में कुल 30 मामले आये जिसमें सभी मामले जमीन से संम्बधित रहे। उप जिलाधिकारी के आदेश पर त्वरित निर्णय के लिये चार मामलो में टीम गठित कर रवाना किया गया। शेष लम्वित मामले में संवंधित लेखपालो को समाधान हेतु लगाया गया।

# समाधान दिवस पर आये 17 मामले

बांसगांव (एसएनबी)। समाधान दिवस के मौके पर वांसगांव थाना परिसर में नायव तहसीलदार वांसगांव अभिषेक मिश्रा व थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह की मौजूदगी में फरियादी अपनी फरियाद लेकर आये जिसमें से एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, शेष मामलों में राजस्व और पुलिस की तीन टीम गठित कर मामले को निस्तारण के लिए भेज दिया गया। जितने भी मामले आये उनमें से अधिक्तर मामले जमीन सम्वंधित विवाद से थे।

# 8 गाड़ियों का चालान, 10 हजार वसूला जुर्माना

उरुवा बाजार (एसएनबी)। शनिवार को उरुवा पुलिस ने उरुवा चौराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमे 8 मोटसाइकिल का चालान किया गया। जिससे विभाग को 10 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। थानाध्यक्ष उरुवा अजय कुमार मौर्या ने वताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना और सिर्फ दो सवारियों को वैठाना है। लेकिन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल चालक विना हेलमेट के और दो सवारी से अधिक वैठकर सफर कर रहे थे। जिनके गाड़ियों का चालान कर दिया गया।

# राजस्व से जुड़े आये तीन मामले, सभी निस्तारित

उरुवा बाजार (एसएनबी)। शनिवार को समाधान दिवस पर उरुवा थाने पर सीआरओ भूराजस्व सुशील कुमार गौड़ अध्यक्षता में वैठक हुई। इस मौके पर क्षेत्र से राजस्व से जुड़ी तीन मामले आए। जिसमें दोनों पक्षों को वुलाकर कागजात को देख मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। इस मौके उपजिलाधिकारी गोला रोहित कुमार मौर्य व क्षेत्राधिकारी गोला जगत राम कन्नौजिया, थानाध्यक्ष उरुवा अजय कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक संतोष त्रिपाठी, अरविन्द यादव, सुनील कुमार शर्मा, राजस्व निरीक्षक अजय कुमार पाण्डेय, सुरजीत सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र नारायण सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# सड़क पर अतिक्रमण, दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर

**एक्शन में नगर निगम**

गोरखपुर (एसएनबी)। नार्मल टैक्सी स्टैंड रोड पर कब्रिस्तान के पहले राहुल विल्डिंग मटेरियल एवं विजय विल्डिंग मटेरियल नाम की दुकानों के संचालकों को सड़क पर ईंट, वालू व गिट्टी रखना भारी पड़ गया। कई वार चालान काटे जाने के वाद भी मनमानी नहीं रुकी तो नगर आयुक्त के निर्देश पर जोनन्दो के जोनल अधिकारी एनडी पांडेय ने अवर अभियंता से राजघाट थाना में दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। शनिवार को नगर आयुक्त अविनाश सिंह क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने पाया कि सड़क किनारे ईंट, गिट्टी व वालू रख कर वेचा जा रहा है जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। लोगों को आनेजाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जोनल अधिकारी जोनन्दो एनडी पांडेय ने वताया कि दोनों दुकानों का कई वार चालान काटा जा चुका है लेकिन सड़क पर अतिक्रमण करने से दुकानदार वाज नहीं आ रहे हैं।



**कई बार चालान काटे जाने के बाद भी नहीं मान रहे थे दुकानदार**

**निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने राहुल बिल्डिंग मटेरियल एवं विजय बिल्डिंग मटेरियल के मालिकों के खिलाफ लिया एक्शन**

## राजघाट में मिली गंदगी ही गंदगी

गोरखपुर । शनिवार को नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने राप्ती नदी के तट पर स्थित राजघाट का निरीक्षण किया। घाट पर उन्हें जगह-जगह गंदगी का अंवार मिला। नगर आयुक्त ने राजघाट पर सफाई व्यवस्था को सुरुस्त रखने के लिए जोनल सफाई निरीक्षक श्रवण सोनकर को पांच सफाईकर्मी तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही सिंचाई विभाग की ओर से रखी गई गिट्टी को भी हटाने को कहा। हावर्ट वंधे से राजघाट जाने वाली सड़क के वीच के डिवाइडर पर पौधे आदि लगवाने के लिए जोनल अधिकारी जोनन्दो को निर्देशित किया। निरीक्षण में हांसूपुर के पार्षद संजय श्रीवास्तव, जोनल अधिकारी जोनन्दो एनडी पांडेय आदि भी उपस्थित रहे।

# लुटेरे के घर डुगडुगी बजा कुर्की की नोटिस चस्पा

गोरखपुर (एसएनबी)। लूट और एससीएसटी के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त आकाश पाण्डेय पुत्र चंद्रमौलि पाण्डेय निवासी वनकटीचक दुर्गा मंदिर के पीछे थाना कोतवाली के घर पहुंचकर स्थानीय पुलिस ने 82 सीआरपीसी के तहत कुर्की की नोटिस चस्पा कराई। एसआई विज्ञानकर के अगुवाई में पहुंची पुलिस टीम ने मोहल्ले में पहले डुगडुगी पिटवाई और वताया कि आकाश पाण्डेय लूट और एससीएसटी के अपराध के मामले में आरोपित अभियुक्त है। उसके खिलाफ एससीएसटी कोर्ट ने 82 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई किए जाने का आदेश दिया है। जिसके क्रम में यह नोटिस चस्पा कराई जा रही है। यदि अभियुक्त इसके वावजूद भी कोर्ट में खुद को सरेण्डर नहीं करता है तो कोर्ट से 83 सीआरपीसी के तहत आदेश प्राप्त कर कुर्की की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी ने की बैठक

शाहपुर (एसएनबी)। मोहर्रम के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर प्रार्थमिक विद्यालय शाहपुर द्वितीय विद्यालय परिसर में वेलघाट थाना अध्यक्ष गौरव कुमार कन्नौजिया की अध्यक्षता में पीस कमेटी की वैठक हुई। इसमें सभी को शांतिपूर्ण ढंग से मोहर्रम का त्योहार मनाने की अपील की गई। वैठक में थाना अध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा कि मोहर्रम का त्योहार भाईचारे का त्योहार है, इसे सभी लोग मिल जुलकर सौहार्द्रपूर्वक मनाएं।

उन्होंने कहा कि मोहर्रम के त्योहार को लेकर किसी भी प्रकार कोई भ्रामक तत्व फैलाए तो पुलिस को तत्काल सूचना दे पुलिस उसपर कठोर कारवाई करेगी। ताजियादार कमेटियों से थाना अध्यक्ष वेलघाट ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो आप लोग अभी वताए या कोई समस्या आती है तो तत्काल सूचना दे। इस मौके पर पीस कमेटी की वैठक में उप निरक्षक अजीत कुमार यादव, हेड कांस्टेवल व्रह्म देव पांडे, कांस्टेवल विपिन यादव, अजय यादव, संदीप मिश्रा,पूर्व प्रधान प्रतीनिधि भूपेंद्र प्रताप सिंह, मुन्ने खान, पवन कुमार वर्मा , दीपेंद्र पांडे, कामेश्वर चंद, राजीव कुमार गुप्ता, अलाउद्दीन शाह, गुलवहार शाह, मुराद अली, मतलूव अंसारी, रंजय पासवान, गिरीश कुंवर लाल, अहद खान, गुड्डू खान, आदि वड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नाबालिग से गैंगरेप के दो आरोपित गिरफ्तार

चिलुआताल (एसएनबी)। चिलुआताल पुलिस ने नाबालिग से हुए गैंगरेप में फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एसआई गुरु प्रसाद ने हमराही फोर्स के साथ दोनों को पकड़ा। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम रिंकू पुत्र मदन लाल निवासी बेनीगंज शिवमंदिर के पास थाना कोतवाली व सुदीप कन्नौजिया पुत्र दुर्गाप्रसाद निवासी अंधियारी बाग थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस ने आरोपितों को आईपीसी की धारा 363,366,376 डी भादवि व 5/6 पोक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया।

# अवैध शराब की तीन महिला कारोबारी गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। रामगढ़ताल थाना पुलिस ने अवैध शराब की तीन महिला कारोबारियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से 105 लीटर कच्ची शराब, नौसादर व यूरिया बरामद किया। पूछताछ में महिला कारोबारियो ने अपना नाम ऊषा पत्नी स्व प्रकाश निवासी रामपुर थाना रामगढ़ताल, संगीता उर्फ गुड्डी पत्नी जोगी निवासी ग्राम करमहा थाना पिपराइच व वन्दना निषाद पुत्री सन्तराज निवासी सेवंई बाजार थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर हाल पता रामपुर थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर बताया। कार्यवाहक थाना प्रभारी एसआई विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरोपितों को दर्ज मुकदमे की धाराओं में कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# मोबाइल लूट के आरोप में एक गिरफ्तार

खोराबार (एसएनबी)। खोराबार पुलिस ने मोबाइल लूट के मामले में आरोपित एक अभियुक्त को रामनगर कड़जहां से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना रमेश साहनी उर्फ चन्दू पुत्र सुभाष निवासी रामनगर कडजहाँ थाना खोराबार जनपद गोरखपुर बताया। एसआई पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित के कब्जे से लूट का मोबाइल भी बरामद किया गया है। आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# जानलेवा हमले का आरोपित गिरफ्तार

बड़हलगंज (एसएनबी)। बड़हलगंज पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे आरोपित उमेश यादव पुत्र चन्द्रशेखर यादव निवासी सत्यनारायण की मड़ई थाना बड़हलगंज को गिरफ्तार किया। एसआई कवींद्र नाथ सिंह ने बताया कि आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं में कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# गुमशुदा बालक को किया बरामद

गोरखपुर (एसएनबी)। राजघाट पुलिस ने सूचना मिलने के महज तीन घंटे के अंदर वीती रात एक गुमशुदा वालक को वरामद कर उसके मातापिता को सौंप दिया। वालक को पाकर दंपति ने पुलिस के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर की। हमारे टीपी नगर प्रतिनिधि के मुताविक राजघाट पुलिस को वीती रात सूचना मिली कि वसंतपुर क्षेत्र का रहने वाला 13 वर्षीय वालक रात 9 वजे घर से निकला था और तभी से लापता है। पुलिस ने इस मामले में धारा 363 के तहत केस दर्ज कर वच्चे की तलाश में शुरू कर दी। आपरेशन मुस्कान के तहत इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वच्चे की फोटो और उसका हुलिया सोशल चौकी प्रभारी वसन्तपुर आशीष तिवारी द्वारा गुमशुदा वालक की महज 3 घंटे में तलाश कर वरामदगी करते हुए परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा राजघाट पुलिस की भूरिभूरि प्रशंसा की गयी।

# पंचर बनाने वाले वृद्ध का शव बरामद

चवरिया (एसएनबी)। गगहा पुलिस ने संकट मोचन ढावा के समीप से 60 वर्षीय रोहतम दास निवासी जगन्नाथपुर थाना गगहा का शव बरामद किया। रोहतम दास चवरिया खुर्द में दुकान खोलकर साइकिल का पंचर बनाते थे। लोगों का कहना है कि रोहतम दास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए और उनकी मौत हो गयी। पुलिस शव को पीएम के लिए भेज दी। रोहतम के दो बेटे सुनील और अनिल हैं जो दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं।

# मारपीट कर 15 हजार लूटने का आरोप

गोरखपुर (एसएनबी)। शुक्रवार की रात रामगढ़ताल इलाके के नौका विहार के पास वदमाश एनजीओ के दो कर्मचारियों को मारपीट कर 15 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी एनजीओ संचालक को दी, जिसके वाद संचालक प्रियांशु यादव ने शनिवार को घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के वाद शाहपुर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी। इस दौरान लूट की सूचना मिलते ही एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने घटना की जांच के लिए रामगढ़ताल पुलिस को निर्देशित किया। श्री विश्नोई ने वताया कि जांच के दौरान यह पाया गया कि लूट की वजाए दो पक्षों में मारपीट का मामला है। पादरी बाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर थाना क्षेत्र के गीतावाटिका निवासी सिद्धार्थ और पीयूष शुक्रवार की शाम सात वजे रामगढ़ ताल क्षेत्र में कोचिंग की फीस और डोनेशन लेने गए थे। 15 हजार रूपये मिलने के वाद दोनों वाइक से आ रहे थे कि नौका विहार के पास घूमने चले गए। इसी वीच तीन चार की संख्या में वदमाशों ने एनजीओ के दोनों कर्मचारियों को मारपीट कर 15 हजार लूट लिया और फरार हो गए।

# बेतियाहाता में सीडीओ आवास के बाहर पढ़ी नमाज

गोरखपुर (एसएनबी)। सीडीओ संजय कुमार मीणा के आवास के बाहर बैठकर एक शख्स ने नमाज पढ़ी। राहगीरों ने इसका वीडियो बना लिया। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने नमाज पढ़ने वाले व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है।

कैंट इलाके के बेतियाहाता हनुमान मंदिर रोड पर कमिश्नर सहित अन्य अधिकारियों के सरकारी आवास हैं। शुक्रवार को सीडीओ संजय कुमार मीणा (आईएएस) के सरकारी आवास के गेट पर एक व्यक्ति अकेले बैठकर नमाज पढ़ रहा था। लोगों ने नमाज पढ़ने का विरोध किया और पूछा कि वह यहां नमाज क्यों पढ़ रहा था। इस पर उस व्यक्ति ने कहा कि, शहर के बाहर से यहां इलाज कराने आया हूं। जुमे की नमाज पढ़ने के लिए कोई मस्जिद नहीं मिली और न ही कोई ऐसी जगह दिखी। इसलिए वह यहां नमाज पढ़ने लगा। इस संबंध में सीडीओ संजय कुमार मीणा ने कहा कि होमगार्ड की तरफ से तहरीर दी जा रही है। यह पूछने पर कि घटना में होमगार्ड की भी लापरवाही प्रतीत होती है तो सीडीओ ने कहा कि जांच में लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी।

**नमाज पढ़ने का वीडियो तेजी से हो रहा वायरल**

वायरल वीडियो शुक्रवार जुमे के दिन का है। यूपी में सार्वजनिक स्थलों पर पूजा-पाठ और धार्मिक आयोजनों पर प्रतिबंध है। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। सीडीओ आवास के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से नमाज पढ़ने वाले व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी गयी है।

**कृष्ण कुमार विश्नोई,**
**एसपी सिटी**

# कैंट पुलिस के हत्थे चढ़े दो लुटेरे

गोरखपुर (एसएनबी)। कैंट पुलिस ने शनिवार को दो शातिर लुटेरों को जेजे वोर्ड आफिस के पास गिरफ्तार किया है। दोनों राहगीरों पर हमला कर उनसे मोवाइल और रुपए लूट लेते थे। पुलिस को इनकी काफी दिनों से तलाश थी। दोनों के खिलाफ शनिवार कैंट थाने में केस दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने वताया कि इंस्पेक्टर कैंट शशि भूषण राय अपने हमराही फोर्स के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें मुखविर से सूचना मिली कि दो शातिर लुटेरे किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस ने जेजे आफिस के पास घेरावंदी शुरू कर दी। तभी पुलिस को देख दो वदमाश भागने लगे। पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। दोनों पकड़े गए वदमाशों की पहचान दीपक साहनी निवासी धनवासी ग्राम डुहिया थाना खोरावार और दूसरे की राहुल साहनी निवासी ग्राम वनगाई, थाना गुलरिहा के रूप में हुई। एसपी सिटी ने वताया कि दोनों वदमाशों ने पूछताछ में वताया कि उन्होंने वीते 19 जून को कैंट क्षेत्र के छात्रसंघ चौराहे के पास मोवाइल और जेव में रखा 300 रुपए भी लूट लिया था। विरोध करने पर वदमाशों ने उसके सिर पर डंडे से हमला कर दिया। जिससे कि वह व्यक्ति घायल हो गया। इसके वाद वदमाश उसकी जेव में रखे 300 रुपए लूट कर फरार हो गए। गुडवर्क टीम में प्रभारी निरीक्षक कैंट के अतिरिक्त एसआई रवि कुमार राय, एसआई महेश कुमार चौवे, एसआई राजवंश सिंह, कांस्टेवल यशवन्त सिंह, राहुल कन्नौजिया व शरद यादव शामिल रहे।

**छात्रसंघ चौराहे पर एक व्यक्ति के सिर पर डंडा मारकर लूट लिया था मोबाइल और नकदी**

# एसएसपी ने मुक्तिपथ का जायजा लिया

बड़हलगंज (एसएनबी)। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने वड़हलगंज मुक्तिपथ का निरीक्षण कर सरयू तट पर जल भरने आ रहे कावरियों के हुजूम की स्थिति जानी। शनिवार की रात अचानक कोतवाली पहुंचे एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने जनसुनवाई कक्ष का निरीक्षण किया। इसके वाद महिला हेल्पडेस्क, आगंतुक रजिस्टर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर मातहतों को सभी कार्यलेख ठीक से पूरा करने व जनता से अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया। कोतवाली से कप्तान मुक्तिपथ पहुंचे। जहा व्यवस्थापक महेश उमर के साथ मुक्तिपथ परिसर व रामकवल शाही घाट पर होने वाली कावरियों की भीड़ के विषय मे जानकारी ली। श्री उमर ने वताया कि रविवार को देवरिया, रुद्रपुर, पिपराइच, सहजनवा, गोरखपुर आदि स्थानों से मुक्तिपथ पर जल भरने के लिए सैकड़ो की संख्या में कावरियों की भीड़ होती हैं। एसएसपी ने कोतवाल मधूपनाथ मिश्रा को घाट पर सुरक्षा व्यवस्था टाइट रखने का निर्देश दिया।

# दो अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। चौरीचौरा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रही चम्पा पासवान पत्नी सुरेन्द्र पासवान निवासी महुआवारी थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर उम्र करीव 45 वर्ष व उसकी नावालिग वेटी को गिरफ्तार किया। आरोपितों को दर्ज मुकदमे की धाराओं 323, 504, 506, 307 के तहत कोर्ट में पेश किया गया।

# डीएम-एसएसपी ने मंदिर सुरक्षा का लिया जायजा



गोरखनाथ थाने में नवनिर्मित भवन का निरीक्षण करते डीएम कृष्णा करूणेश व एसएसपी गौरव ग्रोवर। फोटो : एसएनबी

गोरखपुर (एसएनबी)। डीएम कृष्णा करुणेश और एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने शनिवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यहां मौजूद अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त दोनों अधिकारियों ने निर्माणाधीन गोरखनाथ थाने का भी निरीक्षण किया। भवन निर्माण में लग रही सामग्रियों की गुणवत्ता को देखा। मानक के अनुरुप और समयसीमा के अंदर कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने के लिए संबंधित संस्था, ठेकेदार और थानेदार को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मंदिर सुरक्षा, क्षेत्राधिकारी मंदिर सुरक्षा, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ, थानेदार एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 July):** अब जंगल में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या फिर पिकनिक स्पॉट के रूप में घूमने फिरने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की तरफ से सख्ती बढ़ाते हुए वन दरोगाओं की तैनाती कर दी है. साथ ही सेंसटिव एरिया में बैरिकेडिंग कर दी गई है. कुसम्ही जंगल में पिछले कई वर्षो से मनचलों का आंतक था, तो वहीं लव वर्ड्स भी जंगल में घूमने फिरने का प्लान बनाते हुए पिकनिक स्पॉट बना चुके थे, ऐसे में तमाम घटनाओं को देखते हुए फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने सख्ती बरती है. डीएफओ विकास यादव ने आदेश जारी कर सभी संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाते हुए वन कर्मियों की ड्यूटी 24 घंटे के लिए लगाई है.

## एंट्री प्वाइंट पर लगाया बोर्ड

डीएफओ विकास यादव ने बताया कि लगातार सूचना इस बात की मिल रही थी कि वन प्रभाग तिनकोनिया रेंज के कुसम्ही जंगल में लोग अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर अवैध गतिविधियों में पाए जाते हैं. ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए जंगल के एंट्री प्वाइंट पर ही बोर्ड लगाकर कार्रवाई की बात लिखी गई है. साथ ही प्रवेश निषेध है का बोर्ड लगा दिया गया है. ऐसे मार्ग जो कि वन टांगिया ग्रामों व अन्य विभागीय कार्यो के लिए उपयोगी नहीं है, उन्हें बंद कर दिया गया है. यह कार्रवाई क्षेत्रीय वन अधिकारी तिनकोनिया द्वारा तीन दिन के भीतर कराया जाएगा.

# एडीजी ने शुरू की चाय पर चर्चा चौकीदार से जाना क्षेत्र का हाल



चौकीदार संग चाय पीते एडीजी अखिल कुमार.

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (23 July): व्यापारियों के घर बैंड बजवाने वाली गोरखपुर पुलिस अब चौकीदारों के घर चाय पिएगी. ऐसा इसलिए किया जाएगा ताकि चौकीदारों पर पुलिस की पकड़ मजबूत हो सके और उन्हें इलाके की सभी सूचनाएं मिल सके. इसके लिए गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार ने जोन के सभी 11 जिलों के पुलिस कप्तानों को निर्देश जारी किया है. उन्होंने कहा है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में जितने भी चौकीदार हैं, उनके घर जाएं, उनके साथ चाय पिएं और उन्हें उनका सम्मान दिला कर वापस पुलिस व्यवस्था से जोड़ें.

## एडीजी ने की शुरुआत

एडीजी ने खुद इसकी शुरुआत गोरखपुर के हरसेवकपुर गांव से की है. इस गांव के चौकीदार अजय कुमार के घर एडीजी अखिल कुमार शनिवार की सुबह पहुंचे और उनका हाल जाना. एडीजी ने चौकीदार अजय को एक किट भेंट किया. जिसमें चौकीदार का साफा, वर्दी, और टार्च के साथ मिठाई भी थी. एडीजी ने चौकीदार अजय के परिवार के लोगों से भी बात की. साथ ही अजय कुमार से पुलिस व्यवस्था को और मजबूत करने की बात कही.

## चौकीदारों को सम्मान देगी पुलिस

चाय पर चर्चा करते हुए एडीजी ने अजय से उनके क्षेत्र के बारे में पूरी जानकारी ली. एडीजी ने अजय के बच्चों को भी दुलारा और उनसे उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली. साथ ही चौकीदार से कहा कि वह संबंधित बीट के आरक्षी और थाने के थानाध्यक्ष तक अपने क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी सूचनाओं को पहुंचाते रहें. इसके लिए पुलिस उन्हें उनके काम का सम्मान देगी. वहीं, अजय भी आज अपने घर एडीजी के आने के बाद काफी खुश नजर आए. उनका कहना है कि चौकीदार का काम उनके घर में कई पीढ़ियों से लोग करते आए हैं. वह भी बीएड होने के बावजूद इस परंपरा का निभा कर रहे हैं.

## पुलिस की सबसे मजबूत कड़ी हैं चौकीदार

अजय ने कहा कि आज पहली बार उनके घर पर जोन के सबसे बड़े अधिकारी आए. वह इससे काफी खुश हैं. वह अपने चौकीदार होने का दायित्व पुलिस के साथ मिलकर बखूबी आगे भी निभाते रहेंगे. वहीं, एडीजी अखिल कुमार ने कहा कि चौकीदार पुलिस व्यवस्था की बेहद मजबूत कड़ी होते हैं. इन्हें इनका सम्मान दिलाने के लिए उन्होंने इस पहल की शुरुआत की है.

# चौकीदार के घर चाय पर पहुंचे एडीजी, पूछा क्षेत्र का हाल

# पूरे दिन साइकिल से रेकी, फिर रात में हाथ साफ, 8 हुए अरेस्ट

सिटी में चोरी करने वाले चोर अरेस्ट, गैंग में चार बच्चे भी शामिल

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (23 July): गोरखपुर पुलिस ने शहर भर में चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है. यह गैंग के सदस्य पहले साइकिल से शहर भर में घरों और दुकानों की रेकी करते थे, और फिर रात में पूरे गैंग के साथ धावा बोलकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे. पिपराइच और शाहपुर पुलिस ने मिलकर इस गैंग के आठ लोगों को अरेस्ट कर लिया है. जिनमें चार बाल अपचारी भी शामिल हैं.

## 12 वारदातों का हुआ खुलासा

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नाई ने बताया कि पकड़े गए गैंग से शहर भर में करीब 12 चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है. यह गैंग जनपद के कई थाना क्षेत्रों में लूट और नकबजनी की घटना को अंजाम दिया था. पुलिस ने इनकी निशानदेही पर 15 जोड़ी पायल, छह जोड़ी बिछिया, एक जोड़ा झुमका, दो मंगलसूत्र, एक जोड़ी कान की बाली, डीजे मशीन, एंप्लीफायर, कटर मशीन और 50 हजार रुपए से अधिक कैश बरामद किया. बरामद सामान शाहपुर और कोतवाली इलाकों से गैंग ने चोरी किए थे.




पुलिस गिरफ्त में चोरों की गैंग.

## पूरी गैंग बोलती थी धावा

एसपी सिटी ने बताया कि इस गैंग का सरगना कामदेव सिंह इससे पहले हत्या तक की घटना को अंजाम दे चुका है. जिसमे वो जमानत पर बाहर था. यह गैंग पहले साइकिल से पूरे दिन घरों और दुकानों की रेकी करते थे. शाम तक जब यह पता चल जाता था कि घर में ताला बंद है और रात में कोई नहीं आएगा तो, फिर रात के अंधेरे में पूरा गैंग मिलकर अपने टारगेट पर धावा बोलकर वारदात को अंजाम देता था.

## गैंग में शामिल नाबालिग करते थे निगरानी

वहीं, इस गैंग में शामिल बाल अपचारी घटनास्थल के आसपास निगरानी करते थे कि कहीं पुलिस या कोई और तो नहीं आ रहा. किसी भी तरह का खतरा दिखते ही बाल अपचारी पूरे गैंग को सर्तक कर देते थे. कहीं अगर सकरी जगह होती थी, जहां किसी बड़े व्यक्ति का घुस पाना संभव न हो तो वहां यह बाल अपचारी आसानी से घुस जाते थे और चोरी करते थे.

**50** हजार रुपए से अधिक कैश बरामद किया. बरामद सामान शाहपुर और कोतवाली इलाकों से गैंग ने चोरी किए थे.

**12** चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है.

## गैंग के ये सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़े

- कामदेव सिंह, निवासी व्यासनगर वधिक टोला पादरी बाजार थाना शाहपुर, गोरखपुर
- सूरज पांडेय उर्फ कल्लू, निवासी अमीना नगर कॉलोनी, पादरी बाजार, थाना शाहपुर गोरखपुर.
- रवि कुमार, निवासी ग्राम हुलिया परतावल थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर. हाल पता मोहनापुर चौकीदार टोला थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर. विपिन कुमार व्यासमुनि निवासी परतावल थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर और चार बाल अपचारी शामिल हैं.

## वीडियो वायरल होने के बाद मचा हड़कम्प

# सीडीओ आवास के बाहर पढ़ी नमाज

**सोशल मीडिया से**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सार्वजनिक स्थान पर नमाज पढ़ने का गोरखपुर में भी एक मामला प्रकाश में आने के बाद हड़कम्प मचा है। एक व्यक्ति ने सीडीओ संजय मीणा के आवास के गेट के सामने नमाज अदा की। एक राहगीर ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

कैंट इलाके के बेतियाहाता हनुमान मंदिर रोड पर कमिश्नर सहित अन्य अधिकारियों के सरकारी आवास हैं। शुक्रवार को एक व्यक्ति सीडीओ संजय मीणा के सरकारी आवास के गेट पर बैठकर अकेला नमाज अदा कर रहा था। यह देख वहां से गुजर रहे कुछ राहगीर रुक गए और वीडियो बनाने लगे। राहगीरों ने पूछताछ की

> वायरल वीडियो जुमे के दिन का है। सीडीओ आवास के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से नमाज पढ़ने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पता चला है कि वह कुशीनगर का रहने वाला है और इलाज के लिए गोरखपुर आया था।
>
> – कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी सिटी

तो नमाज अदा करने वाला शख्स ने सिर्फ इतना ही कहा कि वह शहर के बाहर से इलाज कराने आया था। जुमे की नमाज के लिए उसे कोई मस्जिद नहीं मिली, न ही कोई ऐसी जगह दिखी। इसलिए यहां एकांत देख नमाज पढ़ने लगा। लोगों ने उससे माफी मंगवाई और फिर जाने दिया। उधर, गेट के सामने नमाज पढ़ने पर वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों पर भी कार्रवाई हो सकती है।



शनिवार को एसएसपी ने बड़हलगंज स्थित मुक्तिपथ का जायजा लिया। मुक्तिपथ के व्यवस्थापक महेश उमर से कांवड़ियों की भीड़ के बारे में जानकारी ली।

**थानाध्यक्ष ने किया समाजसेवी को सम्मानित:** ब्रह्मपुर। झंगहा थानाध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने नई बाजार चौराहे पर पहुंचे। फास्ट फूड विक्रेता सुरेंद्र की दुकान पर सीसीटीवी लगवाने पर माला पहनाकर सम्मानित किया।

# राह चलते लूटते थे मोबाइल और रुपए

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने शनिवार को दो शातिर लुटेरों को जेजे बोर्ड आफिस के पास गिरफ्तार किया है। दोनों राहगीरों पर हमला कर उनसे मोबाइल और रुपए लूट लेते थे। दोनों की पहचान दीपक साहनी निवासी धनवासी ग्राम डुधहयां थाना खोराबार और दूसरे की राहुल साहनी निवासी ग्राम बनगाई, थाना गुलरिहा के रूप में हुई। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

# हत्या के प्रयास में फरार मां-बेटी व बेटा गिरफ्तार

चौरीचौरा। पुलिस ने मारपीट व हत्या के प्रयास मामले में फरार चल रहे महुआबारी निवासिनी चम्पा देवी उनकी पुत्री खुशबू व बाल अपचारी उसके पुत्र को को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से दो को जेल तो वहीं बाल अपचारी को सुधार गृह भेज दिया गया।

# पुलिस ने पकड़ा मोबाइल लुटेरा

खोराबार। क्षेत्र से एक मोबाइल लुटेरे को पुलिस ने शुक्रवार को रामनगर कड़जहा के पास से गिरफ्तार कर उसके पास से लूट का एक मोबाइल बरामद कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसकी पहचान रमेश साहनी उर्फ चंदू उर्फ चंदर पुत्र सुभाष निवासी रामनगर कड़जहा के रूप में हुई।

# लापता बालक को पुलिस ने किया बरामद

गोरखपुर। राजघाट इलाके से शुक्रवार की रात नौ बजे लापता हुए बालक को पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत बरामद कर उसे उसके परिवारीजनों को सौंप दिया है। चौकी प्रभारी बसन्तपुर आशीष तिवारी ने बताया कि 13 वर्षीय बालक अपने घर से शुक्रवार की रात 9 बजे घर से निकला था और गायब हो गया। केस दर्ज कर चौकी प्रभारी आशीष तिवारी ने 3 घंटे में अंदर तलाश कर बालक को बरामदगी करते हुए परिवारीजनों को सौंप दिया।

# नाबालिग से रेप के दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने शनिवार कोक 363,366,376 डी भादवि व 5/6 पोक्सो एक्ट के केस में फरार चल रहे रिंकू पुत्र मदन लाल और सुदीप कन्नौजिया निवासी अंधियारी बाग थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर को डोमिनगढ रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। उसने बताया कि वह गिरफ्तारी के डर से अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था।

# शहर में चोरी करने वाले आठ शातिर गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शहर में चोरी करने वाले गैंग का पुलिस ने शनिवार को पर्दाफाश किया है। यह गैंग साइकिल से दिन में शहर भर में घूम कर घरों और दुकानों की रेकी करता, और फिर रात में पूरे गैंग के साथ धावा बोलकर चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पिपराइच और शाहपुर पुलिस ने मिलकर इस गैंग के 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें 4 बाल अपचारी भी शामिल हैं।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नाई ने बताया कि पकड़े गए गैंग से शहर भर में करीब 12 चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है। यह गैंग जनपद के कई थाना क्षेत्रों में लूट और नकबजनी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर 15 जोड़ी पायल, 6 जोड़ी बिछिया, एक जोड़ा झुमका, 2 मंगलसूत्र, एक जोड़ी कान की बाली, डीजे मशीन, एंपलीफायर, कटर मशीन और 50 हजार रुपये से अधिक कैश बरामद किया। बरामद सामान शाहपुर और कोतवाली इलाकों से गैंग ने चोरी किए थे।

# पत्नी को पीटा, गला दबाकर हत्या की कोशिश

**जासं, गोरखपुर** : शराब के नशे में घर पहुंचे युवक ने कहासुनी में पत्नी को पीट दिया। विरोध पर गला दबाकर हत्या की कोशिश की। शोर मचाने पर पहुंचे पड़ोसियों ने जान बचाई। शनिवार की सुबह गुलरिहा थाने पहुंची पीडित ने तहरीर दी।

महराजगंज निवासी धनुषधारी विश्वकर्मा से अनीता की शादी दो वर्ष पहले हुई थी। दोनों का एक वर्ष का बेटा है। गुलरिहा थाना पुलिस को दी तहरीर में अनीता ने लिखा है कि रात को शराब पीकर घर आने के बाद पति पीटता है। शुक्रवार की रात शराब पीकर घर आया और विवाद शुरू कर दिया। प्रतिकार करने पर पिटाई कर गला दबाकर कर मारने लगा। पड़ोसियों ने जान बचाई। शनिवार की सुबह अनीता अपनी मां के साथ गुलरिहा थाने पहुंची। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा थाना उमेश कुमार वाजपेई ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम व एसएसपी ने लिया गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा का जायजा

**जासं. गोरखपुर :** जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश व एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने शनिवार को गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा-व्यवस्था का निरीक्षण किया। एक घंटा तक दोनों अधिकारी मंदिर में मौजूद रहे। दोपहर में दो बजे गोरखनाथ मंदिर पहुंचे अधिकारियों ने परिसर में आने के सभी रास्तों पर लगी सुरक्षा-व्यवस्था को देखा। सीओ मंदिर सुरक्षा अशोक शुक्ल के साथ भ्रमण कर वाच-टावर, गेट पर लगे मोर्चा व मुख्य मंदिर पर होने वाली चेकिंग की जानकारी ली। कार्यालय में पहुंचकर परिसर में लगे सीसी कैमरे को देखा। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि चौकसी से ड्यूटी करें।

# सीडीओ आवास गेट पर पढ़ी नमाज, वीडियो वायरल

## बेतियाहाता की घटना, शनिवार की सुबह सामने आया वीडियो, कुशीनगर का बताया जा रहा नमाज पढ़ने वाला

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : बेतियाहाता स्थित मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के सरकारी आवास के गेट पर एक व्यक्ति के नमाज पढ़ने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। रास्ते से गुजर रहे एक व्यक्ति ने मोबाइल से वीडियो बनाने के साथ ही इस पर विरोध भी जताया है। शनिवार को मामला सामने आने पर हड़कंप मच गया। वायरल वीडियो व सीसी कैमरे की फुटेज की मदद से कैंट थाना पुलिस नमाज पढ़ने वाले व्यक्ति की तलाश कर रही है। पुलिस की छानबीन में पता चला है कि वह कुशीनगर जिले का रहने वाला है। बेतियाहाता स्थित नर्सिंग होम में उपचार कराने आया था।

बेतियाहाता में हनुमान मंदिर से सटे मंडलायुक्त, सीडीओ समेत कई प्रशासनिक अधिकारियों के सरकारी आवास हैं। पुलिस की पड़ताल में सामने आया है कि शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति सीडीओ संजय मीणा के सरकारी आवास के गेट पर नमाज पढ़ रहा था। रास्ते से गुजर रहे एक व्यक्ति ने मोबाइल से उसका वीडिया बना लिया। उसके नमाज पढ़ने के बाद वीडियो बनाने वाले व आसपास के लोगों ने विरोध किया तो वह कहने लगा कि गेट के पास ही साफ जगह थी। वह उपचार कराने के लिए शहर में आया है।

माफी मांगने पर स्थानीय लोगों ने उसे जाने दिया। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि गेट पर जब वह व्यक्ति नमाज पढ़ रहा था, उस समय सुरक्षा में तैनात होमगार्ड व पीआरडी जवान अंदर से देख रहे थे, लेकिन उन्होंने कुछ बोला नहीं। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि सरकारी आवास के सामने नमाज पढ़ने वाले की तलाश चल रही है। छानबीन में पता चला है कि वह अकेले ही उपचार कराने आया था। वीडियो बनाने वाले व्यक्ति से कैंट थाना पुलिस ने मामले की जानकारी ली है। सीडीओ आवास के गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों पर कार्रवाई के लिए होमगार्ड व पीआरडी के अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।



बेतियाहाता में स्थित मुख्य विकास अधिकारी के आवास गेट पर नमाज पढ़ता व्यक्ति ● सौ . इंटरनेट मीडिया

# दोहरे हत्याकांड के आरोपित का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त

**जासं, गोरखपुर :** अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गौतम ने दोहरे हत्याकांड के आरोपित झंगहा थाना क्षेत्र के जद्दूपुर निवासी विकास का जमानत प्रार्थना पत्र अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार मिश्र एवं राम प्रकाश सिंह का कहना था कि वादी रामायन यादव झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम जद्दूपुर का निवासी है। 28 नवम्बर 2021 को दिन में करीब 12.30 बजे वादी के लड़के विकास की साइकिल और मोटरसाइकिल की टक्कर के कारण गुलशन व अमरनाथ से वाद विवाद हो गया। इन लोगों के फायर करने व मारने से विशाल, रामकिशुन, दयाराम, इंदल, प्रियंका, चंद्रकली देवी व तप्पेलाल को गंभीर चोटें आईं। इन्हें मेडिकल कालेज भेजा गया। रास्ते में विशाल व रामकिशुन की मौत हो गई।

# मोबाइल लूटने का आरोपित गिरफ्तार

जासं. गोरखपुर : खोराबार थाना पुलिस ने मोबाइल लूटने के आरोपित युवक को शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया।दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक थाना खोराबार नरेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपित की पहचान रामनगर कड़जहां निवासी रमेश साहनी उर्फ चंदू के रूप में हुई। उसके कब्जे से लूट का मोबाइल फोन बरामद हुआ।

## हत्या की कोशिश के आरोपी मां-बेटे समेत तीन पकड़े गए

चौरीचौरा। पुलिस ने मारपीट व हत्या की कोशिश में वांछित एक नाबालिग व मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया। दो आरोपियों को जेल व एक को बाल सुधार गृह भेजा गया है। इलाके में बारिश का पानी निकालने के विवाद में मारपीट हुई थी। केस दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। ब्यूरो

# पत्नी का गला दबाकर हत्या की कोशिश

## गुलरिहा थाने में पत्नी ने दी तहरीर, पुलिस मामले की जांच में जुटी

अमर उजाला ब्यूरो

**गुलरिहा।** इलाके के महराजगंज गांव के भकटोलिया टोला निवासी अनीता (26) ने घरेलू विवाद में पति पर गला दबाकर हत्या की कोशिश का आरोप लगाया है।

शनिवार को थाने पहुंचीं अनीता ने पति धनुषधारी के खिलाफ तहरीर देकर आरोप लगाया कि शराब के नशे में वह आए दिन मारपीट करता है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पत्नी बोली, शराब के नशे में आए दिन करता है मारपीट

जानकारी के मुताबिक, महराजगंज गांव निवासी धनुषधारी विश्वकर्मा से अनीता की शादी दो वर्ष पहले हुई थी। दोनों का एक वर्ष का बच्चा है। अनीता ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि पति आए दिन शाम को शराब पीकर घर आता है और उनकी पिटाई करता है। इतना ही नहीं, बच्चे के लिए दूध तक खरीदने को रुपये नहीं देता।

अनीता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की रात, पति शराब पीकर घर आया और झगड़ा करने लगा। जब विरोध किया तो उनका गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। उनके गले में गंभीर चोटें आईं हैं। आसपास के लोग शोर सुनकर पहुंचे और उन्हें बचाया। गुलरिहा थाना प्रभारी उमेश कुमार वाजपेयी ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# युवक से मारपीट कर लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** कैंट इलाके के छात्रसंघ चौराहे पर 19 जुलाई की रात युवक से मारपीट कर मोबाइल फोन व नकदी लूटने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने लूट का विरोध करने पर लाठी-डंडे से पीटकर युवक को घायल कर दिया था।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान गुलरिहा के बनगाई निवासी राहुल साहनी व खोराबार के डुहियां निवासी दीपक साहनी के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि एक युवक रात साढ़े दस बजे बाइक से छात्रसंघ तिराहे रास्ते किसी काम से जा रहा था। उसे दो बाइक सवार युवकों ने रोक लिया और मोबाइल फोन छीनने लगे। विरोध किया तो डंडे से उस पर हमला कर जेब में रखे तीन सौ रुपये लूट लिए और फरार हो गए।



पकड़े गए लूट के आरोपी। संवाद

इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। सीसीटीवी कैमरे व सर्विलांस की मदद से दोनों आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना के समय दीपक बाइक चला रहा था और राहुल साहनी पीछे से बैठा था। आरोपियों के पास से लूटे गए तीन सौ रुपये व घटना में इस्तेमाल डंडे को बरामद कर लिया गया।

### मोबाइल फोन लूट का एक आरोपी पकड़ा गया

**खोराबार।** इलाके में मोबाइल फोन की लूट के एक आरोपी को शुक्रवार की रात रामनगर करजहां चौराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान करजहां निवासी रमेश साहनी उर्फ चंदू के रूप में हुई है। आरोपी के पास से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक, 9 फरवरी 2022 को क्षेत्र के माड़ापार गांव के पास माड़ापार निवासी श्रवण कुमार पासवान का मोबाइल फोन बदमाशों ने लूट लिया था। पुलिस लूट का केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच के दौरान रमेश का नाम सामने आया था। शुक्रवार की रात उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने इलाके में हुई एक और लूट की घटना स्वीकार की है। ब्यूरो

# खोराबार पुलिस पर फरियादी को पीटने का आरोप

खोराबार। थाने में फरियाद लेकर शनिवार को गए युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ित ने घटना की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर करके कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, छितौना निवासी राम सिंह ने बगल के गांव मिर्जापुर के रहने वाले एक शख्स से जमीन ली थी। इसके लिए रुपये दिए थे। इसी से जुड़ा विवाद लेकर वह थाने गए थे। हालांकि, इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस में आए शख्स के विवाद को सुलझाने की कोशिश की गई। आरोप गलत है। ब्यूरो

# हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर। अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गौतम ने झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम जद्दूपुर निवासी व हत्यारोपी विकास की जमानत अर्जी शनिवार को खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार मिश्र व रामप्रकाश सिंह का कहना था कि 28 नवंबर 2021 को दिन में करीब 12.30 बजे गुलशन, सुनील, विकास, शैलेश, पवन व सूरज ने हमला करके जद्दूपुर निवासी रमायन के परिजनों को मारापीटा था। फायर झोंका था। इस घटना में विशाल व रामकिशुन की मौत हो गई थी। इसी मामले में विकास की गिरफ्तारी हुई थी। ब्यूरो

# मारपीट के आरोपी को पुलिस ने जेल भिजवाया

बड़हलगंज। पुलिस ने मारपीट के आरोपी उमेश यादव को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। इंस्पेक्टर मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि इलाके के रामभवन यादव ने प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि 22 जुलाई को उमेश यादव, गोपाल यादव वगैरह ने विवाद कर हाथापाई की थी। थाने में सूचना देने आ रहे थे तो उनके चारपहिया वाहन को कॉलेज रोड स्टेट बैंक सामने प्रतिवादी गोपाल यादव, उमेश यादव, विशाल, अतुल यादव तथा उनके दो सहयोगियों ने रोक लिया और चाबी ले ली। उनसे मारपीट भी की गई। ब्यूरो

# अपहृत किशोरी मिली, आरोपी को जेल भेजा

**हरपुर बुदहट।** इलाके के एक गांव से दो दिन पहले लापता हुई किशोरी को पुलिस ने खोज लिया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक, बृहस्पतिवार को एक किशोरी गांव के ही युवक के साथ चली गई थी। पुलिस बहला-फुसला कर अपहरण की धारा में केस दर्ज कर तलाश में जुटी थी। शनिवार को पुलिस ने किशोरी को खोज लिया। ब्यूरो

# दिन में करते थे रेकी और रात में चोरी

## गिरोह का भंडाफोड़, आठ आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। दिन में साइकिल से दुकान, मकान की रेकी कर रात में चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ कर पुलिस ने 12 घटनाओं का पर्दाफाश किया है।

शाहपुर व पिपराइच पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपियों के पास से चोरी के गहने, सामान व 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में चार नाबालिग हैं, जिन्हें बाल सुधार गृह भेजा गया है। अन्य को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने जेल भिजवा दिया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान शाहपुर के पादरीबाजार निवासी कामदेव सिंह, सूरज पांडेय, चौकीदार टोला निवासी रवि कुमार, विपिन के रूप में हुई है। रवि कुमार और विपिन कुशीनगर के मूल निवासी हैं, यहां पर किराये पर रहते थे।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नाई ने बताया कि पकड़े गए गैंग से शहर भर में चोरी की 12 वारदातों का खुलासा हुआ है। इस गैंग ने जनपद के कई थाना क्षेत्रों में लूट और नकबजनी की घटना को अंजाम दिया था।

एसपी सिटी ने बताया कि बरामद सामान, शाहपुर और कोतवाली इलाकों से गैंग ने चोरी की थी। गैंग का सरगना कामदेव सिंह इससे पहले हत्या की वारदात को भी अंजाम दे चुका है। वह जमानत पर बाहर था।

**आरोपियों में चार नाबालिग भी**
**12 घटनाओं का पर्दाफाश**

### नाबालिग करते थे रेकी और निगरानी

एसपी सिटी के मुताबिक, पकड़े गए नाबालिग दिन में रेकी के अलावा चोरी के सामान की बाहर निगरानी करते थे, ताकि कोई अगर आए तो समय से अपने साथियों को सूचना दे दे और वह भागने में सफल रहें। कहीं अगर संकरी जगह होती थी, जहां किसी बड़े व्यक्ति का घुस पाना संभव न हो तो वहां यह बाल अपचारी आसानी से घुस जाते थे और चोरी करते थे।

# फरियादियों को थाने में ही मिले न्याय : एसएसपी

गोरखपुर। थाने में आने वाले सभी फरियादियों के प्रार्थना पत्र पर पुलिस तत्काल कार्रवाई करे, ताकि उन्हें परेशान ना होना पड़े। यह निर्देश एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पुलिसकर्मियों को दिया।

शनिवार को एसएसपी ने जिले के थाना बड़हलगंज और गगहा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वह बड़हलगंज स्थित मुक्तिपथ घाट भी पहुंचे। इस दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया। ब्यूरो

# सड़क पर रखी गिट्टी-बालू, दर्ज कराया केस

## राजघाट क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के निर्देश पर हुई दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** सड़क पर गिट्टी-बालू रखकर बेचने पर नगर निगम ने राजघाट क्षेत्र के दो दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। नगर आयुक्त अविनाश सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है।

शनिवार को नगर आयुक्त ने राजघाट क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने देखा कि नार्मल टैक्सी स्टैंड रोड पर कब्रिस्तान के पहले राहुल बिल्डिंग मैटेरियल एवं विजय बिल्डिंग मैटेरियल नाम की दो दुकानों से सड़क पर ही ईंट, बालू और गिट्टी रखकर बेची जा रही है। इससे आने-जाने वाले लोगों को दिक्कत हो रही थी।

जोनल अधिकारी जोन 2 एनडी पांडेय ने बताया कि इन दोनों दुकानों का कई बार चालान भी काटा गया है, फिर भी इनके द्वारा सड़क पर अवैध रूप से अतिक्रमण करके ईंट, बालू और गिट्टी आदि रखकर बेची जा रही है। इसके बाद नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारी को इन दोनों दुकानदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने को कहा।

क्षेत्र के संबंधित अवर अभियंता ने राजघाट थाने में इन दोनों दुकानदारों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसके अलावा राजघाट पर सिंचाई विभाग की ओर से कई जगह गिट्टी रखी हुई मिली। नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारी को निर्देश दिए कि सिंचाई विभाग से बात कर गिट्टी आदि हटवा दें, ताकि यहां आने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

निरीक्षण के समय हांसूपुर के पार्षद संजय श्रीवास्तव, जोनल अधिकारी एनडी पांडेय आदि मौजूद रहे।

### राजघाट पर पांच सफाईकर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश

**नगर** आयुक्त को निरीक्षण के दौरान राप्ती नदी के तट राजघाट पर काफी गंदगी मिली। इसके बाद उन्होंने जोनल सफाई निरीक्षक श्रवण सोनकर से कहा कि राजघाट पर पांच सफाईकर्मियों की तैनाती करें। सफाई कार्य का नियमित निगरानी करें। हर्बर्ट बंधे से राजघाट जाने वाली सड़क के बीच के डिवाइडर पर पौधे आदि लगवाने के लिए जोनल अधिकारी जोन 2 को निर्देश दिए।

DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2022

# पीस कमेटी की बैठक

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** शनिवार को स्थानीय कोतवाली में मोहर्रम त्योहार के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर एवं क्षेत्र के सभी सम्मानित व्यक्ति व ग्राम प्रधान उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए रुद्रपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने कहा कि मोहर्रम का त्योहार पूर्व की भांति भाईचारे के साथ मनाना चाहिये और लोगों को एक दूसरे का साथ देना चाहिये। मोहर्रम का त्योहार ताजिया पूर्व की भांति बनाये गये रास्ते से ही निकलेगा। कहीं भी कोई नया कार्य नहीं होगा, अगर इस तरह की कोई सूचना मिलती है, तो रुद्रपुर कोतवाली में कोई भी फोन करके बता सकता है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने त्योहार के मद्देनजर बात रखी। जिसमें नगर में साफ सफाई, पेय जल, पुलिस बल तैनात व विद्युत तार को ऊँचा कराये जाने की बात रखी।

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म मुकदमा दर्ज

**तरकुलवा(एसएनबी)।** एक युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले युवक के खिलाफ शनिवार को तरकुलवा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। इस मामले में स्वयं पीड़िता ने तहरीर देकर पुलिस से शिकायत की थी। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने तरकुलवा पुलिस को तहरीर देकर कहा कि थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला गोलू मद्धेशिया पुत्र राजू मद्धेशिया ने उसको शादी का झांसा देकर कई बार उससे शारीरिक संबंध बनाया। आरोप है कि जब उसने युवक से शादी करने के लिए कहा तो उसने इनकार कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। तरकुलवा पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी गोलू मद्धेशिया के खिलाफ धारा 363 व 376 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि. 24-7-22

# सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत पर एसडीएम ने राजस्वकर्मियों को लगायी फटकार

**बरहज/मईल (एसएनबी)।** प्रदेश में दूसरी बार भाजपा की सरकार बनने के बाद भी भू माफियाओं द्वारा सरकारी जमीन पर किये गये कब्जे को प्रशासन द्वारा आज तक मुक्त नहीं कराया जा सका है। सरकार जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रही है फिर भी तहसील क्षेत्र में भू माफियाओं का कब्जा बरकरार है। शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन बरहज एवं मईल मे आयोजित हुआ। मईल मे उपजिलाधिकारी डा. गजेन्द्र सिंह व क्षेत्राधिकारी ने फरियाद सुनी। समाधान दिवस पर फरियादियों की भीड़ लगी रही। मईलौटा गांव के करीब 50 काश्तकारों ने थाना दिवस पहुंच अधिकारियों से शिकायत किया कि काश्तकारी की जमीन गाटा संख्या 83 पर भू माफियाओं ने कई वर्षो से कब्जा कर जोत बो रहे है। उसके साथ ही बंजर भूमि व गोचर की भूमि पर भी कब्जा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम श्री सिंह ने क्षेत्र के कानून गो व लेखपाल को बुलाकर तत्काल जानकारी ली। एक सप्ताह के अन्दर नक्शा काटकर सभी को हक दिलाने का निर्देश दिया। बगही गांव निवासी मुकेश ने शिकायत किया कि आवासीय इलाके में मईल के नाम से आवंटित अंग्रेजी शराब की दुकान को बगही मे एक दिन पूर्व खोला गया है। उसे तत्काल हटवाने की मांग की। समाधान दिवस पर कुल 19 मामलों में 7 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। 12 मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया।

बरहज मे समाधान दिवस पर तहसीलदार अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। यहां कुल 13 शिकायती पत्रों में 7 मामलों का निस्तारण किया गया शेष 6 मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठित की गयी। एसएचओ जयशंकर मिश्र ने बताया कि पिछले समाधान दिवस पर आये 13 मामलों का निस्तारण कर दिया गया है। भलुअनी थाने पर नायब तहसीलदार जितेन्द्र सिंह की उपस्थिति मे कुल 9 मामलों में कुल 3 मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसओ सुवाष चन्द्र पाण्डेय, मुकेश मिश्रा, एसआई शैलेन्द्र कुमार, ज्ञान सिंह पटेल, ऋषिकेश, अमरनाथ, कृष्णमुरारी, अरविन्द प्रसाद, रामानुज यादव आदि उपस्थित रहे।



समाधान दिवस पर फटकार लगाते उपजिलाधिकारी।

दम तोड़ दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि. 24-7-22

# दो के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

**तरकुलवा(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सोन्हुला रामनगर के एक व्यक्ति को मारने पीटने, हाथ तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस दो लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना क्षेत्र के सोन्हुला रामनगर गांव के रहने वाले गोरख पुत्र बनारसी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि जब वह बीते मंगलवार को खेत देखकर लौट रहा था उसी समय गांव के विकास और संदीप ने उन्हें घेर कर मारने, पीटने, हाथ तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने लगे। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 323 324, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# चोरी की कई घटनाओं में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया(एसएनबी)**। रामपुर कारखाना पुलिस ने चोरी की कई घटनाओं में वांछित चल रहे एक शातिर चोर को शनिवार को पटनवा पुल के पास से गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थाना रामपुर कारखाना के थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मु.अ.सं. 82/2022 धारा 379/411/414 भादवि, मु.अ.सं. 34/2022 धारा 379 भादवि, मु.अ.सं. 53/2022 धारा 379 भादवि, मु.अ.सं. 63/2022 धारा 379 भादवि, मु.अ.सं. 64/2022 धारा 379 भादवि, मु.अ.सं. 72/2022 धारा 379 भादवि में वांछित चल रहे अभियुक्त राहुल यादव पुत्र गणेश यादव निवासी जौरा बाजार थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर को शनिवार को पटनवा पुल से गिरफ्तार किया गया।

राष्ट्रीय सहारा दि० 24-7-22

# जिला कारागार के बैरकों में डीएम,एसपी ने की सघन चेकिंग

**देवरिया(एसएनबी)**। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रत्येक बैरक की सघन तलाशी ली गई। निरीक्षण में कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। प्रातः जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक अचानक जिला कारागार पहुंचे और जेल परिसर में स्थित विभिन्न बैरकों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने जेल मैन्युअल के मुताबिक मिल रही सुविधाओं के संबन्ध में जानकारी प्राप्त की। पेयजल व स्वच्छता व्यवस्था पर सन्तोष जताया। डीएम ने जेल परिसर में स्थित अस्पताल का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता एवं ओपीडी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल अधीक्षक भोलानाथ मिश्रा को कारागार में विभिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्यो के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पाकशाला का भी निरीक्षण किया और कैदियों को निर्धारित मानक के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान किसी भी कैदी ने जिलाधिकारी से कोई भी समस्या नहीं बताई। इस दौरान एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नागेंद्र कुमार सिंह, सीओ श्रीयश त्रिपाठी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।



राष्ट्रीय सहारा दि०-24-7-22

# समाधान दिवस पर उमड़ी फरियादियों की भीड़

देवरिया(एसएनबी)। शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें फरियादियों की भीड़ उमड़ी।

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने थाना खुखुन्दू में समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इस क्रम में थाना खुखुन्दू पर कुल 18 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जहां 7 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों में मौके पर राजस्व व पुलिस टीम को रवाना किया गया।



फरियादियों की समस्याओं को सुनते डीएम व एसपी।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर व क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी ने थाना कोतवाली में लोगों की शिकायत सुनते हुए प्राप्त 33 शिकायती प्रार्थना पत्रों में मौके पर 7 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस टीम को निर्देशित किया। क्षेत्राधिकारी सलेमपुर देवानन्द ने थाना लार पर लोगों की समस्याओं को सुना जहां पर 4 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 2 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया। क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत ने थाना मदनपुर पर लोगों की समस्याओं को सुना जहां पर कुल 7 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिन्हें मौके पर 3 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया। क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी प्रेमनारायण तिवारी ने थाना बनकटा पर लोगों की समस्याओं को सुना जहां पर कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें 2 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस टीम को रवाना किया गया। क्षेत्राधिकारी बरहज पंचम लाल ने थाना मईल पर लोगों की समस्याओं को सुना जहां पर कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें 8 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस टीम को रवाना किया गया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने समाधान दिवस पर थाना महुआडीह पर भी पहुंचकर फरियादियों को सुना। जहां पर कुल 8 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 2 को मौके पर निस्तारण हुआ।

हिन्दुस्तान दि० 24-7-22

# कुशीनगर के शातिर बाइक लिफ्टर को पुलिस ने दबोचा

रामपुर कारखाना। कुशीनगर के एक शातिर बाइक लिफ्टर को पुलिस ने दबोच लिया। लिफ्टर के खिलाफ रामपुर कारखाना थाने में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। शुक्रवार को रामपुर कारखाना थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी पुलिसकर्मियों के साथ देवरिया कसया मार्ग स्थित पटनवापुल पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने एक युवक को हिरासत में ले लिया। पहचान राहुल यादव पुत्र गणेश यादव निवासी जौरा बाजार थाना पटहेरवा जिला कुशीनगर के रूप में हुई।

हिन्दुस्तान दि०-24-7-22

# डीएम व एसपी ने शिकायत सुनकर किया निस्तारण

देवरिया,निज संवाददाता। जिले के सभी थानों में चौथे शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पीड़ितों की शिकायतों का समाधान हुआ। डीएम और एसपी ने मईल खुखुन्दू थाने में पहुंच कर फरियादियों की शिकायत सुनकर उनके समस्याओं का निस्तारण कराया। वहीं एसपी ने महुआडीह थाने पर पहुंच कर भी शिकायतों को सुना।

जिले के 20 थानों में शनिवार को समाधान दिवस पर थानेदारों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर सुनवाई की। जिले में लगभग सवा सौ से अधिक मामले आए। जिसमें से कुछ का निस्तारण किया गया। वहीं शेष मामलों को टीम बनाकर निस्तारण के लिए सौंप दिया गया। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा खुखुन्दू थाने पहुंचे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया।

हिन्दुस्तान दि०-24-7-22

# शांतिभंग में एक का हुआ चालान

खुखुन्दू। भूमि विवाद को लेकर पुलिस ने एक व्यक्ति का शांतिभंग में चालान किया है। थाना क्षेत्र के भलुअनी दूबे गांव में शनिवार को दो पक्षों में भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष से दुर्गेश दूबे का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# शराब बरामद, युवक गिरफ्तार

लार। मेहरौना चेक पोस्ट पर चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह पुलिस टीम के साथ वाहनों की जांच कर रहे थे। एक युवक झोला में देशी शराब साइकिल से लेकर बिहार की तरफ आता दिखाई दिया। वाहनों की जांच कर रहे जवानों ने उसे रोक तलाशी ली तो उसके पास से 25 शीशी देशी शराब बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम संजय पुत्र राम नरेश निवासी मेहरौना थाना लार बताया।

हिन्दुस्तान दि० 24-7-22

# डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

- जिला कारागार की बैरकों की हुई सघन चेकिंग
- भारी पुलिस बल के साथ सुबह पहुंचे थे अधिकारी

देवरिया, निज संवाददाता। डीएम और एसपी ने शनिवार की सुबह में जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों के जेल में पहुंचते ही हड़कंप मच गया। अधिकारियों के साथ पुलिस कर्मियों ने बैरकों की तलाशी ली। एक घंटे तक जेल का निरीक्षण करने के बाद अधिकारी वापस लौट।

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा भारी पुलिस बल के साथ शनिवार की सुबह 10 बजे जिला कारागार पहुंचे। अधिकारियों के साथ लगभग दो सौ महिला और पुरुष पुलिस कर्मी मौजूद थे। अधिकारियों के पहुंचते ही जेल में हड़कंप मच गया। जेल में कुछ बंदी बैरकों में आराम कर रहे थे, वही कुछ काम कर रहे थे। जेल के अधिकारियों ने गेट खुलवाया। इसके बाद डीएम और एसपी पुलिस बल के साथ बैरकों में पहुंचे। पुलिस बैरक में आराम कर रहे एक - एक बंदियों की तलाशी लिया। उन्होंने पाकशाला का भी निरीक्षण किया और कैदियों को निर्धारित मानक के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जेल के अस्पताल में बंद बंदियों के इलाज के बारे में चिकित्सकों से जानकारी ली। जेल में अपनी मां के साथ बंद बच्चों का विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीएम ने जेल अधीक्षक को कारागार में विभिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्यो के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बंदियों से उनकी समस्या के बारे में पूछा, लेकिन किसी ने कोई समस्या नहीं बताई। इस दौरान एडीएम एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नागेंद्र कुमार सिंह आदि अधिकार मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि० - २५-७-२२

# दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

पथरदेवा। शादी का झांसा देकर युवती के साथ संबंध बनाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती का आरोप है कि उसके ही गांव का एक युवक काफी दिनों से शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाता रहा। काफी दबाव के बाद युवक ने शादी करने की बात कहकर युवती को वाराणसी भगा ले गया। कुछ दिनों तक साथ रखने के बाद युवक उसे छोड़कर भाग गया। किसी तरह से युवती अपने घर पहुंची। युवती ने युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मामले में पुलिस ने आरोपित गोलू मद्धेशिया पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

दैनिक जागरण दि०-24-7-22

# गुणवत्ता के साथ करें शिकायतों का निस्तारण

- डीएम व एसपी ने खुखुंदू थाने में आयोजित समाधान दिवस में सुनी फरियाद
- जनपद के समस्त थानों पर आयोजित किया गया समाधान दिवस

जासं, देवरिया: जनपद के सभी थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने खुखुंदू थाने में फरियाद सुनी। उन्होंने समस्याओं को गुणवत्ता के साथ त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया।

खुखुंदू संवाददाता के अनुसार, कुल 18 मामले आए, जिसमें सात का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस टीम को रवाना किया। इस मौके पर एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज मौजूद रहे।

एसपी ने थाना महुआडीह में भी फरियाद सुनी। कुल आठ मामलों में दो का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर कोतवाली में एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह, एएसपी डा.राजेश सोनकर व क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी ने लोगों की शिकायत सुनी। कुल 33 मामले आए, जिसमें मौके पर सात का निस्तारण किया गया। लार संवाददाता के अनुसार, सीओ सलेमपुर देव आनंद ने लार थाने में फरियाद सुनी। मईल संवाददाता के अनुसार, समाधान दिवस में एसडीएम बरहज गजेंद्र कुमार व क्षेत्राधिकारी बरहज पंचमलाल ने लोगों की समस्याओं को सुना। कुल 19 मामलों में आठ का मौके पर निस्तारण किया गया। बगही गांव के मुकेश कुशवाहा ने स्कूल के पास अंग्रेजी शराब की दुकान खोलने की शिकायत की। रुद्रपुर संवाददाता के अनुसार, एकौना थाना में सीआरओ अमृत लाल बिंद की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में चार मामले आए। मदनपुर में एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय व क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत ने समस्याओं को सुना। कुल सात मामले आए। रुद्रपुर कोतवाली में तहसीलदार अभयराज व कोतवाल राजू सिंह ने फरियाद सुनी। कुल चार में एक मामले का निस्तारण हो सका। भाटपाररानी संवाददाता के अनुसार, तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा व थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने फरियाद सुनी। कुल तीन मामले आए। खामपार में कुल 18 मामलों में चार का निस्तारण किया गया। बनकटा थाने में एसडीएम अरुण वर्मा व सीओ पीएन तिवारी, थानाध्यक्ष दिलीप सिंह की मौजूदगी में 13 मामले आए।

दैनिक जागरण दि0-24-7-24

# खेत से लौट रहे व्यक्ति की पिटाई, मुकदमा

जासं, तरकुलवा : सोनहुला रामनगर के रहने वाले गोरख राजभर पुत्र बनारसी खेत से लौट रहे थे ।तभी रास्ते में घेरकर गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।जिससे उनका हाथ टूट गया। आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित विकास रावत, संदीप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

SCAN FOR ADDRESS

दैनिक जागरण दि०-24-7-22

# शारीरिक शोषण करने वाला आरोपित युवक गिरफ्तार

पथरदेवा : दो वर्ष से युवती का शारीरिक शोषण करने वाले युवक को तरकुलवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के एक गांव की युवती का आरोप है कि उनके गांव का युवक शादी का झांसा देकर दो वर्ष से शारीरिक शोषण करता रहा। मंदिर में शादी रचाने के बाद साथ रखने को तैयार नहीं है। वह तीन दिन से पथरदेवा पुलिस चौकी का चक्कर लगा रही थी। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 24-7-22

# आठ माह से फरार आरोपित गिरफ्तार

जासं, रामपुर कारखाना : कुशीनगर जनपद के पटहेरवा थाना क्षेत्र के रहने वाले आठ माह से चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपित को रामपुर कारखाना पुलिस ने शनिवार को पटनवा पुल के निकट से गिरफ्तार कर लिया। जौरा बाजार गांव के रहने वाले राहुल यादव पुत्र गणेश यादव के विरुद्ध रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र में चोरी करने के मामले में पुलिस ने आधा दर्जन मामलों में मुकदमा दर्ज किया है। जो आठ माह से फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा पटनवा पुल से गिरफ्तार कर लिया गया।

दैनिक जागरण दि0-24-7-22

## शराब बरामद, युवक गिरफ्तार

जासं, लार : यूपी से बिहार शराब ले जा रहे एक युवक को पुलिस ने शनिवार की शाम मेहरौना बार्डर पर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास झोले में 25 शीशी देसी शराब बरामद हुई।गिरफ्तार युवक की पहचान संजय पुत्र राम नरेश निवासी मेहरौना थाना लार देवरिया के रूप में हुई। चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह ने कहा कि साइकिल से झोला में 25 शीशी शराब लेकर बिहार जा रहा था।

दैनिक जागरण दि० 25-7-22

# जेल के बैरकों की हुई तलाशी

## डीएम व एसपी ने कराई जांच, नहीं मिला आपत्तिजनक वस्तु

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** एक सप्ताह पूर्व बलिया जिला कारागार में बवाल को देखते हुए शनिवार को डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने सुबह करीब दस बजे जिला कारागार में छापेमारी की। अधिकारियों की देखरेख में प्रत्येक बैरक की तलाशी ली गई। किसी भी बैरक में कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। व्यवस्था चाकचौबंद मिली। इस दौरान जिला कारागार में खलबली मची रही।



जिला कारागार में छापेमारी के बाद बाहर आते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह (मध्य में), एसपी संकल्प शर्मा (बाएं) • जागरण

डीएम व एसपी जिला कारागार में 45 मिनट तक 19 बैरकों में करीब में 17 बैरकों की तलाशी कराई। महिला बंदियों के बैरक की तरफ नहीं गए। तलाशी में कोई संदिग्ध वस्तुएं नहीं मिली है। एक जगह नाली में पान मसाला खाकर किसी ने थूका था तो जेल अधीक्षक से सवाल किया। आखिर पान मसाला किसने खाया है। जेल अधीक्षक ने अपनी सफाई देते हुए कहा कि आते समय किसी बंदी ने थूक दिखा होगा। उन्होंने इसके लिए सख्त हिदायत दी। साथ ही जेल मैन्युअल के मुताबिक मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पेयजल व साफ-सफाई व्यवस्था को भी देखा। कारागार परिसर में स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया।

- पाकशाला व अस्पताल का लिया जायजा, मची रही खलबली
- जिला कारागार परिसर स्थित अस्पताल का किया निरीक्षण

दवाओं की उपलब्धता एवं ओपीडी के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल अधीक्षक भोलानाथ मिश्र को कारागार में रचनात्मक कार्यों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पाकशाला का हाल जाना व कैदियों को निर्धारित मानक के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएम ने कैदियों से उनकी समस्याएं पूछा लेकिन किसी भी कैदी ने कोई समस्या नहीं बताई। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह, सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**बलिया में बवाल को देखते हुए कारागार प्रशासन अलर्ट :** एक सप्ताह पूर्व बलिया जिला कारागार में बवाल को देखते हुए जिला कारागार प्रशासन अलर्ट हो गया है।

बंदियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। प्रतिबंधित वस्तुओं व मोबाइल के प्रयोग पर नजर है।

अमर उजाला दि० 25-7-22

# कुशीनगर का बाइक लिफ्टर गिरफ्तार

रामपुर कारखाना। कुशीनगर का एक बाइक लिफ्टर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ स्थानीय थाने में छह मुकदमे दर्ज हैं।

रामपुर कारखाना थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी पुलिसकर्मियों के साथ देवरिया-कसया मार्ग स्थित पटनवापुल पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक युवक को हिरासत में ले लिया।

उसकी पहचान राहुल यादव निवासी जौरा बाजार थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर के रूप में हुई। वह रामपुर कारखाना थाने से वांछित चल रहा था। उस पर महज सात महीने में चोरी के छह मुकदमे दर्ज हुए हैं। संवाद

अमर उजाला दि॰ 24-7-22

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा

## तरकुला थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला

**देवरिया।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले युवक के खिलाफ शनिवार को तरकुलवा पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया।

तरकुलवा थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि थानाक्षेत्र के एक गांव के रहने वाले गोलू मद्धेशिया ने उसको शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया।

आरोप है कि जब उसने युवक से शादी करने के लिए कहा तो उसने इनकार कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा।

तरकुलवा पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी गोलू मद्धेशिया के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है।

अमर उजाला दि० २५-७-२२

# जेल के निरीक्षण में डीएम एसपी को सब चकाचक मिला



डीएम और एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## डीएम और एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शनिवार को कारागार का निरीक्षण किया। प्रत्येक बैरक की सघन तलाशी ली गई। इस दौरान कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक अचानक जिला कारागार पहुंचे। जेल परिसर स्थित विभिन्न बैरकों का निरीक्षण करने के बाद जेल में मिलने वाली कैदियों और बंदियों की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

जेल के अस्पताल का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता एवं ओपीडी के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने जेल अधीक्षक भोलानाथ मिश्रा को कारागार में विभिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्यों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पाकशाला का भी निरीक्षण किया और कैदियों को निर्धारित मानक के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नागेंद्र कुमार सिंह, सीओ श्रीयश त्रिपाठी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 24-07-2022

# लापता किशोर 12 घंटे के अंदर मिला

हाटा। शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव भिस्वा घोरटप थाना हाटा कुशीनगर से 17 वर्षीय धनवंत चौहान पुत्र विजय चौहान घर से सुबह गायब हो गया।

मां इंद्रावती देवी ने इस घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिला की एक लड़का चौरीचौरा थाने के तरकुलहा देवी मां स्थान के पास स्थित एक होटल के पास घूम रहा है। सूचना पर कोतवाल रणजीत सिंह भदौरिया मय टीम मौके पर पहुंच बालक का नाम पता पूछ उसे वापस लाकर उसके मां को सौंप दिया।

# पशु तस्कर को पुलिस ने दबोचा

पडरौना। अपराध एवं अपराधरियों के विरुद्ध चल रहे अभियान में पडरौना कोतवाली पुलिस टीम ने चेकिंग में ग्राम सिंघापट्टी प्राइमरी पाठशाला के पास पिकअप से जा रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से कट्टा-कारतूस बरामद हुआ।उसकी पहचान समीर पुत्र अमीन, भुलिया अगरवा, तरयासुजान के रूप में हुई।

पकड़े गये तस्कर पर गोरखपुर के थाना चिलुआताल से भी वांछित था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल राज प्रकाश सिंह, एसआई वेद प्रकाश सिंह, रामचन्द्र, हे.कां. सुनील कुमार सिंह, उपेन्द्र सिंह एवं कां. ज्ञान प्रकाश सूर्यवंशी शामिल रहे।

# धर्मांतरण में केस दर्ज, चार गए जेल

खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद। खड्डा थाना क्षेत्र के बहेलिया गांव में धर्मांतरण कराने के मामले में पकड़े गये आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शनिवार को पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया।

खड्डा थाना क्षेत्र के बहेलिया निवासी अयोध्या के घर पर शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित हो रहा था। इसमें बिहार से आये लोग वहां मौजूद पुरुष महिलाओं को धर्म परिवर्तन कराने हेतु धार्मिक पाठ पढाने लगे। इसकी भनक लगते ही हिन्दू संगठन से जुड़े लोग मौके पर पहुंच गये और इसका विरोध करने लगे। इस पर वहां मौजूद लोग उनके साथ हाथापाई पर उतारू हो गये। उन्होंने इसकी सूचना एसओ दुर्गेश कुमार सिंह को दी। एसओ ने एसआई मनोज द्विवेदी, पंकज सिंह, सिपाही राहुल पाण्डेय, श्रीनिवास यादव को मौके पर भेजा। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच धार्मिक पुस्तक के साथ थाना क्षेत्र के बहेलिया निवासी कंचन प्रसाद, पश्चिमी चम्पारण बिहार के थाना बगहा के अमलिया सिंघाडी निवासी नत्थूराम, शिवमुनि राम तथा बिहार के ही खैरपोखरा निवासी राजकुमार भारती को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्जकर सभी को जेल भेज दिया।



धर्मांतरण मामले में गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजती पुलिस।

# दो वारंटी गिरफ्तार

अहिरौली बाजार। पुलिस ने रविवार को अलग-अलग मामलों में दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक आरोपी पर हत्या के प्रयास और दूसरें आरोपी पर दुष्कर्म का मामला दर्ज है।

# शादी का झांसा दे किशोरी का शोषण, मुकदमा दर्ज

- खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला
- पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पर केस दर्ज

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी ने दूसरे गांव के एक युवक पर शादी का झांसा देकर एक साल तक उसे साथ रखकर शारीरिक शोषण करने के बाद उसे छोड़ देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इसकी तहरीर थाने में देकर कार्रवाई की मांग की है। जिस पर पुलिस आरोपी के विरुद्ध अपहरण समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी युवक की खोजबीन में जुट गयी है।

खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि वह कक्षा 9 की छात्रा है। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसा लिया और एक दिन मौका देख उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। एक साल तक उसे साथ रखकर शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब उसने उस पर शादी का दबाव बनाया तो युवक मारपीट कर उसे भगा दिया।

पीड़िता ने युवक पर दुष्कर्म व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। जिस पुलिस आरोपी युवक के विरुद्ध अपहरण समेत अन्य धाराओं में केस दर्जकर आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई है।

## जटहा में डीएम व एसपी ने सुनीं समस्याएं

# 14 शिकायतों में से चार ही निपटे



जटहा बाजार थाना में समाधान दिवस के अवसर पर फरियाद सुनते डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल । ● हिन्दुस्तान

**कुशीनगर/विशुनपुरा, हि टी।** जटहा बाजार में शनिवार को आयोजित थाना दिवस में डीएम और एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। मामले के निस्तारण में लापरवाही पाये जाने पर कंठीछपरा के लेखपाल रविंद्र श्रीवास्तव पर आरोप पत्र जारी करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार एसपी धवल जायसवाल ने पड़रही गांव से एक आईजीआरएस के मामले में एसओ जटहा बाजार को फटकार लगायी।

डीएम व एसपी ने कुल 14 फरियादियों की समस्याएं सुनीं, जिनमें से चार मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। एडीएम, एएसपी ने रामकोला तो सभी सर्किल के सीओ ने क्षेत्र के एक-एक थाने पर फरियादियों की समस्याएं निपटायीं। शनिवार को जिले के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम, एसपी के अलावा एडीएम देवीदयाल वर्मा के साथ एएसपी रितेश कुमार सिंह ने रामकोला थाने में समस्याएं सुनीं।

# हाटा में 23 मामलों में से एक निस्तारित

**हाटा।** स्थानीय कोतवाली परिसर में एसडीएम वरुण कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 23 मामले आए जहां मौके पर एक मामले का निस्तारण किया गया। शेष मामलों के समाधान के लिए संयुक्त टीमें भेजी गयी। इस दौरान कोतवाल रणजीत सिंह भदौरिया, नगर चौकी इंचार्ज वीरेंद्र सिंह यादव, प्रदीप गुप्ता, अजय सिंह, अजय प्रताप राव, विजय कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

# आरोपी की गिरफ्तारी पर व्यापारियों की बंदी वापस

## गोलीकांड

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा थाना क्षेत्र के अहिरौली नौका टोला बंधे के पास रुपये के लेनदेन को लेकर खड्डा के स्वर्ण व्यवसायी को गोली मारने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के बरवारतनपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद खड्डा के व्यापारियों ने दुकान बन्द रख विरोध जताने का निर्णय वापस ले लिया। व्यापारियों ने आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम को माला पहनाकर स्वागत किया।

खड्डा नगर पंचायत के स्वर्ण व्यवसायी कन्हैया लाल वर्मा को पैसे की लेनदेन में 14 जुलाई को थाना क्षेत्र के अहिरौली नौका टोला बंधे पर धनंजय तिवारी नामक युवक ने तमंचा से उस पर गोली चला दी थी। जहां बाएं हाथ में गोली लगने से सरार्फा व्यवसायी कन्हैयालाल वर्मा घायल हो गये थे। उनका उपचार गोरखपुर मेडिकल में चला। एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी वह पकड़ा नहीं गया तो युवा व्यापार मण्डल कुशीनगर जिलाध्यक्ष सन्तोष जायसवाल, दुर्गेश्वर वर्मा, व्यापार मण्डल अध्यक्ष रामअवध मद्धेशिया, मनोज जायसवाल, दीनानाथ मद्धेशिया, राकेश मद्वेशिया, राजेश गुप्ता, अभिमन्यु मद्धेशिया, प्रिंस मद्धेशिया, धीरज सिंह, दिलीप वर्मा, ईश्वर वर्मा, विनय वर्मा सहित आदि व्यापारियो नें शनिवार से अपनी दुकान अनिश्चितकाल के लिए बन्द रखने का एलान कर दिया।

इससे पुलिस के कान खड़े हो गये। शुक्रवार की रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि सरार्फा व्यापारी पर गोली चलाने वाला आरोपी क्षेत्र के बरवारतनपुर तिराहे पर कहीं जाने के फिराक में किसी का इंतजार कर रहा है। इस पर एसओ दुर्गेश कुमार सिंह ने एसआई पीके सिंह, कांस्टेबल राहुल पाण्डेय, रामनिवास यादव ,सन्तोष सिंह, प्रेमनारायण वर्मा आदि के साथ मौके पर पहुंच आरोपी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कट्टा-कारतूस बरामद हुआ। उसकी गिरफ्तारी के बाद व्यापारियों ने बंदी का निर्णय वापस ले लिया और शनिवार को सुबह आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का माला पहनाकर आभार जताया।

# गो-तस्कर गिरफ्तार पिकअप बरामद

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र के सिंघापट्टी के पास बांसी मार्ग पर पिकअप चालक व गोतस्कर को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली प्रभारी राजप्रकाश सिंह पुलिस टीम के साथ सुबह नौ बजे गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि पशु तस्कर बिहार से नगर की तरफ आ रहे हैं। पुलिस टीम सिंघापट्टी के पास बांसी मार्ग पर वाहनों की जांच करने लगी। इस बीच बिहार की तरफ से आ रही पड़ोसी जनपद महराजगंज के नंबर की पिकअप को रोका तो चालक ने वाहन की गति बढ़ा दी। पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान चालक के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। उसकी पहचान समीर, निवासी भुलिया अगरवा, थाना तरयासुजान के रूप में हुई। कोतवाल ने बताया कि इसके विरुद्ध गोरखपुर के चिलुआताल व तरयासुजान में गोवध निवारण अधिनियम के मुकदमे पंजीकृत हैं।

# आभूषण कारोबारी का हमलावर तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**जासं, खड्डा:** थाने की पुलिस ने क्षेत्र के बरवारतनपुर के पास शुक्रवार देर रात आभूषण कारोबारी के हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। हमलावर की गिरफ्तारी से गदगद व्यापारियों ने विधायक व पुलिस टीम का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

सीओ संदीप वर्मा ने बताया कि 14 जुलाई की देर शाम रुपये के लेन देन में खड्डा निवासी आभूषण कारोबारी कन्हैयालाल वर्मा को अहिरौली बांध के पास धनंजय तिवारी उर्फ विक्कू निवासी जिंदा छपरा थाना हनुमानगंज ने तमंचे से गोली मार दी थी। मामले में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस आरोपित की तलाश में थी। शुक्रवार देर रात उसका लोकेशन बरवारतनपुर मिलने पर मौके से पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। उसके पास से एक तमंचा व कारतूस मिला। पुलिस टीम में दारोगा पीके सिंह, राम निवास यादव व राहुल पांडेय शामिल रहे। हमलावर की गिरफ्तारी पर नगर के व्यापारियों ने विधायक विवेकानंद पांडेय तथा पुलिस टीम में शामिल पुलिसकर्मियों का माल्यापर्ण कर स्वागत किया।

# अपराध व अपराधियों पर लगाएं प्रभावी अंकुश : एसपी

- जिस थाना क्षेत्र में अपराध बढ़ेगा, वहां के प्रभारी होंगे जिम्मेदार
- सक्रिय अपराधियों का सत्यापन करा तैयार कराएं डोजियर

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आयोजित अपराध गोष्ठी में एसपी धवल जायसवालन थानेदारों को सख्त निर्देश दिए। कहा कि लंबित मामलों का तत्काल निस्तारण किया जाए और थाने आने वाले प्रत्येक पीड़ित से अच्छा व्यवहार कर उनकी समस्या सुनें। सक्रिय अपराधियों का सत्यापन करा डोजियर तैयार कराएं। अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाएं।



पुलिस लाइन सभागार में अपराध की समीक्षा बैठक को संबोधित करते दाएं से एसपी धवल जायसवाल व एएसपी रितेश कुमार सिंह ● जागरण

पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार देर रात गोष्ठी आयोजित हुई। इसमें आपरेशन तमंचा के तहत प्रभावी कार्रवाई करने, गो-तस्करी रोकने, अज्ञात मामलों का तत्काल पर्दाफाश करने, हत्या, दुष्कर्म, लूट, अवैध शराब पर अंकुश लगाने तथा डकैती, चोरी व अपहरण की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि जनसुनवाई पोर्टल, आइजीआरएस से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं। भूमि संबंधी मामलों में एसडीएम से समन्वय स्थापित कर विवाद दूर कराएं। ग्राम प्रहरी के साथ मीटिंग कर उन्हें क्षेत्र में और भी सक्रिय करें ताकि किसी प्रकार की घटना न होने पाए। त्योहार के दृष्टिगत सभी आवश्यक कदम उठाए, जाए जिससे किसी तरह की बाधा न आने पाए। जिस थाना क्षेत्र में अपराध बढ़ेगा, उसकी जिम्मेदारी थाना प्रभारी की होगी। इसलिए थाना प्रभारी अपने मातहतों संग सामंजस्य बनाकर काम करें। जिससे अपराध पर नकेल कसते हुए अपराधियों को जेल भेजा जा सके। महिला उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महिलाओं का उत्पीड़न करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह, कसया पीयूषकांत राय, खड्डा संदीप वर्मा, तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा सहित सभी प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

# छात्राओं ने शोहदों को चप्पल से पीटा

**जासं, गोबरहीं:** स्कूल से घर जा रही कुछ साहसी छात्राओं ने शनिवार को कसया मार्ग के रामकोला तिराहा के पास बाइक सवार तीन शोहदों की चप्पल से पिटाई कर दी।

दिन में लगभग दो बजे तीन छात्राएं साइकिल से घर जा रही थीं। पीछे-पीछे मोटरसाइकिल से चल रहे तीन शोहदे उन्हें छेड़ते हुए चल रहे थे। सेमरी गांव नजदीक छात्राएं रुकीं और शोहदों की बाइक पकड़ लीं। इसके बाद दो छात्राओं ने चप्पल से तीनों की पिटाई शुरू कर दी। गांव के लोग मौके की ओर बढ़े तब तक शोहदे बाइक से अहिरौली की ओर फरार हो गए। हलका दारोगा शिव कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ढहाए गए सरकारी भूमि पर बने पांच मकान

## तीन लाख बीस हजार रुपये की वसूली के लिए पांचों कब्जेदारों को दिया गया नोटिस

**जागरण संवाददाता, कसया:** कसया के फरेंदहां गांव में खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध शनिवार को प्रशासन ने कार्रवाई की। तहसीलदार मांधाता प्रताप सिंह ने राजस्व व पुलिस टीम के साथ पांच कब्जाधारियों का पक्का मकान ध्वस्त कराया। 3.20 लाख की क्षतिपूर्ति वसूली के लिए नोटिस भी जारी किया।

गांव के गोविंद, इस्लाम, दुर्गेश, शंखराज व सत्यदेव आदि पांच लोग खलिहान की भूमि पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण किए थे। हलका लेखपाल ने इनके विरुद्ध बेदखली का वाद तहसीलदार न्यायालय में दायर किया था। पक्षकारों को सुनने के बाद न्यायालय ने दो सितंबर 2021 को बेदखली का आदेश पारित किया लेकिन आदेश का क्रियान्वयन नहीं हो सका। अतिक्रमणकारियों ने स्वतः कब्जा नहीं हटाया तो राजस्व व पुलिस टीम के बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची और पांचों लोगों को सरकारी भूमि से बेदखल कराया। न्यायालय ने सरकारी भूमि का दुरुपयोग करने के लिए गोविंद पर 64000, इस्लाम पर 32000, दुर्गेश पर 64000, सुखराज पर 64000 व सत्यदेव पर 96000 रुपये क्षतिपूर्ति वसूलने का आदेश भी पारित किया है। तहसीलदार ने बताया कि क्षतिपूर्ति वसूली के लिए नोटिस जारी किया जा गया है। नायब तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता, प्रभारी कानूनगो ब्रजेश मणि त्रिपाठी, कानूनगो अजय श्रीवास्तव, लेखपाल कन्हैया यादव, धनंजय पांडेय उपस्थित रहे।



फरेंदहा गांव में अतिक्रमण हटवाने के दौरान मौजूद बाएं से तीसरे तहसीलदार मांधाता प्रताप सिंह ● जागरण

# औपचारिक बन गया थाना समाधान दिवस

## छाए रहे भूमि विवाद के मामले, डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद, दो मामले निस्तारित

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** अधिकारियों की रस्मअदायगी के चलते आमजन को राहत देने वाले शासन द्वारा निर्धारित दिवस भी केवल औपचारिकता बनकर रह जा रहे हैं। शनिवार को जटहा बाजार थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में एक बार फिर यही देखने को मिला। जिलाधिकारी एस राजलिंगम व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के सामने भूमि विवाद के मामले छाए रहे। भूमि संबंधी दस मामले आए इनमें दो का निस्तारण हुआ। इसके अलावा पुलिस से जुड़े दो मामले रहे।

पट्टा, भूमि बंटवारा, सड़क अतिक्रमण व मारपीट के मामलों में न्याय की फरियाद लेकर आए अधिकांश ग्रामीणों को खाली हाथ ही लौटना पड़ा। पुलिस व राजस्व विभाग से जुड़े एक-एक मामले का निस्तारण हो सका। अवशेष दस मामलों में पुराने ढर्रे पर केवल आश्वासन मिला। इस दौरान डीएम ने लेखपालों को संवेदनशील और सही निर्णय देने को निर्देशित किया। समस्याओं का स्पष्ट व पारदर्शी तरीके से समाधान करने का निर्देश दिया।

कहा कि समस्याओं के बारे में स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए तो मौके पर जाकर समस्या के सही कारणों से अवगत होना होगा। इससे समस्या का त्वरित व सटीक समाधान होगा। जिलाधिकारी ने ग्राम कंठी छपरा के लेखपाल रविंद्र श्रीवास्तव को 15 दिन से एक आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं करने तथा मौके पर जाकर निरीक्षण न करने पर आरोप पत्र जारी करने के निर्देश दिए।



जटहा थाने में समस्या सुनते बाएं से डीएम एस .राजलिंगम,एसपी धवल जायसवाल ● जागरण

# स्वर्ण व्यापारी पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

खड्डा। स्वर्ण व्यवसायी पर हमला करने के आरोपी धनंजय उर्फ वीकू तिवारी को पुलिस ने शुक्रवार की रात वरवारतनपुर गांव के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।

इस संबंध में सीओ खड्डा संदीप वर्मा ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कस्बे के स्वर्ण व्यवसायी कन्हैयालाल वर्मा से जिंदाछपरा निवासी धनंजय उर्फ विकू तिवारी का पैसे के लेनदेन का विवाद चल रहा था। 14 जुलाई को पैसा देने के बहाने बुलाकर आरोपी ने स्वर्ण व्यवसायी को गोली मार दी थी। इसके बाद वह फरार हो गया। स्वर्ण व्यवसायी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश की जा रही थी।

## रुपये के लेनदेन के विवाद में मारी थी गोली

## आरोपी की गिरफ्तारी के बाद व्यापारियों ने खोली दुकान

शुक्रवार रात वरवारतनपुर गांव के तिराहे के पास से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उधर, हमलावर की गिरफ्तारी होने पर व्यापारियों ने शनिवार को बाजार बंद का फैसला वापस ले लिया। हमलावर को पकड़ने वाली पुलिस टीम को फूलमाला पहनाकर लोगों ने सम्मानित किया।

# मकान में ईंट फेंकने के मामले में तीन पर केस

पिपरा बाजार। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सरपतही बुजुर्ग गांव में एक व्यक्ति के घर में ईंट-पत्थर फेंकने के मामले में पुलिस ने तीन व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

सरपतही बुजुर्ग निवासी विश्वनाथ उपाध्याय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 जुलाई को उनकी पट्टीदारी के तीन लोगों ने पुरानी रंजिश में उनके घर में ईंट-पत्थर फेंका। इससे उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। असलहा लेकर जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी एसओ कैलाश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ तोड़फोड़ व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# केस दर्ज कराने के लिए विधायक को पत्र सौंपा

खड्डा। करदह गांव के एक पोखरे मे मिली किशोर की लाश के मामले में मुकदमा दर्ज कराने के लिए लोगों ने विधायक को पत्र सौंपा। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक विवेकानंद पांडेय को पत्र देकर पीड़ितों और ग्रामीणों ने मुकदमा दर्ज कराने की मांग की।

विधायक ने कार्रवाई का निर्देश पुलिस को दिया। 13 जुलाई को खड्डा क्षेत्र के करदह गांव निवासी तावेद (14) की लाश गांव के पोखरे में मिली थी। उसकी आंख और गले पर चोट के निशान थे। तावेद की मौत की सूचना पर उसका पिता हसनदार सऊदी अरब से लौटकर घर आ गए हैं।

उन्होंने बेटे की हत्या का संदेह जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को तावेद की मां, पिता सहित अन्य लोग विधायक से मिलने पहुंचे। विधायक ने पीड़ित परिवार को मदद का भरोसा दिलाया। संवाद


समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनते डीएम व एसपी। संवाद

# समाधान दिवस में दो मामलों का ही निस्तारण

पडरौना। संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम और एसपी ने लोगों की समस्या सुनीं। इसमें दो लोगों की समस्या का निस्तारण हो सका। वहीं अन्य फरियादी डीएम और एसपी के सामने गुहार लगाकर मायूस लौट गए।

शनिवार को डीएम और एसपी ने जटहा बाजार थाने में बैठकर लोगों की समस्या सुनीं। इस दौरान कुल 12 मामले पहुंचे। इसमें राजस्व के 10 और पुलिस विभाग के दो मामले थे। इसमें से

## थाना से लेकर तहसील तक चक्कर लगा रहे फरियादी नहीं हो रही सुनवाई

डीएम और एसपी ने दो मामले का निस्तारण किया। अन्य मामलों में संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को फटकार लगाते हुए निस्तारण करने का निर्देश दिया। कप्तानगंज प्रतिनिधि के अनुसार कप्तानगंज थाने में कुल आठ मामले आए, इसमें दो का निस्तारण किया गया। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2022

# गैंगस्टर एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**निचलौल (एसएनबी)**। थाना क्षेत्र कोठीभार पुलिस ने आज गैंगेस्टर एक्ट के एक वांछित बबलू चौधरी निवासी बीजापार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। मिली जानकारी के अनुसार वांछित के खिलाफ वर्ष 2007 में धारा 3 (1) गैंगेस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज था। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोठीभार थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक रामअशीष सिंह, उपनिरीक्षक नीरज राय, हे.कां. प्रमोद खरवार व कां. हिमांशु राय शामिल रहे।

# 264 वाहनों का चालान

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवंअपराधियों परप्रभावी नियंत्रण बनाये रखने केलिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्ह्ति स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 264 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही 6वाहनों से6500 रुपया शमन शुल्क वसूल किया गया ।

# 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए 2 व्यक्तियों केकब्जे से10 लीटर कच्ची व 60 शीशी नेपाली शराब बरामद किया गया। साथ ही उसे 60 आबकारी एक्ट के तहत चालान न्यायालय किया गया।

# शांति भंग की आशंका में 30 गिरफ्तार

महराजगंज। जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखनेके लिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति भंग की आशंका में कुल 30 व्यक्तियोंको सीआरपीसी की धारा 151 केतहत गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्हें चालान न्यायालय किया गया।

# समाधान दिवस :

**महराजगंज(एसएनबी)**। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली सदर में लोगों की समस्याओं को सुना गया।



कोतवाली में फरियाद सुनते जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार।

थाना समाधान दिवस में कुल 19 मामले आये। जिलाधिकारी ने 1 मामले को मौके पर ही निस्तारित कर दिया। शेष मामलों के लिए उन्होंने नियमानुसार निस्तारित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि थाना दिवस में पेश होने वाले प्रत्येक मामले को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका निस्तारण नियमानुसार व समयान्तर्गत करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन मामलों में आवश्यकता हो उनमें टीम गठित करते हुए कार्यवाही करें। थाना दिवस में पेश हुए चार मामलों में जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर उचित कार्यवाही कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही थानाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि पेश आये मामलों के उचित व शीघ्र निस्तारण पर जोर दें। तहसीलदार सदर ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार बड़हरा बरईपार, बैलिया, महुअवां और राजीव गांधी नगर के लिए संयुक्त टीम गठित कर क्षेत्र में भेज दी गयी हैं और सभी टीमों द्वारा कार्यवाही कर शाम तक आख्या प्रस्तुत कर दी जायेगी। **निचलौल कार्यालय** के अनुसार स्थानीय थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी सत्य प्रकाश मिश्र की अध्यक्षता व क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दूबे की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान राजस्व व घरेलू विवाद के कुल 6 शिकायतें आयी। शिकायतकर्ता ग्रामसभा डुमरी निवासी राजेंद्र ने इटहिया शिव मंदिर परिसर से दुकान हटवाने व दुकान आवंटन में अनियमितता की शिकायत दर्ज करायी। ग्रामसभा बरगदही टोला पिपरिहा निवासिनी जिलेबा देवी ने मारने पीटने की एक शिकयत व ग्रामसभा जैश्री निवासिनी पुष्पा देवी ने अपने पुश्तैनी

# बलात्कार के आरोपी को बीस वर्ष का कारावास

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के थाना-कोठीभार क्षेत्रान्तर्गत ग्रामसभा-लोढ़िया मे वर्ष 2010 मे 14 वर्षीया नाबालिग बालिका के बलात्कार करने के मामले मे गांव के ही दुर्विजय को दोषी पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश विनय कुमार सिंह द्वितीय ने धारा-376(3) आईपीसी के तहत बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही साथ बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार वादी मुकदमा मेनहाज पुत्र हाफिज ने थाना कोठीभार मे रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी 14 वर्षीया पुत्री को गांव का ही दुर्विजय पुत्र श्री किशन बहला-फुसलाकर 26 जून 2010 की रात्रि मे भगा ले गया। इस घटना में श्रीकिशन, कुशमावती, गोवरी, इन्द्रावती व रीना सहयोग किये हैं। सूचना पर धारा-363, 366, 12 बी आईपीसी के तहत मुरदमा पंजीकृत होकर विवेचना के पश्चात विवेचक द्वारा दुर्विजय एवं कुशमावती के विरुद्ध न्यायालय में आरोप-पत्र प्रेषित किया गया। विचारण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विजय नरायण सिंह ने 10 गवाहों की गवाही दर्ज कराकर सजा की मांग की। न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य एवं सबूतों के आधार पर आरोपी कुशमावती को दोष मुक्त करते हुए उक्त सजा सुनायी है।

# पकड़ा तेंदुआ, वन टीम ने जंगल में छोड़ा

**कोल्हुई बाजार (एसएनबी)**। थाना कोल्हुई क्षेत्र के जंगल के पास स्थित ग्राम सभा बेलासपुर में बीते दिन जंगल से भटककर आया एक तेन्दुआ ने एक व्यक्ति को घायल कर एक मकान में घुस गया था। सूचना पाकर पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पिजड़ा मंगवाया। कई घंटे प्रयास के बाद रात एक बजे वन टीम ने तेंदुएं को पिजड़े में कैद कर लिया एक तरफ जहां पूरी रात ग्रामीणों के साथ पुलिस वन विभाग की टीम जमी रही वही ग्रामीण भी दहशत में रहे। तेंदुएं को जंगल में आज छोड़ा गया है। इस दौरान ग्रामीणों ने राहत सास लिया है। तेदुएं ने इमामुद्दीन नामक व्यक्ति को घायल कर दिया था और रमजान के घर में जैसे ही घुसा वैसे ग्रामीणों ने बाहर से दरवाजा बन्द दिया। सूचना पाकर एसओ कोल्हुई ,रेंजर एके तिवारी, एसडीओ आरसी मलिक समेत पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गयी। रात 1 बजे वन विभाग टीम को उस समय सफलता मिल गयी जब तेंदुआ पिजड़े में घुस गया। आज सुबह तेंदुएं को सदर बीट के जंगल में लेजाकर छोड़ा गया है। बेलासपुर गांव पूरी रात दहशत में रहा लेकिन वन विभाग की मेहनत सफल रही।

## 196 बोरी खाद बरामद

महराजगंज। डीएम के निर्देश पर कृषि विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुल 196 बोरी खाद बरामद हुई। छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। एक दुकान को सील कर दिया गया। जिला कृषि अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि परसा मालिक क्षेत्र के रेहरा गांव में 49 बोरी डीएपी, 2 बोरी यूरिया बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी रामसमुझ ने स्वीकार किया कि खाद का भंडारण तस्करी के लिए किया गया था। ठूठीबारी पुलिस ने 47 बोरी यूरिया जब्त किया। आरोपित श्यामसुंदर रौनियार को गिरफ्तार किया गया। शोभित पाल, अमरुल्ला उर्फ सोनू और रवि कसौधन के विरुद्ध भी मामला दर्ज किया गया है। मिठौरा ब्लॉक के भागाटार में छापेमारी हुई। निचलौल में एक दुकान से खतौनी के आधार पर खाद बंटवाया।

# समाधान दिवस में 27 फरियादियों को मिला न्याय

महराजगंज, निज संवाददाता। जिले के सभी थानों पर शनिवार को समाधान दिवस में 93 लोगों ने अपनी शिकायत का पंजीकरण कराया। इसमें से गुण-दोष के आधार पर 27 फरियादियों की शिकायत को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। डीएम सत्येन्द्र कुमार ने सदर कोतवाली में समाधान दिवस का औचक निरीक्षण किया। फरियादियों की शिकायत सुनी।

प्रभावी निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया। साथ में चेताया भी कि जिन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है उसे अगले समाधान दिवस के पहले अनिवार्य रूप से निस्तारित करा दें। अन्यथा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही के आरोप में विभागीय कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली के समाधान दिवस में 19 मामले आए। इसमें से एक मामले को डीएम ने मौके पर ही निस्तारित करा दिया।



शनिवार को सदर कोतवाली में डीएम सत्येन्द्र कुमार ने समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायत की सुनवाई की।

शेष मामलों के लिए उन्होंने शीघ्रतापूर्वक और नियमानुसार निस्तारित करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि थाना दिवस में पेश होने वाले प्रत्येक मामले को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका निस्तारण नियमानुसार व समयान्तर्गत करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन मामलों में आवश्यकता हो तो टीम गठित करते हुए कार्यवाही करें। थाना दिवस में पेश हुए चार मामलों में जिलाधिकारी महोदय ने राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर उचित कार्यवाही कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। डीएम ने थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दें। पुलिस अधिकारियों से कहा कि वादियों के साथ सम्मानजनक ढंग से पेश आएं और पुलिस थानों व चौकियों पर जरूरी सुविधाओं जैसे पेयजल आदि को सुनिश्चित करें।

### तीन मामले मौके पर निस्तारित

नौतनवां। स्थानीय थाना के समाधान दिवस में कुल 3 मामले आए जिसका मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसीलदार मुकेश कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उनके समाधान के लिए तत्काल राजस्व विभाग की टीम लगाकर समस्याओं का निस्तारण करा दिया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय, अतिरिक्त निरीक्षक रामाश्रय यादव, चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, कानूनगो शिवराज गुप्ता, मृत्युंजय आदि रहे।

# किशोरी से रेप के आरोपी को 20 साल की सजा

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो विनय कुमार सिंह द्वितीय की अदालत में शनिवार को एक 14 साल की किशोरी के साथ बलात्कार के आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया। इसके साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। घटना 2018 की है।

विशेष लोक अभियोजक विजय नारायण सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता ने कोठीभार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव के ही दुर्विजय नामक आरोपी उसकी 14 साल की बेटी को बहला-फुसलाकर 26 जून-18 की रात भगा ले गया। इस घटना में श्रीकिशुन, कुसमावती, गोबरी, इंद्रावती व रीना ने सहयोग किया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरू की।

विवेचना के बाद पुलिस ने दुर्विजय व कुसमावती के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक विजय नारायण सिंह ने 10 गवाहों की गवाही दर्ज कराकर सजा की मांग की। न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य व सबूतों के आधार पर आरोपी कुसमावती को दोषमुक्त करते हुए दुर्विजय के खिलाफ सजा सुनाई।

# आधी रात के बाद पिंजड़े में कैद हुआ तेंदुआ

संवाद न्यूज एजेंसी

**नौतनवां/कोल्हुई।** लक्ष्मीपुर रेंज के जंगल से सटे बेलासपुर गांव में शुक्रवार शाम जंगल से भटकर तेंदुआ चला आया। तेंदुआ एक व्यक्ति को घायल कर एक घर में घुस गया। आधी रात के बाद तेंदुआ पिजड़ा में कैद हुआ। इसके बाद गांव के लोगों समेत वन कर्मियों ने राहत की सांस ली। शनिवार सुबह 11 बजे तेंदुए को जंगल में छोड़ दिया गया गया।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को जंगल से भटककर बेलासपुर गांव पहुंचे तेंदुए ने गांव के इमामुद्दीन उर्फ छांगुर पर हमलाकर घायल कर दिया। उसके बाद वह गांव में इधर उधर दौड़ रहा था। कई बार तेंदुए ने छत पर चढ़े ग्रामीणों को देख हमला करने का भी प्रयास किया। कुछ देर बाद ग्रामीणों के शोर को सुनकर तेंदुआ रमजान अली के पक्के मकान में घुस गया। उसके बाद ग्राम प्रधान अजीजुल्लाह की सूचना के बाद वन विभाग व कोल्हुई पुलिस मौके पर पहुंचकर बचाव में जुट गई। तेंदुआ ने भीड़ से निकलने का प्रयास भी किया लेकिन शोर सुनकर फिर वहीं वापस हो लिया। शुक्रवार रात में रमजान के घर के पास पिंजड़ा लगाया गया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से रात्रि दो बजे तेंदुआ पिंजड़े में कैद हुआ। उसके बाद वनकर्मियों ने पिंजड़े को ढंक कर सुरक्षित कर दिया। रेंजर विनोद तिवारी ने बताया कि शनिवार सुबह टैक्टर-ट्रॉली लगाकर पिंजड़े में बंद तेंदुए को लक्ष्मीपुर रेंज परिसर में लाकर एसडीओ के नेतृत्व में जंगल में छोड़ दिया गया।

## वनकर्मियों ने जंगल में सुरक्षित छोड़ा



बेलासपुर गांव में पिंजड़े में तेंदुआ को बंद करते वनकर्मी। संवाद



पिंजड़े में तेंदुआ।

# दुष्कर्म के दोषी को बीस वर्ष का कारावास

**महराजगंज।** किशोरी से दुष्कर्म के मामले में गांव के ही एक व्यक्ति को दोषी पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश. विनय कुमार सिंह बीस वर्ष का कठोर कारावास के साथ ही बीस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार, वादी ने थाना कोठीभार में रिपोर्ट दर्ज कराई। तहरीर में उसने बताया कि गांव का ही एक व्यक्ति बहला-फुसलाकर किशोरी को 26 जून 2010 को भगा ले गया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना के बाद विवेचक ने आरोपपत्र प्रेषित किया। विचारण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विजय नारायण सिंह ने 10 गवाहों की गवाही दर्ज कराकर सजा की मांग की। संवाद

# फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाद न्यूज एजेंसी

**घुघली।** आंबेडकर नगर मोहल्ले में शनिवार को हनुमानगढ़ी के पास एक युवक का शव कमरे में छत के कुंडे से लटकता मिला है। कमरे से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक घुघली नगर के वार्ड नंबर दो निवासी अभिषेक चौरसिया (28) शुक्रवार रात परिवार के साथ खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए।

मृतक की मां के अनुसार शनिवार सुबह जब वह छह बजे तक नहीं जगे तो कमरे का दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब न आने पर परिजन दरवाजा तोड़ अंदर घुसे तो अंदर अभिषेक दुपट्टे के फंदे से छत के कुंडे से लटका मिला।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ था युवक

अभिषेक के कमरे से पुलिस को कागज पर एक नोट भी मिला है। जिस पर लिखा है- हमार सब से इहे विनती बा कि चारों बहन अब आपस में मिलजुल के प्रेम से रहना। हमारे घर के पीछे का दरवाजा बंद कर दिया है। जिससे रुष्ट होकर मैं अपनी जान मजबूर होकर दे रहा हूं। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के पिता के अनुसार वह मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा था, जिसके कारण आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि कमरे से एक कागज का टुकड़ा बरामद हुआ है।

# छापे में 64 बोरी डीएपी बरामद

**नौतनवां।** एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा ने शनिवार दोपहर मुखबिर की सूचना पर पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ ग्राम सभा रेहरा के एक घर में छापा डाला। यहां 60 बोरी डीएपी बरामद कर मौके से एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया।

एसडीएम ने बताया कि 60 बोरी डीएपी बरामद करते हुए गृह स्वामी को हिरासत में लिया गया। कस्टम एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए परसामलिक प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया है। श्यामकाट स्थित जसवल टोला में एक व्यक्ति बाइक से चार बोरी खाद लेकर आता हुआ नजर आया। जिसे रुकने का इशारा किया गया तो वह खाद वहीं गिराकर फरार हो गया। कार्रवाई के लिए खाद सोनौली पुलिस को सौंप दी गई। संवाद

# हेरोइन बरामदगी में दो वर्ष दस माह का सश्रम कारावास

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** थाना-सोनौली के सुकरौली मोड़, काली मंदिर के पास वर्ष 2019 में चेतनरायण गिरी के पास से 110 ग्राम हेरोइन बरामदगी हुई थी।

इस मामले में दोषी पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने अभियुक्त को दो वर्ष दस माह के सश्रम कारावास के साथ दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार तत्कालीन उप-निरीक्षक सोनौली राजेश कुमार मिश्र 30 सितंबर 2019 को सुकरौली मोड़, काली के मंदिर के पास अभियुक्त चेतनरायण गिरी, निवासी वार्ड नं.-7, बुटवल, रुपनदेही, नेपाल को गिरफ्तार किया।

तलाशी लेने पर जेब से 110 ग्राम हेरोइन बरामद होने पर केस पंजीकृत कर विवेचक द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र उपाध्याय ने गवाही दर्ज कराकर सजा की मांग की। न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य व के आधार पर उक्त सजा सुनाई गई।

# समाधान दिवस पर आश्वासन से चलाया जा रहा काम

## जिले के थानों में 93 लोगों ने लगाई फरियाद, केवल 27 का किया गया निस्तारण

संवाद न्यूज एजेंसी



सदर कोतवाली में समस्या सुनते डीएम सत्येंद्र कुमार । संवाद

**महराजगंज।** थानों में शनिवार को आयोजित होने वाला समाधान दिवस कारगर साबित नहीं हो रहा है। फरियादी अपनी समस्या के समाधान की उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। फरियादियों को अधिकारियों की तरफ से कार्रवाई नहीं केवल आश्वासन मिल रहा है।

इस शनिवार को समाधान दिवस पर 93 मामले आए, जिनमें से केवल 27 का ही मौके पर निस्तारण हो सका। अन्य मामलों को निस्तारित करने के लिए पुलिस एवं राजस्व टीम को निर्देशित किया गया है।

सदर कोतवाली परिसर में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि राजस्व के मामले में पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम कार्रवाई करे। पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चार मामलों में जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। तहसीलदार सदर ने बताया कि बड़हरा बरईपार, बैलिया, महुअवां और राजीव गांधी नगर के लिए संयुक्त टीम गठित कर क्षेत्र में भेज दी गई है।

### तीन मामलों का तुरंत कराया गया निस्तारण

**नौतनवां।** थाना समाधान दिवस में तहसीलदार मुकेश कुमार सिंह ने सुनवाई की। राजस्व से संबंधित तीन मामले आए। तीनों मामलों में मौके पर टीम भेजकर निस्तारण करा दिया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय, अतिरिक्त निरीक्षक रामाश्रय यादव, चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। वहीं, चौक प्रतिनिधि के अनुसार, उप जिलाधिकारी सदर जसीम खान ने समस्याओं को सुना। राजस्व से संबंधित छह मामले आए, जिसमें से एक मामले का निस्तारण किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी, जितेंद्र तिवारी, अंकित सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2022

# स्कॉर्पियो की चपेट में आकर बुजुर्ग घायल

घघौवा, हिन्दुस्तान संवाद। परशुरामपुर थाना क्षेत्र के कोहराएं-पटखापुर मार्ग पर शनिवार को एक तेज रफ्तार स्कार्पिओ की चपेट में आकर सड़क पार कर रहा व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय चिकित्सक से इलाज कराने के बाद परिजन घायल को लेकर जिला चिकित्सालय अयोध्या गए।

परशुरामपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर बस्थनवां गांव निवासी पटेश्वरी प्रसाद सुबह करीब 11 बजे अपने घर के सामने सड़क पार कर रहे थे कि अचानक कोहराएं की ओर से आ रही स्कार्पिओ ने ठोकर मार दिया। ठोकर से उनके सिर व शरीर पर गम्भीर चोट आई है।

# एक दर्जन परिवारों की बसाई गृहस्थी

बस्ती। पुलिस कार्यालय के अनुसार थानाध्यक्ष महिला भाग्यवती पाण्डेय ने एक दर्जन मामलों में बातचीत के आधार पर बिखरी गृहस्थी को बसाने में सफलता हासिल की। इन सभी में पारिवारिक मनमुटाव विभिन्न कारणों से चल रहा था। जिसके कारण दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ नहीं रहना चाहते थे।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

बनकटी। हर्रैया गाँव में संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार की देर शाम विवाहिता का शव कमरे में मिला । पुलिस शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया । महुली के वसुलहिया गाँव निवासी आराधना की शादी एक वर्ष पूर्व लालगंज के हर्रैया गाँव निवासी संतोष कुमार के साथ हुई थी ।

# मुनादी कराकर अवैध कब्जों को हटवाएं



हर्रैया थाने पर समाधान दिवस में जनसुनवाई करने शनिवार को पहुंचे कमिश्नर गोविन्दराजू एनएस और डीआईजी आरके भारद्वाज। ● हिन्दुस्तान

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले के सभी थानों पर शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। हर बार की तरह इस बार भी भूमि विवाद से संबंधित मामलों की भरमार रही। कमिश्नर गोविन्दराजू एनएस और डीआईजी आरके भारद्वाज ने हर्रैया थाने के समाधान दिवस का औचक निरीक्षण किया। इसमें अफसरों ने शिकायतों को सुना। समाधान रजिस्टर चेक किया और निर्देश दिया कि यदि कहीं अवैध कब्जे हों तो उसे हटवाया जाए।

प्रदेश सरकार के निर्देश पर दूसरे व चौथे शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। हर्रैया थाने के समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान कमिश्नर व डीआईजी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण पारदर्शिता के साथ समय से हो। अवैध कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए लेखपालों को निर्देश दिया कि गांव का सर्वे कराकर अवैध कब्जा की मुनादी कराएं। जहां-जहां भी अवैध कब्जा है और वह स्वयं अवैध कब्जा नहीं हटाते है तो उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। जिससे पीड़ित व्यक्तियों को न्याय मिल सके। कोतवाली, पुरानी बस्ती, कलवारी, पैकोलिया, वाल्टरगंज व जिले के सभी थानों में समाधान दिवस पर जनसुनवाई की गई।

# किशोरी बरामद आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने किशोरी को भगाने के आरोपी को दबोच लिया व अपहृता को बरामद किया है। गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष व एसआई इन्द्रभूषण सिंह, विनोद कुमार और प्रीति चौरसिया शामिल रहीं।



हर्रैया थाने पर शनिवार को लूट के आरोपितों की धरपकड़ की जानकारी देते सीओ व थाना प्रभारी। ● हिन्दुस्तान

# लूटी गई बाइक व नगदी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**कामयाबी**

- हर्रैया थाना व एंटी नारकोटिक्स की संयुक्त टीम ने की धरपकड़
- टीम ने शनिवार की सुबह ब्लॉक रोड से चेकिंग के दौरान पकड़ा

**बस्ती/ हर्रैया, हिन्दुस्तान टीम।** थाना हर्रैया व एण्टी नारकोटिक्स टीम की संयुक्त टीम ने लूट की मोटर साइकिल के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। हर्रैया थाने पर धरपकड़ की जानकारी देते हुए सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब सवा आठ बजे बभनान मोड़ ब्लॉक रोड हर्रैया के पास वाहन चेकिंग के दौरान आरोपी सर्वेश राय निवासी एकमा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर और विकास सोनकर निवासी महूघाट थाना हर्रैया को गिरफ्तार कर लिया गया।

बताया दोनों के कब्जे से लूट की गई मोटरसाइकिल व 55 सौ रुपया नगद बरामद किया गया है। दस मार्च 2022 को हुई घटना में दोनों की तलाश थी। बाइक के साथ ही 3100 रुपये नगदी व चेन लूट गया था। इसके संबंध में थाने पर आईपीसी 392 के तहत मुकदमा पंजीकृत था। मुखबिर की सटीक सूचना पर शनिवार की सुबह दोनों को ब्लॉक रोड हर्रैया के पास चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हर्रैया शैलेष कुमार सिंह, प्रभारी एण्टी नारकोटिक्स रोहित उपाध्याय, थाने के एसएसआई सुरपति त्रिपाठी, एसआई छितेश्वर, एंटी नॉरकोटिक्स के हेड कांस्टेबल महेन्द्र यादव, कुलदीप यादव, कांस्टेबल शिवचरन चौहान, रवि प्रताप सिंह, रमेश गुप्ता, थाने के कांस्टेबल प्रद्युम्न सिंह, पवन यादव शामिल रहे।

# आयुक्त व डीआइजी ने सुनीं शिकायतें

**जासं, बस्ती**: शनिवार को जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आयुक्त गोविंद राजू एनएस और पुलिस उपमहानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने हरैया थाने में शिकायतों को सुना और जरूरी अभिलेखों को भी चेक किया। निर्देश दिया कि कहीं अवैध कब्जा हों तो उसे हटवाया जाए।

अधिकारियों ने शिकायत पंजिका को देखा। लेखपालों को निर्देश दिया कि वे गांव का सर्वे कराकर अवैध कब्जा की मुनादी कराए, जहां जहां भी अवैध कब्जा है, और वह कब्जेदार स्वयं कब्जा नहीं हटाते हैं तो उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाए। इस दौरान डीआइजी ने प्रभारी निरीक्षक हरैया को निर्देशित किया कि प्रत्येक बीट पुलिस अधिकारी अपने बीट रजिस्टर में अपनी बीट के समस्त भूमि विवादों को अंकित करते हुए स्वतः संज्ञान में लेते हुए दोनों पक्षों को थाना समाधान दिवस पर बुलाया जाए। प्रभारी निरीक्षक हरैया शैलेष कुमार सिंह समेत क्षेत्रीय लेखपाल भी मौजूद रहे। अन्य थानों पर भी पीड़ितों की शिकायतें सुनी गईं।

## चार फीडरों की आज ठप रहेगी दो घंटे बिजली

**जासं, बस्ती** : 33/11 विद्युत उपकेंद्र पुरानी बस्ती से संचालित चार फीडरों 11 केवी पांडेय बाजार, 11 केवी दक्षिण दरवाजा व 11 केवी हथियागढ़, 11 केवी नई बाजार की विद्युत आपूर्ति रविवार को दो घंटे दिन में 11 बजे से दोपहर एक बजे तक अनिवार्य अनुरक्षण और मरम्मत कार्य के लिए बाधित रहेगी। यह जानकारी उप खंड अधिकारी प्रथम राम इकबाल प्रसाद ने दी है।

# फोरलेन पर उमड़ा कांवड़ियों का जत्था, वाहनों का संचालन बंद

चार दिन बाद 27 जुलाई को वाहनों के लिए खुलेगा फोरलेन, इससे जुड़े लिंक मार्ग पर भी आवागमन प्रतिबंधित, भद्रेश्वरनाथ में श्रद्धालु करेंगे जलाभिषेक



## कांवड़ यात्रा में शामिल शिवभक्तों पर की गई पुष्पवर्षा





# किशोरी को अपहृत करने का आरोपित गिरफ्तार

**जासं,बस्ती :** वाल्टरगंज पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर बहला फुसलाकर अपहृत की गई किशोरी को सकुशल बरामद किया है। थानाक्षेत्र के रहने वाले पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी बेटी को थानाक्षेत्र के गनेशपुर निवासी चंदन धारी बहला-फुसलाकर अपहृत कर लिया है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की खोजबीन शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ शनिवार को दिन में 02.20 बजे छावनी थानाक्षेत्र के अवधेश सिंह ढाबा विक्रमजोत से आरोपित को गिरफ्तार कर अपहृता को सकुशल बरामद किया।

# लूटी गई बाइक के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**जासं, बस्ती** : हरैंया पुलिस व एंटी नारकोटिक्स की संयुक्त टीम ने शनिवार की सुबह वाहन चेकिंग के दौरान दो युवकों को लूट की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूट के 5500 रुपये भी बरामद किए गए हैं।

सीओ हरैंया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि शनिवार की सुबह हरैंया थाने के प्रभारी निरीक्षक शैलेष कुमार सिंह और एंटी नारकोटिक्स टीम के प्रभारी रोहित उपाध्याय संयुक्त रूप से बभनान मोड़ पर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच दो युवक एक बाइक पर आते दिखे। संदेह होने पर दोनों को रोकने का प्रयास किया गया तो वे भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने दोनों को पकड़ लिया। उनकी पहचान सर्वेश राय निवासी एकमा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संत कबीरनगर व विकास सोनकर निवासी महूघाट थाना हरैंया जनपद बस्ती के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स टीम के प्रभारी रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि बाइक 10 मार्च को लालबाबू उर्फ एलजी, रोहित सोनकर व विकास ने मिलकर लूटी थी। पकड़ा गया सर्वेश राय ट्रक चालक है जो चोरी की बाइक खरीदता है। रोहित अप्रैल में पकड़ा गया था, जबकि लाल बाबू उर्फ एलजी 16 मई को गिरफ्तार किया गया था। रोहित जेल से छूट चुका है,लालबाबू अभी जेल में हैं।

## कूटरचित कागजात से दर्ज कराया अपना नाम, मुकदमा

**जासं, बस्ती:** कलवारी थाने के बभनियांव बुजुर्ग गांव निवासी अशोक कुमार सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने कूटरचित ढंग से गोमती सिंह व बेनी उर्फ त्रिवेनी सिंह को अपना पिता बनाकर उनकी समस्त चल-अचल संपत्ति पर तहसील बस्ती के अधिकारियों को फर्जी व कूटरचित कागजात दिखाकर अपना नाम अंकित करा लिया। विरोध करने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने व जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित बृजमोहन, मनोरमा सिंह व आकांक्षा उर्फ खुशी सिंह निवासी बभनियांव बुजुर्ग थाना कलवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## सरकारी कर्मचारी को दी जानमाल की धमकी

**बस्ती:** कोतवाली में तहरीर देकर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में तैनात कर्मचारी मोहम्मद युसुफ ने आरोप लगाया कि कोतवाली क्षेत्र के पिपरा मेघऊ निवासी रविंद्र कुमार दुबे उर्फ लल्लन ने उनके कमरे में आकर रायल्टी वर्जिनल पेपर मांगा। इसे देने से उन्होंने इंकार करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। **जासं**

# जलाभिषेक की तैयारियां पूरी, डीएम ने लिया जायजा

## भद्रेश्वर नाथ मंदिर परिसर में लगाए गए 10 सीसी कैमरे, प्रकाश, पेयजल, मंदिर पर मैट की हुई व्यवस्था

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** भद्रेश्वरनाथ धाम में जलाभिषेक की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर के फर्श पर फिसलन को देखते हुए मैट बिछाए गए हैं। वहीं रोशनी के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। मंदिर और उसके परिसर की निगरानी के लिए 10 सीसी कैमरे लगाए गए हैं।

श्रावण मास के तेरस को जलाभिषेक करने के लिए भद्रेश्वरनाथ धाम में लगभग पांच लाख शिवभक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल जलाभिषेक कराना जिला प्रशासन के लिए अग्निपरीक्षा के समान होता है। पिछले 15 दिन से भद्रेश्वरनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही है। शनिवार को दोपहर तक सभी व्यवस्थाएं पूरी करने का निर्देश जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने दिया था।

शनिवार को उन्होंने पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव के साथ भद्रेश्वरनाथ धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंदिर के निकट 15 शौचालयों का



अमहट पर कावड़ियों के स्नान के लिए घाट बनाते नगरपालिका के कर्मचारी जागरण

निर्माण कराया गया है। पंचायती राज विभाग ने भी 15 शौचालय बनवाएं है। सफाईकर्मियों की ड्यूटी लगायी गई है। स्थायी एवं अस्थायी विद्युत कनेक्शन कराए गए हैं। जनरेटर की व्यवस्था कर ली गयी है। विद्युत सुरक्षा के अधिकारियों ने इसकी जांच करके प्रमाण पत्र भी दे दिया है।

**हाईवे का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश:** जिलाधिकारी ने हाईवे पर कप्तानगंज तक हाईवे का निरीक्षण किया। वहां तैनात किए गए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर 25 एवं 26 जुलाई को बेसिक शिक्षा परिषद, माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं अन्य बोर्ड के नियंत्रणाधीन संचालित समस्त विद्यालय बंद करने का आदेश दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंप तथा एंबुलेंस में स्टाफ के साथ दवाओं की व्यवस्था कर दी गई है। चार लाइफ सपोर्ट सिस्टम वाले एंबुलेंस को विभिन्न स्थानों पर रखा गया है। सर्पदंश एवं कुत्ता काटने पर लगने वाले इंजेक्शन की व्यवस्था भी कर दी गई है। सभी



अमहट घाट पर बोट तैयार करते पीएसी के जवान •जागरण



कप्तानगंज में व्यवस्था देखती डीएम प्रियंका निरंजन साथ में एसपी आशीष •जागरण

सीएचसी, पीएचसी को अलर्ट मोड पर रखा गया है। सीएमओ द्वारा 24 घंटे इमरजेंसी सेवा सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया है।

# मारपीट के चार मामलों में 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** जिले में कहीं घरेलू तो कहीं भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुई। मारपीट के कुल चार मामलों में पुलिस ने आठ नामजद सहित 12 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के जामडीह पांडेय निवासी चंद्रिका पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 20 जुलाई के दिन घरेलू विवाद को लेकर उन्हें परिवार के कुछ ही कुछ सदस्यों ने मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। मारपीट में उनका हाथ टूट गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रभाकर पांडेय और उनकी पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। वहीं हर्रैया थाना क्षेत्र के समौड़ा कला गांव की रहने वाली निशा पुत्री अमरनाथ ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा जमीन के विवाद को उन्हें मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुबोध, रिंकी, कुसुमलता व भगवान प्रताप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।इसी थाना क्षेत्र के मरवटिया तिवारी गांव निवासी विवेक कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 21 जुलाई को झलियहवा बिहरा गांव के पास कुछ लोगों ने बाइक से घर जाते समय रोक लिया और उन्हें मारा पीटा तथा जानमाल की धमकी दी। इतना ही नहीं उन लोगों ने उनकी मोबाइल भी छीन ली। पुलिस ने मामले में बाइक सवार चार अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

मारपीट का चौथा मामला सोनहा थाना क्षेत्र का है। थाना क्षेत्र के ककरहिया गांव निवासी शिव कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों ने आपसी रंजिश को लेकर उन्हें अपशब्द कहते हुए मारा पीटा व जान माल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित मेवालाल, प्रेमकुमार, माया देवी व राजकुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# नगरपालिका ने भद्रेश्वरनाथ पर बनाया कंट्रोल रूम

नगर पालिका द्वारा भद्रेश्वरनाथ मंदिर तथा अमहटघाट पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। अमहट घाट पर कुआनो नदी के दोनों तरफ बालू की बोरियों से घाट बनाया गया है। पानी के टैंकर तथा मोबाइल टायलेट लगाए गए है। वाहन से आने वाले कांवड़ियों के लिए पार्किंग स्थल भी बनाए गए है। पड़ाव स्थलों पर साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल एवं चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। मार्ग में पड़ने वाले सभी भोजनालय एवं ढाबा संचालकों को निर्देशित किया गया है, वे निर्धारित दर से अधिक खाद्य सामग्री का मूल्य नहीं लेंगे। सामने की ओर रेटलिस्ट लगाकर रखेंगे। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नियमित रूप से सैंपलिंग की जाएगी। अमहटघाट में नाव, नाविक एवं गोताखोर की व्यवस्था भी की गई है। कावड़ यात्रा के दौरान 24, 25 एवं 26 जुलाई को सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। स्थान-स्थान पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस फोर्स लगाई गई है।

**एसडीएम व सीओ ने कांवड़ यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण :** गोटवा, बस्ती : शनिवार को सीओ कलवारी विनय चौहान व उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दुबे ने कांवड़ मार्ग का भ्रमण किया। वे तिलकपुर स्थित बाबा जागेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे। वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अयोध्या से जल भर कर वापस आने वाले कांवड़िया मंदिर परिसर में विश्राम करते हैं। उसके बाद भद्रेश्वरनाथ शिव मंदिर पर जाकर जलाभिषेक करते हैं। एसडीएम व सीओ ने सड़क की पटरी व बाबा जागेश्वरनाथ मंदिर पर सफाई व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# महिला को किया प्रताड़ित, तीन नामजद

बस्ती। कप्तानगंज थाने पर तहरीर देकर रेखा ने आरोप लगाया है कि हरदी खास स्थित उनकी ससुराल में पति घनश्याम, ससुर नेबूलाल और सास मीरा ने उन्हें प्रताड़ित किया और अपशब्द कहे।

पुलिस ने पति समेत तीनों आरोपितों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# शिक्षक की पिटाई के मामले में जिलाधिकारी ने गठित की जांच टीम

**12 जुलाई को हर्रैया के पिपराकाजी में गड्ढे को लेकर हुआ था विवाद**

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। प्राथमिक विद्यालय रतनपुर खास के दिव्यांग शिक्षक सत्येन्द्र कुमार को थप्पड़ मारने की घटना की जांच डीएम प्रियंका निरंजन ने शुरू करा दी है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस मामले को डीएम के संज्ञान में डाला था। इसके बाद डीएम ने तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। इस टीम में एडीएम वित्त एवं राजस्व को अध्यक्ष, एएसपी व बीएसए को सदस्य नामित किया है। टीम एक सप्ताह के भीतर प्रकरण का निस्तारण करेगी।

उल्लेखनीय है कि 12 जुलाई को हर्रैया के नायब तहसीलदार व सिपाही ने दिव्यांग शिक्षक को पिपराकाजी गांव में गड्ढे के विवाद की जांच के दौरान मारपीट का मामला हुआ था। इसे लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल के नेतृत्व में बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों ने धरना देकर मामले में मुकदमा दर्ज कर विभागीय कार्रवाई करने की मांग उठाई थी। वहीं, इस मामले को लेकर जिला प्रशासन की ओर से ठोस कदम उठाए गए हैं।

# बाइक व नकदी के साथ दो गिरफ्तार

## संयुक्त टीम ने शनिवार सुबह ब्लॉक रोड से चेकिंग के दौरान पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

हर्रैया। थाना हर्रैया व एंटी नारकोटिक्स टीम की संयुक्त टीम ने लूट की बाइक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि शनिवार सुबह करीब सवा आठ बजे बभनान मोड़ ब्लॉक रोड हर्रैया के पास वाहन चेकिंग के दौरान आरोपी सर्वेश राय निवासी एकमा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर और विकास सोनकर निवासी महूघाट थाना हर्रैया को गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि दोनों के कब्जे से लूट की बाइक और 55 सौ रुपये नकद बरामद किया गया है। दस मार्च 2022 को हुई घटना में दोनों की तलाश थी। इस वारदात में बाइक के साथ ही 31 सौ रुपये नकदी व चेन लूट गया था। इसके संबंध में थाने पर लूट का मुकदमा पंजीकृत था।

मुखबिर की सटीक सूचना पर शनिवार की सुबह दोनों को ब्लॉक रोड हर्रैया के पास चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हर्रैया शैलेष कुमार सिंह, प्रभारी एंटी नारकोटिक्स रोहित उपाध्याय, थाने के एसएसआई सुरपति त्रिपाठी, एसआई छितेश्वर, एंटी नारकोटिक्स के हेड कांस्टेबल महेन्द्र यादव, कुलदीप यादव, कांस्टेबल शिवचरन चौहान, रवि प्रताप सिंह, रमेश गुप्ता, थाने के कांस्टेबल प्रद्युम्न सिंह, पवन यादव शामिल रहे।

# कूटरचित कागजात से दर्ज कराया अपना नाम, केस दर्ज

बस्ती। कोतवाली में तहरीर देकर कलवारी थाना क्षेत्र के बभनियांव बुजुर्ग निवासी अशोक कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि आरोपितों ने कूटरचित ढंग से गोमती सिंह व बेनी उर्फ त्रिवेनी सिंह को अपना पिता बनाकर उनकी समस्त चल-अचल संपत्ति पर तहसील बस्ती के अधिकारियों को फर्जी व कूटरचित कागजात दिखाकर अपना नाम अंकित करा लिया।

विरोध करने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने व जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी बृजमोहन, मनोरमा सिंह व आकांक्षा उर्फ खुशी सिंह निवासी बभनियांव बुजुर्ग थाना कलवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# 59 मामलों में केवल छह का ही निस्तारण

## थाना समाधान दिवस : शेष मामलों के निपटारे के लिए पुलिस व राजस्व टीम गठित



थाना समाधान दिवस पर रुधौली में समस्याएं सुनते एसडीएम आनंद सिंह श्रीनेत। संवाद



दुबौलिया थाना परिसर में समाधान दिवस पर फरियादियों की शिकायत सुनते थानाध्यक्ष। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। जिले के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुल 59 प्रकरण आए, जिसमें छह का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, बाकी के लिए पुलिस व राजस्व टीम रवाना कर दी गई।

कोतवाली में कुल 27 प्रकरण आए, जिसमें एक का भी निस्तारण नहीं किया जा सका। यहां अध्यक्षता करते हुए कोतवाल संजय कुमार ने सभी के लिए पुलिस व राजस्व टीम गठित कर समय से निस्तारित करने का निर्देश दिया।

पुरानी बस्ती थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में कुल 12 प्रकरण आए, जिसमें तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। थाना प्रभारी आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बाकी मामलों के लिए टीम गठित कर दी गई है।

कलवारी प्रतिनिधि के अनुसार थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल आठ प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें सभी राजस्व से संबंधित थे। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया और बाकी छह के लिए टीम गठित कर समय भीतर रिपोर्ट तलब किया है।

बनकटी प्रतिनिधि के अनुसार समाधान दिवस की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने किया। यहां कुल सात मामले आए, जिसमें एक पुलिस व छह राजस्व के मामले थे। पुलिस के प्रकरण का तत्काल समाधान कर दिया गया, बाकी के लिए टीम भेजी गई।

दुबौलिया संवाद के अनुसार प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल पांच मामले आए। जिनमें कोई भी प्रकरण निस्तारित नहीं हो सका।

# ट्रेलर की चपेट में आया कांवड़ियों का वाहन, पांच घायल

## घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया, पुलिस ने वाहन को कब्जे में लिया

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। जिले के मुंडेरवा थाना क्षेत्र के खझौला पुलिस चौकी के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार कांवड़ियों को पीछे से एक ट्रेलर ने अपने चपेट में ले लिया जिससे पांच कांवड़िए घायल हो गए। उन्हें पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

मुंडेरवा थाना क्षेत्र के हुसेमपूर गांव से शुक्रवार देर शाम कांवड़ियों की एक टोली ट्रैक्टर-ट्रॉली से अयोध्या जाने के लिए रवाना हुई।

ट्रैक्टर में डबल ट्रॉली बांधी थी और पीछे डीजे भी लगा हुआ था। खझौला चौकी के पास देर रात करीब एक बजे गोरखपुर की तरफ से आ रहे ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची खझौला पुलिस ने घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया।

बताया जा रहा है कि ट्रॉली में तकरीबन 10 से 12 लोग सवार थे। हादसे में हुसेमपूर निवासी सुरेंद्र चौधरी पुत्र हरिराम, गोविंद लाल पुत्र राम बुझ, धीरज पुत्र राम जन्म, दिलीप व मिथुन घायल हो गए। घायल दिलीप और मिथुन को हल्की चोट लगने के कारण प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनका हालचाल लेने सीओ रुधौली और मुंडेरवा थाना प्रभारी राधेश्याम राय उनके घर पर गए। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में सुरक्षित बचे कांवड़ ट्रॉली-ट्रैक्टर लेकर अयोध्या के लिए रवाना हो गए। जिला अस्पताल में भर्ती घायलों को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने हाल जाना। चिकित्सकों से भी बातचीत की।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल कांवड़ियों की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की।



घायल कांवड़ियों का हाल जानने जिला अस्पताल पहुंचे एसपी। संवाद

# सरयू का जल लेने निकला कांवड़ियों का जत्था

## कांवड़ मेला : जिलाधिकारी ने लिया तैयारियों का जायजा, जनपद में 25 व 26 जुलाई को बंद रहेंगे विद्यालय



हर्रैया में हाईवे के किनारे कावड़ियों की सेवा के लिए सजने लगे टेंट। संवाद



पुराना डाकखाना से कांवड़ियों को रवाना करते जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पावन श्रावण मास में देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों की टोलियां सरयू नदी की तरफ बढ़ने लगी है। कांवड़ यात्रा के विभिन्न रूटों का डीएम ने जहां निरीक्षण किया वहीं, देवीपाटन रेंज के डीआईजी व बस्ती के एसपी ने कांवड़ रूट का मुआयना कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने 25 व 26 जुलाई को स्कूलों को बंद रखने का निर्देश बीएसए को दिया है।

डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बस्ती-अयोध्या फोरलेन स्थित कप्तानगंज कस्बे का निरीक्षण किया। उसके बाद डीएम व अधिकारियों ने भद्रेश्वरनाथ मंदिर पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। यहां जिला पंचायत ने बैरिकेडिंग की है और फिसलन से बचने के लिए मैट लगवाया है। स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल कैंप व एंबुलेंस का इंतजाम किया है।

डीएम ने कांवड़ यात्रा के दौरान पड़ने वाले ढाबों व होटल संचालकों को निर्धारित दर से अधिक मूल्य न लेने का निर्देश दिया है और रेटलिस्ट लगाने को कहा है। इस मौके पर सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, जिला पंचायत के एएमए विकास मिश्रा व एसडीएम सदर शैलेश दुबे आदि अधिकारी मौजूद रहे।



न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्रैया अतुल आनंद के साथ हिंदू संगठनों ने पुष्प वर्षा कर किया कांवड़ियों का अभिनंदन। संवाद



कयलपुर के पास वाहनों के डायवर्जन के लिए रास्ता बनाते पुलिसकर्मी। संवाद

### डीआईजी व एसपी ने किया निरीक्षण

परशुरामपुर संवाद के अनुसार देवीपाटन रेंज के डीआईजी उपेंद्र कुमार अग्रवाल व बस्ती के एसपी आशीष कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को अयोध्या-बस्ती फोरलेन पर पहुंच कर कांवड़ यात्रा के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया। अयोध्या सीमा पर स्थित पचौवा चौकी पर पहुंच कर रूट डायवर्जन के बारे में परशुरामपुर के थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही से जानकारी हासिल की। डीआईजी ने कहा कि किसी भी दशा में निर्धारित समयावधि तक वाहनों को प्रवेश न होने दें।

### अयोध्या निकलीं कांवड़ यात्रियों की टोलियां

हर्रैया संवाद के अनुसार भगवान महादेव का जलाभिषेक करने के लिए कावड़ियों का दल शनिवार को ही सज-धज कर पवित्र सरयू नदी से जल लेने अयोध्या निकल पड़ी। ट्रॉली-ट्रैक्टरों व अन्य वाहनों पर भगवा वस्त्र धारण कर डीजे की धुनों पर झूमते शिवभक्तों की टोली तेरस के दिन भद्रेश्वरनाथ मंदिर सहित अपनी मान्यता के अनुसार अन्य मंदिरों पर जलाभिषेक करेगी। यह टोलियां वापसी में जल लेकर कस्बे के बीआरसी परिसर में आराम करने के बाद रात में भद्रेश्वरनाथ के लिए निकल जाएंगी। इस बार कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं। क्षेत्र के धानेश्वरनाथ व तिलकपुर सहित कई अन्य मंदिरों पर भी श्रद्धालु मान्यता के अनुसार जलाभिषेक करेंगे। अयोध्या से लेकर भदेश्वरनाथ के रास्ते में कावंड़ियों के सेवा के लिये कस्बे में जगह-जगह स्टाल सजने लगे हैं। समाज सेवी राम मोहन गुप्ता, राजू सिंह व पवन पांडेय ने बताया कि रविवार सुबह से मंगलवार सुबह तक भंडारा चलेगा। यहां खाने-पीने के सामान के साथ दवाओं व ठंडे और गरम पानी की भी व्यवस्था रहेगी स्वास्थ्य विभाग के अलावा नगर पंचायत व राजस्व कर्मियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पड़ाव स्थलों पर हुआ इंतजाम

विक्रमजोत संवाद के अनुसार पचौवा पुल से छावनी के चौकड़ी टोल प्लाजा तक कुल छह पड़ाव स्थलों पर निशुल्क मेडिकल कैंप व जलपान का इंतजाम किया गया है। पचौवा चौकी के पास कावंड़ियों को बरसात से बचाव के लिए वाटरप्रूफ पंडाल बनाया गया है। वहीं, सिकंदरपुर प्राथमिक चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सक डॉ. मनोज व सीएचओ आशुतोष की ओर से मेडिकल कैंप लगा कर कांवड़ियों का इलाज किया जा रहा है। छावनी थाना क्षेत्र में विक्रमजोत के वाल्मीकि इंटर कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय पचवस, प्राथमिक विद्यालय पचवस व शहीद स्मारक सहित ब्लॉक मुख्यालय पर प्रशासन ने कैंप कार्यालय बनाया है। केशवपुर व आसपास सिरका व्यवसायियों ने तीन दिवसीय निशुल्क जलपान व भोजन का इंतजाम किया है।

**अमहट घाट का किया निरीक्षण :** शहर से सटे बाबा भद्रेश्वरनाथ धाम पर जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों का दल सबसे पहले कुआनो नदी के अमहट घाट पर पहुंचता है। यहां शनिवार सुबह ही बीडीए के सचिव गुलाबचंद्र ने अधिकारियों के साथ पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागीय जिम्मेदारों को दिया। इस दौरान उन्होंने कांवड़ियों से कुशल क्षेम पूछा और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश नगर पालिका के कर्मियों को दिया।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2022

# फरियादी को दी जेल भेजने की धमकी

## फरियादी ने थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

संवाद न्यूज एजेंसी

**उसका बाजार।** थाने में फरियाद लेकर पहुंचे व्यक्ति को पुलिस ने जेल में भेजने की धमकी दे दी। एसपी से फरियादी ने इसकी शिकायत की। एसपी ने नाराजगी जताते हुए लोगों से अच्छा व्यवहार करने को कहा है।

जानकारी के अनुसार उसका थाने में शनिवार को एसपी अमित कुमार आनंद थाना समाधान दिवस में पहुंचे। उनके पहुंचते ही दुमदुमवा के धर्मनारायन ने बताया कि जमीन विवाद के मामले में उन्होंने थाना दिवस में आवेदन किया है, इस मामले में न्यायालय में वाद चल रहा है। धर्मनारायन ने बताया कि उनकी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है, जब इसे हटाने की कोशिश करते हैं, तो कब्जाधारी मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। समस्या के समाधान के लिए थाने गए तो पुलिस ने उन्हें ही डांट लगाई गई और जेल भेजने की धमकी दी। पुलिस अधीक्षक ने इस प्रकरण पर रोष प्रकट करते हुए पुलिसकर्मियों को फरियादियों के साथ शालीनता से पेश आने की हिदायत दी।



उसका में थाना दिवस पर फरियाद सुनते एसपी अमित कुमार आनंद। संवाद

# व्यापारी को लूटने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

## मोहाना थाना क्षेत्र में 14 जुलाई को गल्ला व्यवसायी को चाकू मारकर लूट लिए थे 2.94 लाख

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना क्षेत्र के हरैया जंगल के पास 14 जुलाई को गल्ला व्यवसायी को चाकू मार कर 2.94 लाख रुपये की लूट का खुलासा पुलिस ने किया है।

पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार किया गया है। लुटेरों के पास से असलहा, लूट की कुछ रकम व मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

पुलिस लाइंस सभागार में एसपी अमित कुमार आनंद ने शनिवार को बताया कि 14 जुलाई को मोहाना थाना क्षेत्र के हरैया जंगल में बाइक सवार गल्ला व्यवसायी बैजनाथ पटवा अपने घर जा रहे थे। मोहाना थाना क्षेत्र के हरैया जंगल में बाइक सवार तीन लुटेरों ने उनसे रुपयों से भरा बैग छीनना चाहा तो वह विरोध करने लगे। विरोध करने पर लुटेरे उन्हें चाकू मार कर घायल कर रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। बैग में 2.94 लाख रुपये थे।

व्यापारी की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में लगी थी। शनिवार सुबह सूचना मिली की लुटेरे ककरहवा से कपिलवस्तु जाने वाले तिराहे पर मौजूद हैं। मोहाना थाना, एसओजी व सर्विलांस की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 50,500 रुपये नकद, एक कट्टा व कारतूस, लूट में प्रयोग की गई बाइक, तीन मोबाइल फोन बरामद किया। पूछताछ में उनकी पहचान कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के बर्डपुर नंबर नौ के तिलकपुर टोला निवासी संदेश कुमार उर्फ बब्लू पुत्र बेचन व अनिल कुमार जायसवाल पुत्र कृष्णा जायसवाल और चिल्हिया थाना क्षेत्र के सिरवतडीह गांव निवासी हीरा लाल उर्फ धीरज पुत्र नंदलाल के रूप में हुई।

### दो दिन बाद भी घटना का नहीं हुआ पर्दाफाश

**ढेबरुआ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ढेकहरी बुजुर्ग में दो दुकानों पर हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश करने में पुलिस अब तक नाकाम रही है। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद होने के बाद भी पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पा रही है। ढेकहरी बुजुर्ग गांव के चौराहे पर दो ग्राहक सेवा केंद्रों पर बुधवार रात चोरों ने दुकान के पीछे लगे दरवाजे का ताला तोड़कर चोर लगभग 27 हजार रुपये चुरा ले गए थे। इस संबंध में एसओ हरिओम कुशवाहा ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। संवाद

# सड़क किनारे खड़ा ट्रक चोर ले फरार, मुकदमा

**बांसी (एसएनबी)।** सड़क किनारे खड़े ट्रक को चोरों ने उड़ाया पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार कोतंवाली क्षेत्र के बसन्तपुर निवासी संजय कुमार त्रिपाठी ट्रक वाहन संख्या यूं पी 51ज0630के स्वामी हैं। उक्त वाहन रोशन पुत्र छेदी चालक निवासी छितौनी कोतवाली बांसी दिनांक 6जुलाई को चलाकर आने पर कोतवाली क्षेत्र के ही छितौना गांव के सामने बांसी बस्ती मुख्य मार्ग के किनारे खड़ी कर अपने घर चला गया। दूसरे दिन सुबह जब वह ट्रक खड़ी जगह पर पहुंचा तो ट्रक वहां नहीं मिला जिसकी सूचना ड्राईवर ने वाहन स्वामी श्री त्रिपाठी को दिया। श्री त्रिपाठी के अनुसार उन्होंने काफी दिनों तक खोजबीन किया परन्तु कोई अतापता नहीं चल पाया तो वे मजबूर होकर दिनांक 19जुलाई को स्थानीय कोतवाली में तहरीर देकर जानकारी दी।मुकामी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा संख्या 193 धारा 379अज्ञात चोर के विरुद्ध दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। हालांकि समाचार भेजें जाने तक ट्रक का पता लगाने में पुलिस नाकाम रही।

# युवती लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**उसका बाजार।** उसका थाना क्षेत्र के एक गांव की 20 वर्षीय युवती शुक्रवार रात घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद पता नहीं चलने पर परिजनों ने शनिवार पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर से कुछ दूरी से गुजर रही नदी में तलाश कराई, लेकिन युवती का पता नहीं चला। संवाद

# ‘पुलिस से डरें नहीं मदद लें’

पकड़ी बाजार। ग्राम माधोपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मिश्रौलिया थाने के सिपाहियों ने कहा कि पुलिस से डरे नहीं, बल्कि उनसे मदद प्राप्त करें। महिला आरक्षी साधना मौर्या ने महिला हेल्प लाइन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रही हैं। अराजकतत्वों से डरना नहीं चाहिए। आवश्यकता पड़ें, तो पुलिस का सहयोग लेना चाहिए। संवाद

# समस्याओं के समाधान में देरी न हो : एसपी

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना उसका बाजार पर मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण समय से व गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए,इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पीड़ित को न्याय समय से मिले, यह पुलिस और राजस्व विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राजस्व राजस्व कर्मी व पुलिस एक साथ समस्या का निराकरण करावें ताकि पीड़ित को बार-बार तहसील व थानों का चक्कर न काटना पड़े इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह, उप निरीक्षक अजय कुमार गुप्ता, राजस्व निरीक्षक सुरेश तिवारी, लेखपाल रामकरण गुप्ता, अरुण श्रीवास्तव,गिरीश मिश्रा, रणधीर राणा, रविन्द्र यादव, अशोक गुप्ता, सचिंद्र श्रीवास्तव, रमेश गुप्ता,योगेंद्र वर्मा, मुन्नीलाल,राम सिंह, ज्योति सिंह, प्रीति लता पांडेय, प्रिया पटेल आदि उपस्थित रहे।

वही अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने शोहरतगढ़ थाने पर मामले की सुनवाई किया, इस दौरान कुल 15 प्रकरण आए, मामले की सुनवाई करते हुए एएसपी ने 9 मामलो का मौके पर ही समाधान कर दिया तथा शेष मामलो के समाधान के लिए स्थलीय निरीक्षण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर मामले का समाधान करने का निर्देश दिया।



थाना समाधान दिवस में मामले की सुनवाई करते अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत

# उस्का में थाना दिवस आयोजित

■ उसका बाजार।

सहारा न्यूज ब्यूरो

उसका थाने में शनिवार को एसपी अमित कुमार आनंद की अध्यक्षता में आयोजित थाना दिवस में सिर्फ दो फरियादी पहुंचे। दोनों मामले जमीन विवाद से संबंधित है। पहला मामला नगर क्षेत्र के घुघुलिया की संगीता के जमीन से संबंधित है, इसमें एसडीएम के स्तर की कार्रवाई की जानी है। दूसरा मामला दुमदुमवा के धर्मनारायन के जमीन विवाद से संबंधित है।

इस मामले में न्यायालय में वाद चल रहा है। धर्मनारायन ने बताया कि उनकी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है, जब इसे हटाने की कोशिश करते हैं, तो कब्जाधारी मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। इससे वह अपनी जमीन का उपयोग नही कर पा रहे हैं। मामले को लेकर थाने गए तो उन्हे ही डांट लगाई गई और जेल में डाल देने की धमकी पुलिस द्वारा दी गई। पुलिस अधीक्षक ने इस प्रकरण पर रोष प्रकट करते हुए पुलिस को फरियादियों के साथ शालीनता से पेश आने की हिदायत दी।

थाना दिवस में एसओ अभिषेक सिंह, राजस्व निरीक्षक सुरेश तिवारी, लेखपाल रामकरन गुप्ता, योगेन्द्र सिंह, अरुण श्रीवास्तव, आशोक गुप्ता, योगेन्द्र वर्मा, रमेश गुप्ता, मुन्नीलाल, सचिन्द्र श्रीवास्तव, ज्योति सिंह, प्रीति लता पाण्डेय, प्रिया पटेल आदि उपस्थित रहे।

# धारदार हथियार से व्यापारी पर प्रहार कर लूट, तीन गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** मोहाना थाना क्षेत्र के हरैया जंगल मे 14 जुलाई को व्यापारी वैजनाथ पटवा के साथ हुई लूट की घटना का

> **पकड़े गए अभियुक्तो के कब्जे से पुलिस टीम ने लूट के रुपये सहित घटना को अंजाम देने में प्रयोग किया गया बाइक किया बरामद**
>
> **14 जून को हरैया जंगल मे बाइक सवार बदमाशों ने चाकू के बल पर व्यापारी वैजनाथ पटवा से 2,94,000 लूटा था**

जिले की एसओजी,सर्विलांस व मोहाना थाना की पुलिस ने खुलासा करने का दावा करते लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है,गिरफ्तार किए गए अभियुक्तो के कब्जे से पुलिस टीम ने 50,500 ₹ नकद,घटना में प्रयोग किया . गया मोटरसाइकिल, एक अदद तमंचा 315 बोर व कारतूस तथा तीन मोब्राइल बरामद किया है।पकड़े गए अभियुक्तो को नाम संदेश कुमार उर्फ बब्लू पुत्र चौहान, अनिल जायसवाल पुत्र घ्णा जायसवाल निवासी गण बर्डपुर नम्बर 9 टोला तिलकपुर थाना कपिलवस्तु तथा हीरालाल उर्फ धीरज पुत्र नन्दलाल निवासी सिरवत, थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थ नगर के निवासी है।



प्रेस वार्ता करते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द फोटो : एसएनबी

पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारो से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने बताया कि कपिलवस्तु कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बर्डपुर नम्बर 6 के टोला नोनहवा के रहने वाले बैजनाथ पटवा पुत्र नीबर ने मोहाना थाना को 14 जुलाई को यह सूचना दिया था कि वह बाजार से वसूली कर 2,94,000 ₹ बैग में रखकर घर लेकर जा रहा था,जैसे ही हरैया जंगल मे पहुचा कि बाइक पर सवार तीन अज्ञात युवकों ने पीठ चाकू से प्रहार कर दिया और बैग से भरे रुपये को छीनकर फरार हो गया।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पीड़ित व्यापारी में तहरीर पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासा के लिए एसओजी, सर्विलांस व मोहाना थाना की पुलिस को जिम्मेदारी सौंपी गई थी।गठित की गई पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर लूट की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तो को ककरहवा से कपिलवस्तु जाने वाले तिराहे पर लूट के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया है।घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना मोहाना संतोष कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, सर्विलांस सेल प्रभारी शेषनाथ यादव,उप निरीक्षक राम दरश यादव,मुख्य आरक्षी रमेश यादव, राजीव शुक्ल, अवनीश सिंह, पवन तिवारी, मृत्यंजय कुशवाहा, वीरेंद्र तिवारी ,देवेश यादव,विवेक मिश्र,अभिनन्दन सिंह शामिल रहे।प्रेसवार्ता के दौरान सीओ सदर प्रदीप यादव भी मौजूद रहे।

# डुमरियागंज में तीन मामलों का निस्तारण

डुमरियागंज। डुमरियागंज थाना समाधान दिवस में एसडीएम विकास कश्यप व सीओ अजय श्रीवास्तव की मौजूदगी में छह मामले पेश हुए। इसमें तीन का निस्तारण हो सका। एसडीएम ने कहा कि सरकार का निर्देश है कि राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों की सुनवाई थाना परिसर में की जाए ताकि लोगों को न्याय मिलने में देरी न हो। उन्होंने कहा कि यहां पर जो भी मामले संबंधित विभागों के पेश हो रहे हैं उसकी सही तरीके से जांच कर समय से निस्तारित किया जाए।

एसपी ने दो थानों में सुनीं लोगों की फरियाद

# त्वरित न्याय दिलाने में न हो लापरवाही



उस्का बाजार थाने पर थाना समाधान दिवस पर शनिवार को सुनवाई करते एसपी अमित कुमार आनंद। ● हिन्दुस्तान

## समाधान दिवस

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसपी अमित कुमार आनंद ने थाना समाधान दिवस पर शिवनगर डिड़ई व उस्का बाजार थाना पर पहुंच कर फरियाद सुनीं। एएसपी ने शोहरतगढ़ थाना में समस्याएं सुनीं। एसपी ने कहा कि सरकार की मंशा त्वरित न्याय दिलाने की है। इसमें जिम्मेदार लापरवाही न बरतें।

थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को एसपी ने सुनीं। राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने को निर्देशित किया। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण जल्द से जल्द करें। प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर संबंधित अधिकारी को भेजें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। उस्का बाजार में छह में से चार मामलों का निस्तारण कर दिया गया। थाना शोहरतगढ़ पर एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने फरियाद सुनीं। 15 प्रकरण थाने पर प्राप्त हुए। सुनवाई करते हुए नौ प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया गया।

## सिद्धार्थनगर में 22 मामले निस्तारित हुए

सिद्धार्थनगर। थाना समाधान दिवस पर सिद्धार्थनगर थाना पर पेश मामलों में से 22 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बांसी कोतवाली पर एक भी मामले नहीं निपट सके। संबंधितों को समय से निपटाने के लिए सौंपा दिया गया। सदर थाना पर थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह ने सुनवाई की। इस दौरान 30 लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। 22 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष का निस्तारण करने को संबंधितों को सौंपकर समय से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। बांसी कोतवाली पर कोतवाली प्रभारी भानू प्रताप सिंह थाना दिवस पर सुनवाई कर रहे थे।

## एसपी ने लूटकांड में गिरफ्तारी व बरामदगी का किया खुलासा

# व्यापारी को चाकू मारकर लूटने वाले तीन गिरफ्तार

**कामयाबी**

- 14 जुलाई को व्यापारी से 2.94 लाख रुपये की हुई थी लूट
- 505500 रुपये नगद, कट्टा-कारतूस व लूट की बाइक बरामद

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसओजी, सर्विलांस टीम व मोहाना पुलिस ने शनिवार को मोहाना थाना क्षेत्र के हरैया जंगल के पास 14 जुलाई को गल्ला व्यवसायी को चाकू मार कर 2.94 लाख रुपये लूटने वाले तीन शातिरों को दबोचने का दावा किया है। पुलिस ने लुटेरों के पास से असलहा, लूट की कुछ रकम व मोबाइल बरामद की है।

एसपी अमित कुमार आंनद ने शनिवार को पुलिस लाइंस सभागार में खुलासा करते हुए बताया कि 14 जुलाई को मोहाना थाना क्षेत्र के हरैया जंगल में बाइक सवार गल्ला व्यवसायी बैजनाथ पटवा पुत्र नीबर निवासी बर्डपुर नंबर छह टोला नोनहवा थाना कपिलवस्तु बाइक से वसूली कर अपने घर वापस जा रहे थे। मोहाना थाना क्षेत्र के हरैया जंगल में बाइक सवार तीन लुटेरों ने उनसे रुपयों भरा बैग छीनना चाहा तो वह विरोध करने लगे। विरोध करने पर उन्हें चाकू मार कर घायल कर रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। बैग में 2.94 लाख रुपये थे। व्यापारी की तहरीर पर धारा 394 दर्ज करने के बाद पुलिस सुराग लगाने में लगी थी। शनिवार सुबह में सूचना मिली की लुटेरे ककरहवा से कपिलवस्तु जाने वाले तिराहे पर मौजूद हैं। सूचना पर मोहाना थाना, एसओजी व सर्विलांस की टीम मौके पर पहुंच गई। आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 50500 रुपये नगद, एक कट्टा व जिंदा कारतूस, लूट में प्रयोग की गई बाइक, तीन मोबाइल बरामद किया।

**गिरफ्तार किए गए आरोपित:** संदेश कुमार उर्फ बब्लू पुत्र बेचन निवासी बर्डपुर नंबर नौ टोला तिलकपुर थाना कपिलवस्तु, हीरा लाल उर्फ धीरज पुत्र नंदलाल निवासी सिरवतडीह थाना चिल्हिया व अनिल कुमार जायसवाल पुत्र कृष्णा जायसवाल निवासी बर्डपुर नंबर नौ टोला तिलकपुर थाना कपिलवस्तु शामिल हैं।



मोहाना थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना व गिरफ्तारी का शनिवार को खुलासा करते एसपी अमित कुमार आनंद।

### गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास

धारा 323/504/506 थाना मोहाना, धारा 323/504/506 थाना मोहाना, धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहाना, धारा 41/411/413 थाना मोहाना, धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना मोहाना, धारा 8/21 थाना मोहाना, धारा 401 थाना मोहाना, धारा 394 व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहाना में दर्ज है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

थानाध्यक्ष मोहाना संतोष कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, प्रभारी सर्विलांस शेषनाथ यादव, लालपुर चौकी इंचार्ज राम दरश यादव, हेड कांस्टेबल रमेश यादव, राजीव शुक्ल, कांस्टेबल अवनीश सिंह, पवन तिवारी, मृत्युन्जय कुशवाहा, विरेंद्र तिवारी, देवेश यादव, विवेक मिश्र, अभिनन्दन सिंह शामिल रहे।

# गैंगस्टर के आरोपित को तीन साल आठ माह की सजा, पांच हजार जुर्माना भी

सिद्धार्थनगर। पुलिस की बेहतर पैरवी से न्यायालय ने एक गैंगेस्टर के आरोपित को तीन साल आठ माह व 10 दिन की सजा सुनाई है। आरोपित पर पांच हजार रुपये का जुर्मान भी लगाया है। मिश्रौलिया थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट में आरोपित शिवशंकर विश्वकर्मा निवासी हथियहवा थाना इटवा के खिलाफ न्यायालय में पैरवी की गई। न्यायालय ने शनिवार को आरोपित को सजा के साथ पांच हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई।

# महिला की तलाश में दिनभर हलकान रही पुलिस

उस्का बाजार। उस्का बाजार क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय महिला शुक्रवार की रात अचानक घर से गायब हो गई है। इसे लेकर शनिवार को दिनभर परिवारीजन व पुलिस हलकान रही पर देर शाम तक उसका पता नहीं चला। शुक्रवार की रात में महिला ने घर के सदस्यों के साथ भोजन करने के बाद सोने के लिए कमरे में चली गई। पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

## बस्ती में होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर 26 तक रहेगा डायवर्जन

# कांवड़ यात्रा : डायवर्ट किए गए मार्गों पर फोर्स मुस्तैद

### चौकसी

**बांसी, हिन्दुस्तान संवाद।** श्रावण मास में जनपद बस्ती में होने वाली कांवड़ यात्रा को देखते हुए शनिवार से भारी वाहनों का डायवर्जन कर दिया गया है। यह डायवर्जन 26 जुलाई तक जारी रहेगा। डायवर्जन के बाद बदले मार्गों का मोर्चा पुलिस ने संभाल लिया है। किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो, इसे लेकर जगह-जगह भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

रूट डायवर्जन के बाद गोरखपुर, कैम्पियरगंज, मेंहदावल की तरफ से आने वाले वाहन खेसरहा से माधव तिराहा कस्बा बांसी, पुलिस बूथ रोडवेज चौराहा कस्बा बांसी से पथरा बाजार, बैदौला चौराहा, कस्बा डुमरियागंज, बेंवा तिराहा, भड़रिया बार्डर होते हुये बलरामपुर की तरफ भेजी जा रही हैं।

इसी प्रकार गोंडा की तरफ से आने वाले वाहन भड़रिया बार्डर, बेंवा तिराहा, डुमरियागंज, बैदौला चौराहा,कस्बा डुमरियागंज, पथरा बाजार, पुलिस बूथ रोड पर चौराहा कस्बा बांसी, माधव तिराहा कस्बा बांसी से खेसरहा से मेंहदावल, कैम्पियरगंज, गोरखपुर की तरफ भेजी जा रही है। वहीं बांसी से बस्ती की तरफ भारी वाहनों का आवागमन माधव बाबू चौक पर ही रोक दिया गया है। रुट डायवर्जन के दृष्टिगत माधव तिराहा कस्बा बांसी, पुलिस बूथ रोडवेज चौराहा बांसी, बैदौला तिराहा, कस्बा डुमरियागंज, बेवा तिराहाए अमौना पांडेय, थाना डुमरियागंज तथा लोहरौली तिराहा थाना शिवनगर डिड़ई पर डायवर्जन पिकेट ब्लाकड बैरियर ड्यूटी लगाई गई है। इन जगहों पर दो-दो उपनिरीक्षक के साथ पुलिस कांस्टेबल और होमगार्ड के जवान तैनात हैं।

कोतवाली प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने बताया है कि कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। रुट डायवर्जन है। सभी जगहों पर पुलिस राहगीरों व यात्रियों की मदद के लिए लगाई गई है।

### गोरखपुर-लखनऊ फोरलेन पर डायवर्जन

- अयोध्या से बस्ती एनएच 28 के सभी लिंक रोड वाहनों के लिए प्रतिबन्धित रहेंगे।
- लखनऊ से गोरखपुर के तरफ आने वाले वाहनों को बाराबंकी से रोक कर जरवल रोड, करनैलगंज, गोण्डा, उतरौला, डुमरियागंज होते हुए खलीलाबाद से गोरखपुर के लिए डायवर्ट कर दिया जाएगा।
- अयोध्या से बस्ती होते हुए गोरखपुर के तरफ जाने वाले वाहनों को अयोध्या से कटरा से लकड़मंडी थाना नवाबगंज, गोण्डा, डुमरियागंज होते हुए गंतव्य मार्ग के लिए डायवर्ट कर दिया जाएगा।
- गोरखपुर से लखनऊ के तरफ आने वाले सभी वाहनों को खलीलाबाद से डायवर्ट कर मेंहदावल रोड होते हुए बांसी, डुमरियागंज, उतरौला गोण्डा होकर आगे निकाला जाएगा।
- बस्ती से लखनऊ के तरफ जाने वाले वाहनों को बड़ेबन ओवरब्रिज से डायवर्ट कर ओवरब्रिज के नीचे से मनौरी डुमरियागंज के रास्ते आगे को भेजा जाएगा।
- अम्बेडकरनगर से बस्ती के तरफ आने वाले वाहनों को कलवारी चौराहे से गायघाट, कुदरहा, लालगंज होते हुए जनपद संतकबीरनगर होते हुए डायवर्ट किया जाएगा।
- अम्बेडकरनगर की तरफ से बस्ती-लखनऊ के तरफ जाने वाले वाहनों को रामजानकी मार्ग से संतकबीरनगर के तरफ डायवर्ट किया जाएगा।
- बस्ती से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को फुटहिया, नगर होते हुए कलवारी मार्ग से अम्बेडकर नगर टाण्डा के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए डायवर्ट किया जाएगा।

# पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। ढेबरुआ पुलिस ने शनिवार को परसोहिया पुल के पास से रेप व पॉक्सो एक्ट के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। जीतराम गौतम उर्फ जीतू पुत्र सिद्ध राम निवासी रेकाहट के खिलाफ तहत केस दर्ज था। वह फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पुजारी को पीटने में चार हिरासत में

चेतिया। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के चेतिया बाजार में स्थित मोती सागर मंदिर के पुजारी को मारने पीटने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में ले लिया है।

चेतिया गांव निवासी मुकेश गिरि मोती सागर मंदिर में पुजारी हैं। शुक्रवार की शाम गांव के ही कुछ लोगों से पुजारी का विवाद हो गया। आरोप है कि उन लोगों ने पुजारी की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस चार आरोपितों को हिरासत में ले ली है। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह ने कहा कि चार लोगों के नाम तहरीर मिली है।

# बॉर्डर पर 40 बोरी खाद बरामद की

सिद्धार्थनगर। भारत-नेपाल सीमा के बजहा बॉर्डर पर सिविल पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने शनिवार को 40 बोरी खाद बरामद की। खाद को नेपाल ले जाया जा रहा था। एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।

बजहा चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार गुप्त, एसआई कुलदीप सिंह, हेडकांस्टेबल हितेश कांस्टेबल नरेश कुमार एसएसबी के रोठोड़, संतराम सीमा पर गश्त में थे। इस दौरान नेपाल भेजने के लिए बार्डर के पास रखी गई 33 बोरी यूरिया व सात बोरी डीएपी बरामद की गई। मौके पर मौजूद बाइक सवार आरोपी सलमान अहमद पुत्र जमीर अहमद निवासी बजहा थाना कपिलवस्तु को गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक छोड़ नेपाल सीमा में भाग गया।

**पहले भी पकड़ गया खादः** बजहा बॉर्डर पर पहले भी यूरिया, डाई समेत अन्य सामान एसएसबी की टीम ने पकड़ा था। सामान बारमदगी के साथ कार्रवाई भी हुई। कुछ दिन बंद था। फिर इधर खाद की तस्करी शुरू हो गई।

# फरार आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। थाना कठेला समय माता की पुलिस ने धारा 354/363/366/368 के नामजद फरार आरोपित को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

# 24 घंटे से गायब महिला का नहीं लगा सुराग

**जागरण संवाददाता, उसका बाजार** : थाना क्षेत्र के कठहा गांव की 20 वर्षीय विवाहिता का 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। स्वजन के अनुसार विवाहिता शुक्रवार की रात में भोजन के बाद अपने कमरे में सोने चली गई। कुछ देर बाद कमरे में वह नहीं दिखी तो स्वजन अगल –बगल के घरों में पूछताछ करने लगे परंतु पता नहीं चला। शनिवार को विवाहिता के पिता ने  पुलिसको सूचना दिया तो मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव के बगल से बह रही नदी में ढूढ़ने का प्रयास किया परंतु सुराग नहीं लगा। एसओ अभिषेक सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही वह मौके पर जाकर नदी व अन्य जगहों पर तलाश कराया। अभी कुछ पता नही चला। महिला की खोज के लिए पुलिस अपने स्तर से प्रयास कर रही है।

**यह और अन्य खबरें देखें–**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

## एक नजर में

# 40 बोरी खाद के साथ तस्कर गिरफ्तार

कपिलवस्तु : क्षेत्र के बजहा चौकी पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने बजहा बार्डर के पास से शुक्रवार को 40 बोरी खाद के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरी बाइक पर सवार आरोपित मौके का फायद उठाते हुए फरार हो गया। एसएसबी के एसआइ कुलदीप सिंह ने बताया कि दो बाइक पर दो युवक खाद लेकर नेपाल जाने की फिराक में थे। गिरफ्तार युवक की पहचान सलमान अहमद पुत्र जमीर निवासी बजहा के रूप में हुई है। खाद व आरोपित को कस्टम को सौंप दिया है। (जासं)

# छिनैती की घटना का पुलिस ने किया पर्दाफाश

**जासं, सिद्धार्थनगर** : नोनहवा-अमहवा मार्ग पर हरैया पुल के पास 14 जुलाई को किराना व्यापारी बैजनाथ पटवा के साथ हुई छिनैती की घटना का पुलिस, सर्विलांस व एसओजी की संयुक्त टीम ने पर्दाफाश किया है। छिने गए 2.94 लाख रुपये के सापेक्ष 50500रुपये बरामद करते हुए तीन आरोपितों को शुक्रवार की रात ककरहवा से कपिलवस्तु जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके पास से एक असलहा, कारतूस, एक बाइक, तीन मोबाइल बरामद किया है। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, आबकारी, मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। मुख्य आरोपित पुलिस की पकड़ से अब भी दूर है। यह जानकारी एसपी अमित कुमार आनंद ने शनिवार पत्रकार वार्ता में दी। वह पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपित को पकड़ने के लिए टीम लगायी गयी है।

एसपी ने बताया कि पटवा नोनहवा चौराहे पर किराना का दुकान चलाते हैं। उन्होंने वहीं पर अपना आवास भी बना रखा है। वह अमहवा चौराहे पर दुकानों से बकाया वसूली करके रात में करीब आठ बजे बाइक से अपने घर लौट रहे थे। वह हरैया पुल के पास पहुंचे ही थे कि बाइक सवार दो बदमाश ने असलहा दिखाकर उन्हें रोककर मौजूद पैसा लेकर फरार हो गये। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी में लगी हुई थी। एसपी ने बताया कि बुद्धेश उर्फ बुद्धा निवासी बनियाभारी थाना कपिलवस्तु की तलाश की जा रही है। उसके साथ छिने गए शेष रकम की बरामदगी होने पर टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ मोहाना संतोष कुमार सिंह, चौकी प्रभारी लालपुर राम दरश यादव, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, सर्विलांस सेल प्रभारी शेषनाथ यादव,रमेश यादव, पवन, मृत्युंजय कुशवाहा,विरेंद्र तिवारी,देवेश कुमार यादव,विवेक मिश्रा,अभिनंदन सिंह शामिल रहे।

**इनकी हुई गिरफ्तारी** : पुलिस टीम ने जिन आरोपितों की गिरफ्तारी की है। उनमें संदेश उर्फ बब्लू पुत्र बेचन,अनिल कुमार जायसवाल पुत्र कृष्णा जायसवाल निवासी बर्डपुर टोला नंबर नौ तिलकपुर थाना कपिलवस्तु, हीरा उर्फ धीरज पुत्र नंदलाल निवासी सिरवतडीह थाना चिल्हिया शामिल हैं।



घटना की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद • जागरण

- **मोहाना थाना क्षेत्र के हरैया पुल के पास 14 जुलाई को हुई थी घटना**
- **मुख्य आरोपित पुलिस की पकड़ से दूर,बरामद हुए सिर्फ 50500 रुपये**

# फरियादी ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**जासं, उसका बाजार,सिद्धार्थनगर :** उसका बाजार थाने में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक के सामने स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगे। एक फरियादी ने पुलिस अधीक्षक अधीक्षक अमित कुमार आनंद से शिकायत किया कि जमीन पर कब्जा होने की शिकायत करने पर पुलिस जेल में डालने की धमकी देती है। दुमदुमवा निवासी धर्मनारायन दुबे ने बताया कि उनकी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है, जब इसे हटाने की कोशिश करते हैं, तो कब्जाधारी मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। इससे वह अपनी जमीन का उपयोग नही कर पा रहे हैं। मामले को लेकर थाने गए तो उन्हे ही डांट लगाई गई और जेल में डाल देने की धमकी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने इस प्रकरण पर रोष प्रकट करते हुए पुलिस को फरियादियों के साथ शालीनता से पेश आने की हिदायत दी।

## समाधान दिवस

समाधान दिवस में दूसरा मामला नगर क्षेत्र के घुघुलिया की संगीता ने रखा। यह प्रकरण भूमि विवाद से संबंधित था, जिसमें उपजिलाधिकारी के स्तर से कार्रवाई होना है। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह, राजस्व निरीक्षक सुरेश तिवारी, लेखपाल रामकरन गुप्ता, योगेन्द्र सिंह, अरुण श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में एसपी ने सुनी शिकायतें, दिए निर्देश

**जासं, डिड़ई, सिद्धार्थनगर** : शिवनगर थाना डिड़ई में शनिवार को समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने शिकायतों की सुनवाई की। एसपी ने पुलिस कर्मियों को निर्देश देते हुए कि फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करें, जिससे कि थाने पर आने वाले व्यक्ति में किसी भी प्रकार का भय न रहे। उन्होंने पुलिस के जवानों के साथ पैदल मार्च भी किया।

एसपी ने कहा कि फरियादियों की समस्या का समाधान पुलिस कर्मी त्वरित करें। जिससे शिकायतें एसपी कार्यालय तक न पहुंचे। थाने के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार राय को निर्देशित किया। बेतरतीब रखे अभिलेखों पर कार्यालय में तैनात कर्मियों को चेतावनी देते हुए हिदायत दिया कि अभिलेखों के रख रखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दिवस में फरियादियों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने पर भी थानाध्यक्ष को एसपी ने फटकार लगाई। दिवस में 14 प्रार्थना पत्र आए। तीन मामले का निस्तारण मौके पर किया गया।



शिवनगर थाने परिसर में फरियादी की समस्याएं सुनते एसपी अमित कुमार आनंद ● जागरण

**सप्ताह भर के अंदर शिकायतों का करें निस्तारण** : शोहरतगढ़, अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस में 15 मामले आये। मौके पर नौ मामलों का निस्तारण किया गया। शेष मामलों को पुलिस व राजस्व विभाग की टीम गठित कर निस्तारण करने का निर्देश अपर पुलिस अधीक्षक ने दिया।

सर्वाधिक मामले राजस्व के पहुंचे। सभी मामलों को सप्ताह भर के अंदर प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। एएसपी ने कहा कि पुलिस के साथ राजस्व कर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है, तो तत्काल तहसीलदार व थानाध्यक्ष को कराएं। ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। पुलिस कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि जमीनी विवाद को दोनो पक्ष के समक्ष निस्तारण करे। फरियादियों की समस्याओं को लंबित न करें। समाधान दिवस में आये हुए मामलों को टीम बनाकर उसे निस्तारित करें। तहसीलदार राजेश सिंह, थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे, एएसआई रामा प्रसाद यादव, रविकान्त मणि त्रिपाठी, लेखपाल पूजा, साधना पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 24-07-2022

# शिकायत निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य : डीएम

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले के सभी थानों पर आयोजित थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

**थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनी जनता की शिकायतें**

संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने संबंधित थानों पर जनता की समस्याओं को सुना गया और प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

सभी थानों पर कुल मामले प्रस्तुत हुए जिनमें से मामलों का मौके पर निस्तारित किया गया। शेष मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कोतवाली खलीलाबाद में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा शिकायतकर्ताओं से उनकी शिकायतों को मौके पर सुना गया। संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। अधिकारी द्वय ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाय और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाय। जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। तत्पश्चात डीएम व एसपी द्वारा कोतवाली खलीलाबाद में शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध में फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



थाना कोतवाली खलीलाबाद में प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करतीं डीएम व एसपी।

इस मौके पर इंस्पेक्टर विजय नारायन प्रसाद सहित अन्य पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। सेमरियावां प्रतिनिधि के अनुसार थाना दुधारा परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें नायब तहसीलदार खलीलाबाद विजय कुमार गुप्ता मौजूद रहे। इस दौरान थानाध्यक्ष सर्वेश राय, राजस्व निरीक्षक राम अजोर, रमेश कुमार, राकेश कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक शशिकांत तिवारी, म.कां. शिवानी सिंह, रमेश चंद्र यादव, राकेश कुमार, राजेश कुमार, राधेश्याम मौर्या, दुर्गेश गौड़, अमृता तिवारी, नेबूलाल, विजय कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# अपहरण करने के आरोप में चार नामजद

**धनघटा (एसएनबी)**। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को साजिश कर उसका अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। काफी खोजबीन करने के बाद परिजनों को जब किशोरी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो शनिवार को अपहृता की मां धनघटा थाने पहुंच गयी और एक अपहरणकर्ता समेत तीन साजिशकर्ता के खिलाफ पुलिस को लिखित तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करते हुए बेटी को बरामद करने की गुहार पुलिस से लगाई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के विरूद्ध साजिश करके किशोरी का अपहरण करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर अपहृता समेत नामजद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में अपहृता की मां ने बताया कि बीते 19 जुलाई की रात करीब 10 बजे थाना क्षेत्र के शिवापार गांव निवासी विशाल पुत्र भईयाराम तथा छितौनी गांव निवासी रजनीश पुत्र अज्ञात नामक युवकों ने उसकी 17 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर घर से बाहर गांव के सीवान में बुला लिया और बेटी का अपहरण कर उसे कहीं गुप्त स्थान पर बंधक बनाकर रखे है। बेटी के अपहरण की इस घटना की साजिश करते हुए गांव निवासी सलोनी पुत्री घुरपतरी तथा साधना पुत्री घुरपतरी ने उक्त दोनों आरोपी युवकों का बेटी का अपहरण करने में पूरा सहयोग भी किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विशाल, रजनीश, सलोनी तथा साधना के विरूद्ध आईपीसी की धारा 120बी, 363,366 के तहत मुकदमा दर्ज कर अपहृता समेत नामजद आरोपियों की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने बताया कि जल्द ही अपहृता को बरामद कर आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

संतकबीरनगर की खबरें पेज 11 पर भी देखें

# 40 लीटर कच्चीबरामद कारोबारी गिरफ्तार

**धनघटा (एसएनबी)**। धनघटा पुलिस ने शनिवार को 40 लीटर तैयार कच्ची शराब के साथ दो कच्ची कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार कारोबारियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार धनघटा थाने के उपनिरीक्षक अशोक कुमार दूबे को जरिए मुखबिर जानकारी हुई कि थाना क्षेत्र के सेमरडाड़ी गांव निवासी कच्ची कारोबारी हरिवंश पुत्र झकरी तथा मोतीलाल पुत्र मनोरथ अपने घर पर कच्ची शराब की विक्री कर रहे है। सूचना पर भरोसा करते हुए उपनिरीक्षक अशोक कुमार दूबे हमराही पुलिसकर्मी धर्मेन्द्र यादव और हरीश सिंह के साथ तत्काल सेमरडाड़ी गांव मौके पर पहुंच गए और उक्त दोनों कारोबारियों को कच्ची शराब की विक्री करते हुए रंगे हाथ दबोच लिया और दोनों कारोबारियों के कब्जे से 20 - 20 लीटर तैयार कच्ची शराब भी बरामद कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों कारोबारियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चोरी के मामले में केस

**बखिरा (एसएनबी)**। बखिरा पुलिस ने दो सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर बाजार स्थित दो दुकानों का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा नकदी समेत हजारों का सामान लेकर फरार होने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीड़ित दुकानदारों ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं नकदी समेत सामानों की बरामदगी की मांग की थी। दी गई तहरीर में पीड़ित दुकानदार अब्दुल रहीम पुत्र रफी अहमद ग्राम नरायनपुर थाना बखिरा ने कहा था कि वह नरायनपुर में स्थित मोटरसाईकिल एजेंसी के बगल अपने मकान में किराने की दुकान खोला है। प्रतिदिन की भांति 07 जुलाई की शाम को वह दुकान बंद करके गांव में स्थित मकान पर चला गया था। 08 जुलाई की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि मेन गेट पर लगा ताला व दुकान के पीछे का एक ताला एवं दुकान के लाकर का ताला टूटा मिला और लाकर में रखा लगभग 30 हजार ₹ गायब मिला था। साथ ही दुकान में रखा सामान कीमत लगभग 50 हजार ₹ का गायब मिला था। वहीं दूसरे दुकानदार प्रमोद मौर्य पुत्र रामवृक्ष ग्राम सहसरांव थाना बखिरा ने तहरीर में कहा था कि किराना की दुकान के बगल में उसकी बीज भण्डार की दुकान है। 07/08 जुलाई की रात को अज्ञात चोरों ने उसके दुकान के अन्दर का ताला तोड़कर काउण्टर में रखा लगभग 10 हजार ₹ की नकदी लेकर अज्ञात चोर फरार हो गये। मामले में बखिरा पुलिस ने दो सप्ताह बाद धारा 457, 380 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

# रूट डायवर्जन का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। आगामी त्योहारों व श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने संयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ शहर कोतवाली खलीलाबाद का पैदल गश्त/भ्रमण किया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने मेंहदावल बाईपास खलीलाबाद से बरदहिया बाजार पैदल भ्रमण करते हुए सावन माह के दृष्टिगत गोरखपुर लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कावंड़ियों की सुरक्षा हेतु किए गए रुट डायवर्जन का निरीक्षण किया। आमजन को आपस में प्रेम, सौहार्द बनाए रखने हेतु जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस प्रशासन के सहयोग की भी अपील की। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने बताया कि जनपद पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। अफवाह एवं भ्रामक व झूठे संदेश फैलाने सहित शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वालों तथा अराजकतत्वों उपद्रवियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# शांति व्यवस्था को लेकर डीएम व एसपी ने किया भ्रमण

संतकबीरनगर। कांवड़ यात्रा पर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को डीएम दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार ने प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया। रूट डायवर्जन की व्यवस्था को देखने के साथ ही सख्ती के साथ डायवर्जन का पालन कराने का निर्देश दिया। डीएम, एसपी ने पैदल गश्त करते हुए आम लोगों से भी सहयोग की अपील की। मेंहदावल बाईपास से बरदहिया बाजार तक भ्रमण किया। कावंड़ियों की सुरक्षा के लिए गोरखपुर लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर किए गए रूट डायवर्जन का निरीक्षण किया।



कांवड़ यात्रा पर शांति व्यवस्था के लिए शनिवार को खलीलाबाद शहर में गश्त करती डीएम दिव्या मित्तल, एसपी सोनम कुमार व अन्य । ● हिन्दुस्तान

# शांतिभंग में छह गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने शनिवार को अभियान चलाकर अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। इस दौरान कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। दुधारा पुलिस ने दो, महुली पुलिस ने एक, मेंहदावल पुलिस ने तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया। सभी को जेल भेज दिया है।

# 15 दिन बाद चोरी का मुकदमा दर्ज

बखिरा। पुलिस ने दो सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर बाजार स्थित दो दुकानों का ताला तोड़कर अज्ञात चोर नकदी समेत हजारों का सामान लेकर फरार होने के मामले में केस दर्ज किया है। पीड़ित दुकानदारों ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों पर कार्रवाई करने एवं नकदी समेत सामानों की बरामदगी की मांग की थी।

पीड़ित अब्दुल रहीम पुत्र रफी अहमद ग्राम नरायनपुर ने कहा था कि वह नरायनपुर में स्थित मोटरसाईकिल एजेंसी के बगल अपने मकान में किराने की दुकान खोला है।

थाना समाधान दिवस पर डीएम ने दिए निर्देश

# मौके पर जाकर सभी शिकायतों का करें निस्तारण

- डीएम व एसपी ने खलीलाबाद कोतवाली में सुनी फरियाद
- कहा- निरीक्षण कर फरियादियों को संतुष्ट कर निपटाएं मामले

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने फरियादियों की फरियाद सुनते हुए त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कुछ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। कुल 56 शिकायतें आईं, इसमें से आठ का मौके पर निस्तारण किया गया और 48 शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया।

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और एसपी सोनम कुमार ने कोतवाली खलीलाबाद कोतवाली में फरियाद सुनी। मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए। यदि कहीं लापरवाही हुई तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का जरूर ध्यान दें। शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया। कुल 5 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। थाना दुधारा में में सात शिकायतें आईं, एक का त्वरित निस्तारण किया गया। थाना धनघटा में सात शिकायतें आईं इसमें से एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। महुली में नौ शिकायतें आईं दो का निस्तारण मौके पर किया गया। बखिरा में 15 शिकायतें आईं दो का मौके पर निस्तारण किया गया। बेलहरकला थाने पर पांच शिकायतें आईं मौके पर एक भी निस्तारण नहीं हो सका। धर्मसिंहवा थाने पर केवल एक शिकायत प्राप्त हुई जिसका मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

**समाधन दिवस में आए महज सात मामले:** मेंहदावल संवाद के अनुसार मेंहदावल थाने पर शनिवार को एसडीएम योगेश्वर सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस हुआ। लेकिन महज सात लोगों ने ही शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें से एक मामले को मौके पर निस्तारित कर दिया गया। इस दौरान एसडीएम ने कहा समाधान दिवस में फरियदियों को न्याय दिलाना सभी की प्राथमिकता होना चाहिए। सभी लोग मामलों का सार्थक निस्तारण करने पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान सीओ अम्बरीष सिंह भदौरिया, प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह समेत विभिन्न चौकियों के प्रभारी समेत राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# गैर जमानती वारंटी को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद में गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया।

कृष्ण मुरारी यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी बरईपार को गिरफ्तारकर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

# 182 वाहनों का किया चालान

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने यातायात नियमों का पालन न क़रने वालों के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में शनिवार को 182 वाहनों का चालान किया। 1 लाख 59 हज़ार 500 शमन शुल्क वसूल किया गया।

# मौके पर पहुंच विवाद को कराया शांत

संतकबीरनगर। पीआरवी 25474 को थाना दुधारा क्षेत्र के तनुआडाड़ से इवेन्ट संख्या 05104 से कालर ने दो पक्ष में मारपीट की सूचना दी। पीआरवी टीम ने मौके पर पहुंचकर विवाद शांत कराया।

# 60 लीटर अवैध शराब के साथ चार दबोचे

संतकबीरनगर। अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ चल रहे अभियान में शनिवार को 60 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

थाना धनघटा पुलिस द्वारा 20-20 लीटरकच्ची शराब के साथ दो को गिरफ्तार किया। मोतीलाल पुत्र मनोरथ को 20 लीटर व हरिवंश पुत्र छकरी निवासीगण सेमरडाड़ी को 20 लीटर के साथ दबोचा। थाना बेलहरकला पुलिस ने परमात्मा पुत्र रामसहाय निवासी लोहरौली मिश्र को व राकेश पुत्र ज्ञानदास, भगौसा को गिरफ्तार किया।

# कांवड़ यात्रा को लेकर राजमार्ग पर थमे पहिए

## मगहर में दुर्गा मंदिर के पास और शहर के बाईपास पर रोके गए वाहन, कांटे व टेमा रहमत में हुई बैरिकेडिंग

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : सावन माह में अयोध्या से बस्ती तक कांवड़ यात्रा को लेकर तीन दिनों तक लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चार पहिया वाहनों का संचालन रोक दिया गया है। यह रोक 26 जुलाई के दोपहर तक रहेगी।

मंगलवार को बस्ती जनपद के भद्रेश्वरनाथ मंदिर पर जलाभिषेक का कार्यक्रम पूरा होने के बाद फिर से राजमार्ग पर सामान्य रूप से वाहनों का आवागमन हो सकेगा। संतकबीर नगर में मगहर दुर्गा मंदिर के साथ ही खलीलाबाद बाईपास, कांटे और टेमा रहमत में बैरिकेडिंग की गई है। वाहनों को रोकने के लिए पुलिस ने खलीलाबाद के डीघा में सोनी होटल के सामने ओवरब्रिज पर भी बैरिकेडिंग हुई है। हर स्थानों पर पुलिसकर्मियों को तैनात करके वाहनों को नए निर्धारित मार्ग से जाने की जानकारी दी जा रही है। वैकल्पिक मार्ग पर जाम की समस्या पैदा हो रही है।



गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर खलीलाबाद बाईपास के पास की गई बैरिकेडिंग • जागरण




खलीलाबाद में जाम में फंसे वाहन • जागरण

**यातायात पुलिस करती रही निगरानी:** खलीलाबाद बाईपास पर यातायात निरीक्षक ब्रजेश यादव के नेतृत्व में पुलिसकर्मी अयोध्या की तरफ से आने वाले वाहनों को आगे बढ़वाने के साथ ही लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को रूट डायवर्जन की जानकारी देते हुए वापस करने में लगे रहे। इसमें धनघटा की तरफ से लखनऊ जाने वाले वाहनों को आंबेडकर नगर होकर जाने, गोरखपुर की तरफ से आने वाले वाहनों को नंदौर, बांसी होकर लखनऊ जाने के लिए भेजा जाता रहा। मगहर में भी अनेक वाहनों को दुर्गा मंदिर के सामने से मोड़कर समधिया चौराहा, घघसरा, चखिरा, नंदौर होकर जाने के लिए भेजा गया।

# धनघटा क्षेत्र में चोरों का गिरोह सक्रिय, दहशत में नागरिक

**जागरण संवाददाता, धनघटा, संतकबीर नगर :** क्षेत्र में चोरों का गिरोह सक्रिय हो गया है। आए दिन कहीं भैंस चोरी हो रही है तो कहीं पंपिंगसेट गायब होने की घटनाएं हो रही हैं। इससे पुलिस के रात्रि गश्त की पोल खुलती नजर आ रही है।



तीन दिन पूर्व कठवतिया निवासी जयराम चौहान की भैंस उनके दरवाजे गायब हो गई। शुक्रवार की रात चोर सिरसी गांव के रामअशीष यादव के दरवाजे से भैंस पिकअप पर लादकर उठा ले गए। इस घटना की तस्वीर सीसी कैमरे में कैद है। इसी तरह इसी गांव के दया नारायण राय का पंपिंगसेट उनके खेत से चोरों ने उड़ा दिया। क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं घट रही हैं। थानाध्यक्ष केडी सिंह ने बताया कि चोरी के संबंध में जो भी घटनाएं सामने आई हैं, उनका मुकदमा दर्ज किया गया है। भैंस चोरी के मामले की अभी जांच पड़ताल की जा रही है।

# फरियादियों को न्याय दिलाने में कोताही बर्दाश्त नहीं : डीएम

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर :** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार ने शनिवार को खलीलाबाद कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी व उनके निराकरण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। समस्याओं के निस्तारण में कोताही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।

डीएम ने कहा कि थानों पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनने के साथ ही पुलिस कर्मी राजस्व अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर उसका निस्तारण करें। छोटे-छोटे विवादों को अगर समय रहते निस्तारण कर दिया जाए तो बड़े विवाद होने से बच जाते हैं। एसपी सोनम कुमार ने कहा कि 112 नंबर व थानों पर आने वाले शिकायतों पर तत्काल मौके पर पहुंच कर उसका निस्तारण करें। गांव के संभ्रांत व्यक्तियों की मदद से छोटे विवादों को आपसी बातचीत से समाप्त कराने की कोशिश होनी चाहिए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी, सीओ अंशुमान मिश्र



खलीलाबाद कोतवाली मे लोगों की समस्याएं सुनतीं डीएम दिव्या मित्तल और एसपी सोनम कुमार ● जागरण

मौजूद रहे। इसी प्रकार धर्मसिंहवा थाने पर एसओ अनिल कुमार, बेलहर कला थाने पर एसओ संतोष कुमार मिश्र, मेंहदावल थाने पर एसओ जयवर्धन सिंह, दुधारा थाने पर सर्वेश कुमार राय, बखिरा थाने पर अनिल कुमार सिंह, महुली थाने पर रविंद्र कुमार और धनघटा थाने पर एसओ केडी सिंह ने समस्याओं को सुनकर उसका निस्तारण किया।

# किशोरी को भगा ले जाने के मामले में चार लोगों पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, धनघटा: धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में चार के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपितों पर मामला दर्ज किया है।

तहरीर में लिखा है कि उसकी बेटी को कुछ लोग 19 जुलाई को बहला-फुसलाकर भगा ले गए। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। थानाध्यक्ष केडी सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

## कांवड़ियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग के कर्मी रख रहे नजर

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : सावन में कांवड़ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ शनिवार को शहर की सड़कों पर पैदल घूमे। कांवड़ियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया।



शहर की सड़कों पर पुलिसकर्मियों के साथ पैदल निकलीं डीएम दिव्या मित्तल साथ में एसपी सोनम कुमार ● जागरण

डीएम और एसपी दिन में करीब दो बजे खलीलाबाद मेंहदावल बाईपास से लेकर समय माता मंदिर तिराहा, मुखलिसपुर तिराहा व गोला बाजार तक पैदल गश्त किया। डीएम ने कहा कि कांवड़ यात्रा को लेकर गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से रूट डायवर्जन किया गया है। इस दौरान जो भी नियमों का पालन नहीं करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि जिले में पुलिस द्वारा इंटरनेट मीडिया पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। अफवाह एवं भ्रामक व झूठे संदेश फैलाने व शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र, कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद, एसएसआइ राकेश मिश्र, दीपक कुमार दूबे, ब्रजेश कुमार यादव, हृदयनारायण दीक्षित, सत्येंद्र यादव, वीरेंद्र मिश्र समेत अनेक पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### तामेश्वरनाथ धाम में रुद्राभिषेक आज

जासं, संतकबीर नगर : प्राचीन शिव मंदिर बाबा तामेश्वरनाथ धाम पर रविवार को जनपद के विकास और वर्षा के लिए महारुद्राभिषेक व पूजन-अर्चन होगा। इसके बाद परिसर में शिव कथा का आयोजन होगा। यह जानकारी सूर्या ग्रुप के प्रबंध निदेशक डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने दी।

# जमीन विवाद में दंपती समेत तीन लोगों को पीटा, केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के नाऊडांड़ में जमीन संबंधी विवाद में कुछ लोगों ने दंपती समेत तीन की पिटाई कर दी। इस मामले में शनिवार को पुलिस ने तीन आरोपियों पर मारपीट एवं एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

नाऊडांड़ गांव निवासी राजेंद्र गोड़ ने बताया कि 22 जुलाई को वह, पत्नी व पिता जानवरों के बांधने वाले स्थल पर मौजूद थे। आरोप है कि जमीन की रंजिश में विपक्षी तौफीक, ताबिर, हुकुम अली उसके दरवाजे पर पहुंच गए। आरोप है कि लोग जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने लगे। विरोध करने पर लोग लाठी-डंडे से मारने-पीटने लगे।

पत्नी व पिता का बचाव करने पर लोग उसकी भी पिटाई की। पत्नी और पिता को भी गंभीर चोटें आई हैं। विपक्षी जानमाल की धमकी देते हैं। कोतवाल विजय नरायन प्रसाद ने बताया कि तीनों आरोपियों पर मारपीट एवं एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

## छेड़खानी का विरोध करने पर पिटाई

**संतकबीरनगर।** पत्नी के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर आरोपी ने भाई के साथ मिलकर पिटाई कर दी। शनिवार को इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पीड़ित महिला का आरोप है कि गांव का आरोपी उसे सुबह-शाम नित्य क्रिया के लिए जाते समय रास्ते में छेड़ता है। शुक्रवार को वह अपने पति के साथ इलाज कराने अस्पताल जा रही थी। उसी दौरान आरोपी उसके साथ अभद्र हरकतें करने लगा। मना करने पर आरोपी हाथापाई पर आमादा हो गया। उसके पति ने मना किया तो आरोपी और उसके भाई ने अपशब्द कहते हुए लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।

कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि इस मामले में आरोपी पर छेड़खानी और उसके भाई पर मारपीट कर केस दर्ज किया गया। संवाद

# डीएम व एसपी ने सुनीं समस्याएं

## जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम दिव्या मित्तल और एसपी सोनम कुमार ने कोतवाली खलीलाबाद में समस्याएं सुनीं। सभी थानों पर कुल 56 मामले आए। उनमें आठ का निस्तारण हो सका।

डीएम दिव्या मित्तल ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए, जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े।

डीएम व एसपी ने कोतवाली में शिकायत पंजिका का निरीक्षण किया। निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध में फीडबैक भी लिया। इस दौरान कुल पांच मामले आए और एक निस्तारित हुआ। चार मामलों को संबंधित विभागों को भेज दिया गया।

इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। इसी तरह से बखिरा, मेंहदावल, दुधारा, बेलहर, धर्मसिंहवा, धनघटा, महुली थाने पर थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिले के सभी थानों में कुल 56 मामले आए और आठ का निस्तारण हुआ।



जन समस्याएं सुनतीं डीएम, साथ में एसपी। संवाद

# 60 लीटर कच्ची शराब के साथ चार गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा और बेलहर पुलिस ने शनिवार को अलग-अलग जगहों से 60 लीटर कच्ची शराब के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

धनघटा एसओ के डी सिंह ने बताया कि 40 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उनकी पहचान मोतीलाल, हरिवंश निवासी सेमरडाड़ी थाना धनघटा के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

एसओ बेलहर संतोष मिश्रा ने बताया कि 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान परमात्मा निवासी लोहरौली मिश्र, राकेश निवासी भगौसा थाना बेलहरकला के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2022

# शिकायतें आईं तमाम, कुछ का ही समाधान

**5 जगह 5 रिपोर्टर**

शनिवार को जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आई शिकायतों में चंद शिकायतों का ही समाधान किया गया। शेष के लिए टीमें गठित कर दी गई है। 'हिन्दुस्तान' ने थाना समाधान दिवस की पड़ताल कराई तो पड़ताल में कई तथ्य सामने आए। राजस्व विभाग की बेरुखी भी देखने को मिली जिससे समाधान में अड़ंगा पड़ता नजर आया। प्रस्तत है एक रिपोर्ट –

## 48 में दस मामलों का निस्तारण

**इटियाथोक**

समाधान दिवस में कुल 48 प्रार्थना पत्र आए जिसमें से 38 राजस्व से संबंधित और 10 मामले पुलिस से संबंधित रहे। राजस्व के दो और पुलिस के 8 मामलों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। दो मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व टीम रवाना किया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व टीम का गठन कर दिया गया है। कोतवाल करुणाकर पांडेय ने बताया कि अधिकतर मामले राजस्व से संबंधित आ रहे हैं जिनका निस्तारण कराया जा रहा है।



इटियाथोक थाने में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतें सुनते कोतवाल। • हिन्दुस्तान



कौड़िया थाने में फरियादियों से रूबरू एसओ व राजस्व विभाग के लोग। • हिन्दुस्तान

## गबन करने का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। थाना मोतीगंज पुलिस ने मनरेगा घोटाले के आरोपी सुरजीत चौबे पुत्र दुर्गा प्रसाद चौबे निवासी ग्राम बेसहूपुर को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोप है कि बिना कार्य कराये ही मनरेगा के तहत सरकारी धनराशि का दुरूपयोग व गबन किया था। आरोपी के खिलाफ मोतीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। बताया जाता है कि आरोपी ने ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के तहत बिना कार्य कराए ही भुगतान किया गया था। मामले की शिकायत होने के बाद तत्काल प्रभाव से विभागीय जांच शुरू की गई। जांच में गबन का मामला प्रकाश में आया। जिसके बाद मुकदमा दर्ज हुआ था।

## आधा दर्जन में तीन का निस्तारण हुआ

**रुपईडीह**

कौड़िया थाने में नायब तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार व थानाध्यक्ष मदन लाल गौतम ने सुनवाई की। आई छह शिकायतों में तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

थानाध्यक्ष कौड़िया मदनलाल गौतम ने बताया कि समाधान दिवस में छह शिकायतें आई जिसमें तीन पुलिस व तीन राजस्व सम्बंधित रहा। पुलिस सम्बंधित शिकायतों का निस्तारण करते हुए राजस्व संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व टीम भेजी गई है। शीघ्र ही सभी का निस्तारण कर दिया जाएगा।

# तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अवैध शस्त्र/कारतूस रखने वालो एवं इनका क्रय-विक्रय करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए गए है। कोतवाली नगर पुलिस के उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार मिश्रा पुलिस टीम के साथ सूचना के आधार पर आरोपी अमित चौबे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

# तीन वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

वजीरगंज, संवाददाता। डुमरियाडीह चौकी क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की तीन वर्षीय बालिका के साथ तेरह वर्षीय लड़के ने गन्ने के खेत में दुष्कर्म किया। मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एसओ चन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

बताया जाता है कि मासूम बालिका की मां शुक्रवार को मजदरी करने गई थी। घर पर उसका पांच वर्षीय लड़का और लड़की ही मौजूद थी। बताया कि गांव का ही एक लड़का बेटी को बहला फुसलाकर खेलने के बहाने गन्ने के खेत में बुला ले गया और उसके साथ रेप किया। पीड़ित मां ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी लड़के को गिरफ्तार कर लाई है।

# डीआईजी ने सुरक्षा का लिया जायजा

नवाबगंज, संवाददाता। कांवड़ यात्रा के सुरक्षा और अन्य व्यवस्था का निरीक्षण करने डीआईजी उपेन्द्र अग्रवाल शनिवार अपराह्न गोरखपुर लखनऊ फोरलेन पर पहुंचे। उन्होंने यात्रियों के लिए की गई पार्किंग व्यवस्था की भी जानकारी ली। लगभग आधे घंटे तक हाईवे पर रहे डीआईजी जिले के सीमा पर स्थित घघौवा पुल तक गए। वापसी में सरजू घाट चौकी पर कुछ देर के लिए रूककर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

कांवड़ यात्रा के मद्देनजर शनिवार के रात 8 बजे से 27 जुलाई के सुबह 8 बजे तक फोरलेन पर भारी वाहनों के आवागमन को बंद किए जाने की घोषणा बस्ती जिला प्रशासन द्वारा की गई है। सरजू घाट चौकी प्रभारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया की फोरलेन पर एक तरफ से वाहनों का आवागमन और दूसरे तरफ से कांवड़ यात्रियों का आवागमन हो रहा है। प्रशासन भीड़ को देखते हुए अगले कुछ घंटों में फोरलेन को पूरी तरह बंद करने का निर्णय करेगी। उन्होंने मातहतों को जरूरी निर्देश भी दिए।

## जलाभिषेक को लेकर रूट का किया बदलाव

गोण्डा। सावन माह के अवसर पर दु:खहरननाथ मंदिर में जलाभिषेक को लेकर स्टेशन रोड से गुजरने वाले वाहनों के रूटों में बदलाव किया गया है। यातायात निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को जलाभिषेक को लेकर बड़गांव चौराहे से गुरुनानक चौराहे की ओर जाने वाले समस्त वाहन मिश्रौलिया होते हुए चलेंगे। गुरुनानक चौराहे से बड़गांव की ओर जाने वाले वाहन मिश्रौलिया के रास्ते जायेंगे। वहीं मनकापुर तिराहा से गुरुनानक चौराहे की ओर जाने वाले समस्त वाहन सद्भावना तिराहा व बड़गांव चौराहा होते हुए मिश्रौलिया के रास्ते चलेंगे। यह व्यवस्था सुबह चार बजे से दोपहर12 बजे तक लागू रहेगी।

# मनरेगा घोटाले में बेसहूपुर के पूर्व प्रधान गिरफ्तार

**संसू, मोतीगंज** : मनरेगा के तहत बिना सामग्री आपूर्ति किए ही भुगतान लेने व गुड्स एंड सर्विस टैक्स की धनराशि हड़पने के मामले में फर्म संचालक/बेसहूपुर के पूर्व प्रधान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लोकायुक्त के आदेश पर हुई जांच में 61.34 लाख रुपये के घोटाले की पुष्टि हुई थी।

मुजेहना ब्लाक की ग्राम पंचायत बेसहपुर में विकास कार्यों में गड़बड़ी की जांच लोकायुक्त के आदेश पर कराई गई थी। यहां दो चरण में हुई जांच में 61.34 लाख रुपये के गबन की पुष्टि हुई है। सीडीओ की अध्यक्षता वाली कमेटी ने जांच में जीएसटी की धनराशि हड़पने का भी राजफाश किया है। मेसर्स चतुर्वेदी जनरल आर्डर सप्लायर्स गोंडा ने निर्माण में सामग्री की आपूर्ति का दावा किया था। संबंधित फर्म ने जीएसटी के रूप में केंद्र व राज्य सरकार को मिलने वाली धनराशि 7.45 लाख रुपये हड़प लिए। पशु शेड निर्माण के लिए बिना सामग्री की आपूर्ति किए ही 1.30 लाख रुपये का भुगतान फर्म ने ले लिया। 8.75 लाख रुपये के दुरुपयोग के मामले में डीएम डा. उज्ज्वल कुमार ने 15 जून को फर्म संचालक के खिलाफ रिपोर्ट कराने के आदेश दिए थे। कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा मुजेहना ओम प्रकाश सिंह यादव ने संबंधित के खिलाफ एफआइआर कराई थी। एसओ मोतीगंज ने कहा कि जालसाजी व धोखाधड़ी के मामले में मेसर्स चतुर्वेदी जनरल आर्डर सप्लायर्स गोंडा के प्रोपराइटर सुरजीत चतुर्वेदी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

# न्याय नहीं, यहां होता सिर्फ समस्याओं के निस्तारण का वादा

**263** में 47 समस्याओं का हुआ निस्तारण, विधायक ने सुनी प्रतीक भूषण ने सुनीं फरियाद

**संसू, गोंडा :** नगर कोतवाली के इमिलया गुरदयाल निवासी कमला देवी नगर कोतवाली में चल रहे समाधान दिवस में पहुंचती हैं। उनकी पीड़ा है कि वह करीब एक साल से समाधान दिवस से लेकर अधिकारियों के यहां चक्कर काट रहीं हैं लेकिन, उनकी समस्या का निदान नहीं हो सका।

कमला का कहना है कि गांव के ही कुछ लोगों ने उनकी भूमि का कूटरचित तरीके से बैनामा करा लिया है। अब विपक्षी उनकी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। वह अपनी समस्या के निस्तारण के लिए दौड़ रहीं लेकिन, वादा के अलावा उन्हें कुछ नहीं मिल रहा। गंगापुर निवासी जय मंगल प्रसाद ने कहा कि फर्जी नाम से उनकी जमीन का बैनामा करा लिया गया है। आरोपितों पर मुकदमा लिखाकर कार्रवाई किए जाने को लेकर वह चक्कर काट रहे हैं। नगर कोतवाली में सदर के भाजपा प्रतीक भूषण सिंह, प्रभारी डीएम सीडीओ गौरव कुमार, एडीएम सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिव राज ने समस्याएं सुनीं। विधायक ने आने वाली समस्याओं का निस्तारण निष्पक्ष व समय से करने को कहा। देहात कोतवाली के खालेपुरवा खरगूपुर निवासी उर्मिला ने गांव के ही लोगों पर ट्रैक्टर से छप्पर उजाड़ने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

आरोप कि विपक्षियों ने उन लोगों को मारापीटा भी है। वहीं पांडेयपुर निवासी नकछेद ने दी गई तहरीर में कहा कि विपक्षी उसके खेत का मेढ़ नहीं बाधने दे रहे हैं। मारने की धमकी भी दे रहे हैं। जिले भर में आयोजित थाना समाधान दिवस में 263 शिकायतें आईं। इनमें से 47 का निस्तारण मौके पर ही किया गया।


नगर कोतवाली मे समाधान दिवस पर जनसुनवाई करते एडिशनल एसपी शिवराज, विधायक प्रतीक भूषण सिंह, सीडीओ गौरव कुमार, एडीएम सुरेश कुमार सोनी बाएं से दाएं क्रमशः ● जागरण

# सोमवार को बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

**संसू, गोंडा :** सावन के सोमवार को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने कहा कि शहर स्थित दुखहरण नाथ मंदिर में सोमवार को जलाभिषेक के लिए जुटने वाले श्रद्धालुओं को लेकर यह बदलाव किया गया है।

बड़गांव चौराहा से गुरुनानक चौक की ओर जाने वाले सभी वाहन मिश्रौलिया होते हुए जाएंगे। गुरु नानक चौक से बड़गांव की ओर जाने वाले वाहन भी मिश्रौलिया के रास्ते जाएंगे। मनकापुर तिराहे से गुरुनानक चौक की ओर जाने वाले वाहन सद्भावना तिराहा व बड़गांव चौराहा होते हुए मिश्रौलिया के रास्ते जाएंगे। यह व्यवस्था सोमवार को लागू रहेगी।

# कांवड़ियों को यात्रा में न होने पाए परेशानी

**संवादसूत्र, शिवदयालगंज :** पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र उपेंद्र अग्रवाल ने शनिवार को जिले की सीमा पर कांवड़ मार्ग का जायजा लिया। सरयू नदी से जल लेकर बस्ती के भदेश्वरनाथ जाने वाले कांवड़ियों के सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

कांवड़ मार्ग पर किसी भी वाहन के प्रवेश की अनुमति न दिए जाने की बात कही। कांवड़ यात्रा मार्ग पर शराब की दुकानें बंद रखी जाएं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी पहले किए जाने का निर्देश दिया। चिकित्सा सुविधा की भी व्यवस्था रखने के लिए कहा। महिला कांवड़ियों के सुरक्षा में महिला पुलिस की तैनाती करने की बात कही। एसडीएम शत्रुघ्न पाठक, सीओ संसार सिंह राठी, थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह, सरयू घाट चौकी इंचार्ज अभिषेक पांडेय मौजूद रहे।

# घोटाले का फरार आरोपी पूर्व प्रधान गिरफ्तार

**मोतीगंज (गोंडा)।** मुजेहना विकासखंड के बेसहूपुर गांव में मनरेगा योजना से कराए जाने वाले विकास कार्यों के धन गबन के आरोपी पूर्व ग्राम प्रधान को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। जिलाधिकारी के आदेश पर थाना मोतीगंज में प्रधान समेत अन्य के खिलाफ जालसाजी व गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

ग्राम पंचायत बेसहूपुर में मनरेगा योजना के तहत विकास कार्यों के लिए धन का आवंटन किया गया था। पूर्व ग्राम प्रधान सुरजीत चौबे ने मनरेगा योजना से कोई भी विकास कार्य नहीं कराया। बिना काम कराए मनरेगा योजना के पैसों को गबन कर लिया। गांव वालों की शिकायत पर जब प्रशासन की टीम ने स्थलीय जांच की तो पता चला कि जिन विकास कार्यों के लिए योजना का पैसा निकाला गया। वहां कोई काम नहीं हुआ है। डीएम के आदेश पर थाना मोतीगंज में पूर्व ग्राम प्रधान सुरजीत चौबे के खिलाफ जालसाजी व गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रबोध कुमार ने बताया कि गबन के आरोपी पूर्व ग्राम प्रधान सुरजीत चौबे को उपनिरीक्षक राकेश की टीम ने गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# डीआईजी ने कांवड़ यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**नवाबगंज (गोंडा)।** कांवड़ लेकर यात्रा पर जाने वाले लोगों की यात्रा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीआईजी ने अयोध्या-बस्ती तथा गोंडा फोरलेन हाईवे पर कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शनिवार को देवीपाटन मंडल के पुलिस उप महानिरीक्षक उपेंद्र अग्रवाल ने जिले की सीमा पर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अयोध्या के सरयू नदी से जल भरकर बस्ती के भदेश्वरनाथ जल चढ़ाने जाने वाले कांवड़ियों के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह को निर्देश दिया। कहा कि कांवड़ यात्रा में सुरक्षा संबंधी कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मार्ग पर किसी भी वाहन के प्रवेश की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था कराई जाए। शराब की दुकानें यात्रा के समय बंद रखी जाएं। महिला कांवड़ियों के सुरक्षा में महिला पुलिस की तैनाती की जाए। रुट डायवर्जन का पालन सख्ती से कराया जाए। इस मौके पर एसडीएम शत्रुहन पाठक, सीओ संसार सिंह राठी, थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह, सरयू घाट चौकी इंचार्ज अभिषेक पांडेय मौजूद रहे।



गोंडा के नवाबगंज में कांवड़ यात्रा को लेकर निरीक्षण करते डीआईजी। -संवाद

# गैर इरादतन हत्या के प्रयास में जमानत खारिज

## 11 जून को तीन लोगों ने किया था हमला, छेड़छाड़ के एक आरोपी की भी अग्रिम जमानत खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार प्रथम ने कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र में गैरइरादतन हत्या के प्रयास की घटना में दो आरोपी और इटियाथोक थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ मामले में एक आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है।



जिला शासकीय अधिवक्ता बसंत कुमार शुक्ला के अनुसार करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले हृदय नरायन मिश्रा ने 11 जून 2022 को कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि एसडीएम करनैलगंज के आदेश पर नगर में स्थित भूमि पर तहसीलदार जब जेसीबी से अतिक्रमण हटवा रहे थे तभी मौके पर खड़े नवीन दास, उमेश कुमार शुक्ला, रतन उर्फ बृजेश कुमार शुक्ला व राकेश कुमार ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में नाक व सिर पर ईंट लगने से गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। हालांकि गिरफ्तारी से बचने को आरोपी बृजेश कुमार शुक्ला व उमेश कुमार शुक्ला निवासी गांधी नगर के अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र की सुनवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार प्रथम ने अभियुक्त रतन उर्फ बृजेश कुमार शुक्ला व उमेश कुमार शुक्ला का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दी है।

वहीं इटियाथोक थाना क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर कहा कि 19 जून को 12 बजे की रात में दर्जीजोत करमडीह कला निवासी सूरज तिवारी उर्फ चंदन तिवारी घर में घुस आया, और उसकी बेटी से छेड़छाड़ की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज विवेचना शुरू की। गिरफ्तारी से बचने के लिए सूरज तिवारी उर्फ चंदन ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थनापत्र की सुनवाई के दौरान तथ्य, परिस्थितियों व अपराध की गंभीरता को देखते हुए जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार प्रथम ने अभियुक्त सूरज तिवारी उर्फ चंदन तिवारी का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत खारिज

**गोंडा।** जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रविन्द्र कुमार प्रथम ने वजीरगंज थाना क्षेत्र में महिला को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी अभियुक्त का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी बसंत कुमार शुक्ला ने बताया कि वजीरगंज क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने लुटईपुरवा मझारा निवासी विजय कुमार कोरी के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए 23 जून 2022 को अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया और मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर पीड़िता का बयान कराया। आरोपी विजय कुमार कोरी के जमानत प्रार्थनापत्र की सुनवाई के दौरान पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य व अपराध की गंभीरता को देखते हुए जनपद न्यायाधीश ने विजय कुमार कोरी का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दी। (संवाद)

# महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

गोंडा। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुर नई बस्ती निवासिनी यशोदा देवी ने एसपी आकाश तोमर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने कहा है कि 17 जुलाई को सुबह गांव के विपक्षी गोलबंद होकर दरवाजे पर चढ़ आए और लाठी डंडा से उसे व परिवार वालों को मारा पीटा। विपक्षियों ने घर में घुसकर सामानों को भी तोड़ा। सूचना देने पर डायल 112 पुलिस आ गई। पुलिस भी विपक्षियों के प्रभाव में आकर महिलाओं को मारने के लिए दौड़ा लिया। पुलिस ने महिलाओं को घेर लिया। इसी बीच विपक्षी पाइप डालने में कामयाब हो गए। पीड़िता ने एसपी से कार्रवाई की गुहार लगाई है। (संवाद)

# गोवंश की हत्या में पांच पर मुकदमा

**करनैलगंज (गोंडा)**। एक माह पूर्व हुई गोवंश की हत्या मामले में पुलिस ने पांच लोगो पर रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के ग्राम बरबटपुर निवासी पुष्पा देवी ने बताया कि 24 जून की रात करीब नौ बजे आरोपी उसके दरवाजे पर बंधे गोवंश को खोल ले गए। उसे काटकर मांस की बिक्री कर दिया। वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ भूसा खरीदने के बहाने आरोपियों के घर गई। पता चला कि गोवंश की हत्या कर दी गई है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि जमील, जावेद निवासी ग्राम बरबटपुर करनैलगंज व जुबेर, आशिक अली व जुबेर निवासी अल्लीपुर थाना हुजूरपुर बहराइच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# लंबित शिकायतों का किया निस्तारण

गोंडा। ऐसा पहली बार हुआ है, जब समाधान दिवस में राजस्व, विकास व पुलिस के तीन अधिकारी एक साथ शनिवार को कोतवाली नगर में अचानक पहुंचे। तीनों अधिकारियों ने यहां शिकायतें सुनीं और समस्या पर चर्चा के बाद उसका निस्तारण किया। जिले के 18 थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कोतवाली नगर के समाधान दिवस में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी सुरेश सोनी व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज एक साथ पहुंचे। तीन अधिकारियों की मौजूदगी में यहां आने वाले फरियादियों की शिकायतें सुनीं गईं। एएसपी ने बताया कि समाधान दिवस में राजस्व के ज्यादातर मामले आए। आधा दर्जन से अधिक ऐसे मामले थे, जिनका कई महीनों से निस्तारण नहीं हो सका था। (संवाद)

# तीन साल की मासूम से किशोर ने किया दुष्कर्म

संवाद न्यूज एजेंसी

## लुकाछिपी खेलने के बहाने खेत में ले जाकर की करतूत

## रिपोर्ट दर्ज, बाल संरक्षण गृह भेजा गया आरोपी किशोर

गोंडा। लुकाछिपी खेलने के बहाने शुक्रवार शाम तीन साल की मासूम को एक किशोर नशे की हालत में उठाकर खेत में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म करके भाग गया। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी किशोर को पकड़ लिया। उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली तीन साल की मासूम बच्ची शुक्रवार शाम घर के सामने खेल रही थी। तभी वहां नशे की हालत में पहुंचा एक किशोर लुकाछिपी खेलने के बहाने उसे बुला ले गया। खेलते-खेलते वह मासूम को सुनसान खेत में ले गया। वहां मासूम के साथ दुष्कर्म करके वह भाग गया। बच्ची रोती हुई घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। इस पर मासूम की मां ने वजीरगंज थाने में आरोपी किशोर के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई।

वजीरगंज थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मासूम का मेडिकल कराने के साथ ही आरोपी किशोर को पकड़ लिया गया। किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश करके उसे बाल संरक्षण गृह भेजा गया है।

# विवाद में दो बच्चों की पिटाई, केस

परसपुर (गोंडा)। क्षेत्र के भैंसहा के मजरे रघुननंदन पुरवा में विवाद को लेकर दो बच्चों की पिटाई कर दी गई। दोनों पक्षों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसहा के मजरे रघुननंदन पुरवा निवासी रामकुमार गौतम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसके बेटे अंकित से गांव के छोटे गौतम ने अभद्रता कर पिटाई कर दी। उसे चोटें आई हैं। रामकुमार की तहरीर पर छोटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं दूसरे पक्ष से छोटे गौतम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वह अपनी पत्नी ममता संग मजदूरी करने पड़ोस के गांव गया था। तभी गांव के रामकुमार गौतम ने अपनी पत्नी संग मिलकर उसकी पुत्री सुमन की पिटाई कर दी। उसे चोटें आई हैं। परसपुर इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज की गई है। संवाद

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 24-07-2022

हिन्दुस्तान

### डीएम ने जांच अधिकारियों को मौके पर जाकर मामले के निस्तारण की बात कही

# थानों में आए 151 शिकायती पत्र केवल 62 मामलों का निस्तारण

**समाधान दिवस**

**बलरामपुर, संवाददाता ।** जिले भर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। सभी थानों में कुल 151 प्रार्थना पत्र आए जिसमें सिर्फ 62 का निस्तारण हो सका। डीएम ने जांच अधिकारियों को मौके पर जाकर मामले के निस्तारण की बात कही।

थाना कोतवाली नगर में डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में समाधान का आयोजन किया गया। डीएम श्रुति ने पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर राजस्व व पुलिस टीम को समाधान कराने के लिए निर्देशित किया। कहा कि जिन मामलों में कोर्ट से स्थगन आदेश पारित हों या कोर्ट में मामला विचाराधीन हों, उन मामलों में हस्तक्षेप न करें। पीड़ितों की समस्याओं को लंबित न रखें। एसपी राजेश सक्सेना ने कहा कि ऑफिस में मामले का निस्तारण न करें। मौके पर जाकर जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाएं। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि 14 मामले आए थे, जिनमें छह मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। थाना कोतवाली देहात में भी डीएम श्रुति व एसपी राजेश सक्सेना ने पहुंचकर पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। डीएम श्रुति ने पीड़ितों से कहा कि वह परेशान न हो उनके साथ न्याय होगा। धुसाह निवासी एक व्यक्ति ने अपने जमीन की पैमाइश को लेकर समाधान दिवस पर प्रार्थना दिया था। उसका आरोप था कि विपक्षी उनके जमीन पर निर्माण कर रहे हैं। सीओ वरुण मिश्रा ने मामले को संज्ञान में लेकर थानाध्यक्ष राज कुमार सरोज को पुलिस टीम के साथ राजस्व की टीम भेजकर भूमि की पैमाइश कराई। उन्होंने विपक्षी को निर्माण कार्य करने से रोक कर पीड़ित को निर्देशित किया की वह सक्षम न्यायालय से हदबरारी करा लें, जिससे मामले का निस्तारण हो सके। थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज ने उप निरीक्षकों से कहा कि राजस्व टीम के साथ मौके पर जाकर जमीनी विवाद का निस्तारण करें। थाना कोतवाली देहात में 45 मामले आए, जिसमें से 14 का निस्तारण किया गया है। वहीं थाना ललिया, जरवा, उतरौला, तुलसीपुर, महाराजगंज तराई सहित सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन कर समस्याएं सुनीं गई।

इस अवसर पर उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, मनीष मिश्रा, ओम नारायण मिश्रा, कांस्टेबल रणविजय सिंह, संजय कुमार, वीरेंद्र कुमार, लेखपाल रोहित, दिनेश मिश्रासहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सीओ ने किया सुनवाई कार्यालय का निरीक्षण, दिया निर्देश

**बलरामपुर।** पीड़ितों की शिकायतें लंबित नहीं रहनी चाहिए। यदि शिकायतें लंबित पाई जाती हैं तो किसी भी दशा में कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस पीड़ितों की सहयोग व सहायता करे। यह बातें सीओ वरुण मिश्रा ने पुलिसकर्मियों से कही। सीओ शुक्रवार को जन सुनवाई कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि अभिलेखों के रखरखाव सही ढंग से किए जाएं। परिसर में गंदगी नहीं होनी चाहिए। सभी कर्मचारी समय से ड्यूटी पर पहुंचे साथ ही समय पूरा होने पर ही कार्यालय छोड़ें। लंबित जन सूचना शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें।

हिन्दुस्त

# कोटेदार पर धांधली करने का लगाया आरोप, जांच होगी

**तुलसीपुर, संवाददाता।** स्थानीय विकास खंड अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में खाद्यान्न कोटेदार ने अभी तक राशन वितरण नहीं किया है। ग्राम पंचायत बेली कला के निवासियों ने बताया कि प्रति यूनिट पर पांच किलो राशन देने का सरकार का निर्देश है। बावजूद इसके श्याम बिहारी यादव कोटेदार हर यूनिट पर आधा किलो राशन कम दे रहे हैं। पूछने पर वह कहते हैं कि अब उन्हें कुछ नहीं मिलता। ढुलाई भी नहीं दिया जाता है। इस कारण वह राशन में कटौती करते हैं। यहां तक किसी-किसी महीने में नमक, तेल व चना भी दिया जाता है। कोटेदार का कहते हैं कि इस बार पूरा राशन नहीं आया है। 21 जुलाई को मात्र एक दिन खाद्यान्न का वितरण किया है, जिसके बाद वितरण बंद कर दिया गया। सभी कार्ड धारकों का अंगूठा पहले दिन ही लगवा लिया गया था। जो दुकान बंद कर गायब हो गए।

लोगों ने कोटेदार के खिलाफ जांच कराकर समय से खाद्यान वितरण कराने की बात कही है। आपूर्ति निरीक्षक गिरीश चंद्र वर्मा ने बताया कि संज्ञान में नहीं है। मामले की जांच कर संबंधित कोटेदार के प्रति विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

हिन्दु

# शहीदों के सम्मान से लोगों में पैदा होती है वीरता की भावना

**बलरामपुर,संवाददाता।** आजादी के अमर शहीदों को भूलकर देश तरक्की नहीं कर सकता। आज खुली हवा मे सांस लेने का अधिकार क्रांतिकारियों की ही देन है। शहीद चन्द्र शेखर आजाद ने आजादी के लिए हंसते-हंसते अपनी जान दी थी। शहीदों का सम्मान करने से देश वासियों मे वीरता की भावना उत्पन्न होती है। यह बातें क्रांतिकारी विचारधारा मोर्चा के संयोजक अध्यक्ष डॉ. राकेश चन्द्रा ने कही। वह संतोषी माता तिराहा स्थित चन्द्र शेखर आजाद पार्क में गोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्य अतिथि सदर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गोविंद सोनकर, भाजपा नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता व बंशीधर मिश्र, डॉ. अफजाल खान, सौरभ रत्न पांडेय, सम्प्रीत सिंह, निशांत सिंह, अर्जुन यादव, शिवांशु मौजूद थे।

# हत्या के प्रयास मामले में जमानत खारिज

**संसू, बलरामपुर :** शासकीय अधिवक्ता रणधीर सिंह ने बताया कि कोतवाली देहात के ग्राम टिकुइया निवासी छेदीलाल पासवान ने 19 जून को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसके लड़के कन्हई लाल को गांव के ही गोलू सिंह उर्फ अंशुमान सिंह ने गोली मारकर मरनासन्न कर दिया। जमानत प्रार्थना पत्र में कहा गया कि आवेदक निर्दोष है। प्राथमिकी में दो व्यक्तियों का उल्लेख किया गया है, लेकिन दूसरे व्यक्ति की पहचान नहीं कराई गई है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद जमानत निरस्त कर दिया।

# पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

**बलरामपुर।** तुलसीपुर पुलिस ने शनिवार को ग्राम भोजपुर में नशा मुक्ति के लिए जागरूकता कार्यक्रम कराया। सीओ ज्योतिश्री की मौजूदगी में लोगों से नशा न करने की अपील की गई। इस दौरान ग्रामीणों को सभी त्योहार मिल-जुलकर मनाने की सलाह दी गई। (संवाद)

# कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक

**गैड़ास बुजुर्ग।** सादुल्लाहनगर थाना परिसर में शनिवार को कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक आयोजित हुई। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि सादुल्लाहनगर क्षेत्र से 24 जुलाई को अयोध्या के लिए कांवड़ यात्रा रवाना होगी। यातायात के लिए रूट डायवर्जन भी किया जाएगा। (संवाद)

# फब्तियां कसने में शोहदा गिरफ्तार

**बलरामपुर।** श्रीदत्तगंज थाने की पुलिस ने राह चलते युवतियों पर अश्लील फब्तियां कसने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विपुल कुमार पांडेय ने शनिवार को बताया कि एसआई हरीशचंद्र भारती की टीम ने विशंभरपुर नरायन डिहवा निवासी आरिफ अली को युवतियों पर अश्लील फब्तियां कसने के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। (संवाद)

# गांजे के साथ एक को दबोचा

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात की पुलिस ने डेढ़ किलोग्राम गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली देहात के इंस्पेक्टर राजकुमार सरोज ने शनिवार को बताया कि उदयराजपुरवा के मजरा हसुआडोल निवासी दूधनाथ चौहान को डेढ़ किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। केस दर्ज कर जेल भेजा गया है। (संवाद)

# तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात के इंस्पेक्टर राजकुमार सरोज ने शनिवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर एसआई ओम नारायण मिश्र ने एसओजी संग मिलकर आशुतोष उर्फ वरुण दीक्षित को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गोंडा के कोतवाली नगर क्षेत्र के इमिलिया गुरुदयाल निवासी वरुण को जेल भेजा गया है। (संवाद)

# उमड़े फरियादी, मिला आश्वासन

## डीएम-एसपी ने नगर व देहात कोतवाली में सुनीं शिकायतें

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** जिले के सभी 15 कोतवाली व थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित कर लोगों की शिकायतें सुनी गईं। पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर सभी शिकायतों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया।

**पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाने के निर्देश**

डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने कोतवाली नगर व देहात में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। डीएम व एसपी ने दोनों कोतवाली में आए फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण पुलिस व राजस्व की टीम को मौके पर जाकर कराने का निर्देश दिया। भूमि विवाद के मामलों में दोनों पक्षों को बैठाकर सुलह-समझौते के साथ निस्तारण कराने का निर्देश दिया। दोनों प्रभारी निरीक्षकों को थाना समाधान दिवस पंजिका में सभी शिकायतें दर्ज करने का सुझाव दिया गया। थाना हरैया में 15 प्रार्थनापत्र आए, जिनमें छह का मौके पर निस्तारण कराया गया। बाकी बचे नौ मामले निस्तारित कराने के लिए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई।



देहात कोतवाली में फरियाद सुनतीं डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना। -संवाद

इसी तरह से थाना ललिया, महराजगंज तराई, गौरा चौराहा, पचपेड़वा, श्रीदत्तगंज, रेहरा बाजार, तुलसीपुर, गैड़ास बुजुर्ग व सादुल्लाहनगर और कोतवाली उतरौला, जरवा व गैसड़ी में भी थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं।

# खेत की खोदाई में मिला था शिवलिंग

पचपेड़वा (बलरामपुर)। ग्राम विशुनपुर टनटनवा में करीब 200 वर्ष पहले ग्रामीण पाले आरख फावड़े से अपने खेत की खोदाई कर रहे थे। तभी अचानक फावड़ा एक पत्थर पर पड़ा जिसमें से खून निकलने लगा। पाले घबराकर घर चले गए। उसी



रात भगवान शिव सपने में आए। बताया कि खेत में उस स्थान पर सोना व अशर्फी हैं, जिससे मंदिर बनवाओ। दूसरे दिन खेत की खोदाई में निकले धन से ही मंदिर का निर्माण शुरू कराया गया। इसी मंदिर को लोग शिवगढ़ धाम के नाम से जानते हैं। मंदिर में वही शिवलिंग आज भी स्थापित है जिस पर फावड़ा लगने से खून निकला था। शिवलिंग पर कटे का निशान भी है। सावन माह में कई जिलों समेत नेपाल से भी शिवभक्त शिवगढ़ धाम में जलाभिषेक करने आते हैं। संवाद

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2022

# विवाहिता ने ससुरालीजनों पर दर्ज कराया मुकदमा

बहराइच, संवाददाता। पति व ससुरालवालों ने विवाहिता व उसके तीन मासूमों को एक साल पूर्व घर से निकाल दिया था। तभी से वह अपने तीन बच्चों के साथ मायके में शरण लिए हुए है। उसने पति सहित तीन ससुराली जनों पर कोतवाली नानपारा में केस दर्ज कराया है।

नानपारा कोतवाली के इमलिया गांव निवासी बनारसी पुत्र जगदेव ने अपनी बेटी रीता देवी की शादी लगभग दस वर्ष पूर्व रुपईडीहा थाने के दंदौली गांव निवासी अवधेश के साथ की थी। शादी के बाद से ही उसकी बेटी के साथ कम दहेज का ताना देकर मारपीट कर उत्पीड़न की शुरुआत हो गई। आए दिन उसके साथ मारपीट होने लगी। रीता के तीन संतान बेटा अमित, दो बेटियां अंशिका व ननकुन्नी हुई।

# अली नगर में 60 लाख की चरस बरामद हुई

**कामयाबी**

बहराइच, संवाददाता। खैरीघाट थाने की पुलिस ने अलीनगर गांव में दबिश देकर एक शातिर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से नेपाल से तस्करी कर लाई गई बड़ी मात्रा में चरस की खेप बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में बरामद चरस की अनुमानित कीमत 60 लाख आंकी गई है।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि शातिर अपराधियों के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम में खैरीघाट एसएचओ निखिल कुमार श्रीवास्तव को शनिवार को जानकारी मिली कि अलीनगर निवासी मेराज नेपाल से कुछ मादक पदार्थ लेकर अपने गांव आया है। उन्होंने अफसरों को जानकारी दी। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार व सीओ महसी जेपी त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में एसएचओ ने दरोगा संजय यादव, मुख्य सिपाही दयानंद सिंह, सिपाही बलराम त्रिपाठी, आलोक शुक्ला, रुपेन्द्र विश्वकर्मा को दबिश को भेजा गया। पुलिस ने अली नगर में दबिश देकर मेराज को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से दो किग्रा नेपाली चरस, नेपाली 500 रुपये के 28 व एक हजार के 32 यानी 46 हजार नेपाली करंसी हुई।

# खुदकुशी मामले में तीन पर केस

बहराइच, संवाददाता। विवाहिता के खुदकुशी मामले में मृतका के पिता ने दामाद, सास व ससुर को नामजद कर केस दर्ज कराया है। पोस्टमार्टम कराकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

रामगांव थाने के तारापुर खुर्द के मजरे भग्गू पुरवा में 24 वर्षीय जमादुलनिशां पत्नी अजीज रजा उर्फ छन्नू की लाश शुक्रवार सुबह छत के कुंडे से रस्सी के फंदे के सहारे लटकती मिली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद लाश परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पिता मटेरा थाने के धनौली निवासी पुत्तन खां ने बताया कि उसकी बेटी की छह वर्ष पूर्व शादी हुई थी। शादी के बाद से ही उसकी बेटी को दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर उत्पीड़न किया जा रहा था।

# महिलाओं को किया जागरूक

**संसू, महसी/गंभीरवाबाजार :** राम्मगांव पुलिस ने शनिवार को एंटी रोमियो अभियान चलाया। शोहदों पर कड़ी नजर रखी गई। महिलाओं को सरकारी योजनाओं समेत हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। महिला आरक्षी ममता कश्यप व रेखा समेत अन्य ने राम्मगांव चौराहा, नेवादा मोड़, खालेपुरवा चौराहा, राम्मगांव कस्बा में एंटी रोमियो अभियान चलाकर शोहदों पर नजर रखकर टोकाटाकी की। संदिग्ध दिखने पर उन्हें रोक कर पूछताछ की गई। महिला आरक्षियों ने महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी।

# चोरों ने उड़ाया 12 लाख का माल

संसू, हुजूरपुर (बहराइच) : नवागंतुक थानाध्यक्ष को चोरों ने सलामी देते हुए दो घरों से नकदी व जेवरात समेत 12 लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया।

थाना क्षेत्र के अल्लापुरवा गांव निवासी रामकुमार सिंह के घर शुक्रवार रात पीछे के दरवाजे से चोर घुस आए। घर में रखी दो अलमारियों का ताले तोड़कर हजारों की नकदी के साथ करीब सात लाख से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद चोरों ने गांव निवासी व्यवसायी श्यामनरायन सिंह के घर पर धावा बोला। यहां से भी नकदी व तीन लाख से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। ठेकेदार मुकेश कुमार सिंह के घर भी चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन आहट पाकर गृहस्वामी समेत परिवार के अन्य लोग जाग गए। शोर मचाने पर चोर मौके से भाग गए। घटना की सूचना शनिवार को पुलिस को हुई। थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जानकारी पाकर फील्ड यूनिट में शामिल इरफान अहमद, आदित्य कुमार व दीपिका मिश्र घटनास्थल पर पहुंची। टीम के सदस्यों ने मौके से फिंगर प्रिंट व अन्य साक्ष्यों का संकलन किया। एसओ ने बताया कि मामले में पीड़ितों द्वारा तहरीर दी गई है। जांच के दौरान कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं जल्द ही घटना का राजफाश कर दिया जाएगा।

विद्यालय में चोरी -जरवल रोड : जरवल ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बंभौरा द्वितीय में शुक्रवार रात में ताला तोड़कर चोर रसोईघर में रखा गैस सिलिंडर, खाद्यान्न समेत हजारों का सामान उठा ले गए। प्रधानाध्यापक अमिता रानी ने थाने में तहरीर दी है।

# डीएम के प्रयास से मूक बधिर भाई-बहन को मिला श्रवण यंत्र

जासं, बहराइच : तहसील महसी में पंडितपुरवा निवासी संत कुमार पाठक ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि उनके दो बच्चे जन्मजात मूक-बधिर हैं। 19 वर्षीय बेटा अमित पाठक व 13 वर्षीय पुत्री आंचल का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र न बन पाने के कारण किसी प्रकार का सरकारी लाभ नहीं मिल पा रहा है।

डीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी व दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र तथा श्रवण यंत्र दिलाए जाने के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर सीएमओ डा. एसके सिंह ने मूक-बधिर अमित व आंचल का 22 जुलाई को अस्थायी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी कर दिया। डीएम ने भाई-बहन को श्रवण यंत्र प्रदान किया। आसानी से स्थायी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्राप्त हो, इसके लिए डीएम ने केजीएमसी लखनऊ के निदेशक को अर्द्ध शासकीय पत्र भी भेजा है।

इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय, उप निदेशक कृषि टीपी शाही, उपायुक्त मनरेगा केडी गोस्वामी मौजूद रहे।

# विदेशी मुद्रा व चरस संग तस्कर गिरफ्तार

**जासं, शिवपुर/बहराइच :** खैरीघाट पुलिस ने 46 हजार रुपये नेपाली और दो किलोग्राम चरस सहित तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय भेज दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि तस्कर के नेपाल से चरस लेकर दिल्ली जाने की सूचना मिली थी। थानाध्यक्ष निखिल कुमार श्रीवास्तव ने मुखबिरों का जाल बिछाया तो पता चला कि शुक्रवार रात अलीनगर बाजार के रास्ते तस्कर आने वाला है। टीम के साथ बाजार में घेराबंदी की गई। देर रात एक संदिग्ध युवक झोला लेकर आते दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। युवक की पहचान 35 वर्षीय मेराज उर्फ खुर्चाली निवासी अलीनगर खैरीघाट के रूप में की गई। एएसपी ने बताया कि पकड़े गए युवक पर हत्या के प्रयास, गैर इरादतन हत्या समेत कई संगीन धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।



खैरीघाट पुलिस अभिरक्षा में नेपाली मुद्रा व चरस संग पकड़ा गया आरोपित ● जागरण

# दुष्कर्मी को 10 वर्ष की सजा

**जासं, बहराइच :** अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक् कोर्ट प्रथम मनोज कुमार मिश्रा द्वितीय ने दुष्कर्म के आरोपित को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कारावास व 10 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। अपहरण के दोषी अभियुक्त को पांच वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना न जमा करने पर दो माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

घटना 14 जनवरी 2012 की पयागपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता अपराध गिरीशचंद्र शुक्ल ने मामले की पैरवी की। बताया कि पयागपुर के एक गांव की 14 वर्षीय पीड़िता को जरवलरोड के पारामाझा सियारामपुरवा के पप्पू यादव, पदमपिछौरा हुजूरपुर के रामकृपाल यादव व कैसरगंज के जयसिंघापुर निवासी बड़ेलाल यादव अपहृत कर ले गए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को बरामद किया। पीड़िता का 164 सीआरपीसी का बयान न्यायालय के समक्ष कराया। पीड़िता ने अभियुक्त पप्पू यादव को दुष्कर्म, रामकृपाल, बड़े लाल को अपहरण व दुष्कर्म में सहयोग करने की बात कही। दौरान मुकदमा बड़ेलाल यादव की मौत हो गई। शनिवार को अभियोजन व बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त पप्पू यादव को दुष्कर्म का दोषी मानते हुए सजा दी। अभियुक्त रामकृपाल को अपहरण के मामले में दोषी मानते हुए पांच वर्ष की सजा सुनाई। बड़ेलाल यादव की मौत होने पर उनका मुकदमा समाप्त कर दिया। पप्पू व रामकृपाल को सजा भुगतने जेल भेज दिया।

## अदालत से

**05** वर्ष की कैद अपहृत के आरोपित को मिली

# डीएम और एसपी ने सुनीं समस्याएं

## समाधान दिवस: एएसपी सिटी ने थानों का किया निरीक्षण

**जासं, बहराइच :** थानों व कोतवालियों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम व एसपी ने जरवलरोड थाने में फरियादियों की समस्याएं सुनकर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र व एसपी केशव कुमार चौधरी ने थाना जरवल रोड में समाधान दिवस पर जनता की फरियाद सुनीं। थाने में 22 शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने मौके पर 12 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया। 10 मामलों में कार्रवाई को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार ने मोतीपुर में थाना समाधान दिवस पर आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कराया। मौके पर 11



जरवल रोड थाने में महिला की फरियाद सुनते डीएम व एसपी ● जागरण

शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें चार मामलों का मौके पर निस्तारण कराया गया। अन्य मामलों के निस्तारण के लिए टीमों का गठन किया गया है। इस मौके तहसीलदार पीयूष कुमार श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**एएसपी शहर ने थाने का किया निरीक्षण -फखरपुर :** अपर पुलिस अधीक्षक शहर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने फखरपुर थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित विवेचनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। कार्यालय, मालखाना समेत अपराध रजिस्टर, महिला उत्पीड़न, समाधान दिवस रजिस्टर, अभिलेखों व शस्त्रों के रखरखाव समेत अन्य बिंदुओं पर थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा से जानकारी ली।

# मगरमच्छ के हमले में युवक घायल, गन्ने के खेत में दिखे बाघ के पगचिह्न

**संसू, बिछिया (बहराइच) :** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत मगरमच्छ के हमले में युवक घायल हो गया। दूसरी ओर बाघ के पगचिह्न दिखने से ग्रामीण चिंतित हो उठे हैं। बाघ की गतिविधि के चलते वन विभाग ने गश्त बढ़ा दी है।

**विजयनगर की तरफ दिख रहा बाघ :** दो दिन पहले गिरिजा बैराज पर तैरता दिखा बाघ अब घाघरा नदी से सटे गांव विजयनगर की तरफ दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन टीम ने आबादी से सटे गन्ने के खेत में बाघ के पगचिह्न देखे। वन क्षेत्राधिकारी विजय मिश्र के नेतृत्व में वन दारोगा मयंक पांडे, राधेश्याम, वन रक्षक अब्दुल सलाम ने जीपीएस सिस्टम से बाघ की लोकेशन ली। बाघ के पगचिह्न मिलने के बाद वन विभाग ने पेट्रोलिंग बढ़ा दी है।



कतर्नियाघाट के कैलाश पुरी बाजार के निकट मगरमच्छ के हमले में घायल युवक ● जागरण

**नाले में छिपे मगरमच्छ ने युवक को बनाया शिकार :** कैलाशपुरी बाजार निवासी दशरथ (22) सुबह सात बजे घर से कुछ दूर पर नाले के किनारे दैनिक क्रिया के लिए गया था। तभी पानी में घात लगाए बैठे मगरमच्छ ने उस पर हमला बोल दिया। दाहिने पैर के पंजे को मगरमच्छ ने जबड़े में दबोच लिया।

चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण कमल सोनी, जितेंद्र ठाकुर, रूपकुमार, लक्ष्मन साहनी, प्रीतम आदि ने साहस का परिचय देते हुए किसी तरह मगरमच्छ के जबड़े से उसे छुड़ाया।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वनरक्षक अब्दुल सलाम ने उसे अपने वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली ले जाकर भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर रेफर कर दिया।

### रेलवे के गेट संख्या 96 के पास छलांग लगा कर बकरी को उठा ले गया तेंदुआ

कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत रेलवे के गेट संख्या 96 पर चर रही बकरी को तेंदुआ छलांग लगाकर उठा ले गया। यह दृश्य देख सिग्नल डाउन कर रहे प्वाइंटमैन निरंजन दहशत में आ गए। उन्होंने घटना की जानकारी वन कर्मियों को दी। वन दारोगा मयंक पांडेय व राधेश्याम ने मौका-मुआयना कर रेल कर्मचारियों को सजग रहने को कहा। बिछिया रेलवे स्टेशन अधीक्षक वकारुद्दीन अल्वी ने उच्चाधिकारियों से स्टेशन परिसर के चारों ओर सोलर फेंसिंग की मांग की है।



बिछिया में गन्ने के खेत में दिखा बाघ का पगचिह्न ● जागरण

# छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** देहात कोतवाल सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी अनीश अहमद दो दिन पहले एक घर में घुस गया और सो रही किशोरी से छेड़छाड़ करने लगा। तभी वह जग गई और शोर मचाया। शनिवार को पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# सख्ती : खाद की दुकानों का कराया जाएगा सत्यापन

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। रुपईडीहा से लेकर मिहींपुरवा तक फैली भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर खाद की कालाबाजारी व अवैध भंडारण पर रोक लगाने के लिए सीमा के पांच किलोमीटर दायरे के बाहर मौजूद खाद की दुकानों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के दौरान कालाबाजारी या अवैध भंडारण की स्थित मिलने पर संबंधित विक्रेता का लाइसेंस निरस्त करते हुए एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

**भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में पकड़ी जा चुकी 150 बोरी खाद**

बीते कुछ दिनों में सीमा क्षेत्र में 150 बोरी खाद पकड़ी जा चुकी है जिसे देखते हुए कृषि विभाग ने यह निर्णय लिया है।

दरअसल, सीमा के पांच किलोमीटर के दायरे में खाद की दुकानों के लाइसेंस जारी नहीं किए जाते हैं। इसके बावजूद यहां खाद की कालाबाजारी हो रही है। इस पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग ने खाद विक्रेताओं की लगाम कसने की तैयारी कर ली है। अब पांच किलोमीटर दायरे के बाहर मौजूद दुकानों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन में खरीफ सीजन में कितनी और किस-किस किसान को खाद बेची गई है इसकी जांच की जाएगी। खरीद करने वाले किसानों की वास्तविकता की भी जांच होगी। जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडेय ने बताया कि मिहींपुरवा में 60 तो रुपईडीहा क्षेत्र में उर्वरक की 35 लाइसेंसी दुकानें हैं। सभी का सत्यापन किया जाएगा।



मोतीपुर में खाद की दुकान का निरीक्षण करते कृषि अधिकारी। (फाइल फोटो) -संवाद

## स्टॉक बोर्ड नहीं मिला तो निरस्त होगा लाइसेंस

विक्रेताओं को दुकान के बाहर स्टॉक बोर्ड मेंटेन करने का निर्देश दिया गया है। स्टॉक बोर्ड पर खाद की उपलब्धता व कीमत लिखना अनिवार्य किया गया है। कृषि अधिकारी ने बताया कि अगर जांच में किसी भी विक्रेता की दुकान पर स्टॉक बोर्ड नहीं मिला या उस पर गलत अंकन मिलेगा तो उस लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टॉक रजिस्टर व बिक्री रजिस्टर रखना भी अनिवार्य है।

## टॉप 20 खरीदारों का भी होगा सत्यापन

जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडेय ने बताया कि जिले में सर्वाधिक खाद खरीदने वाले 20 किसानों का भी सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन में किसानों के पास कितने खेत हैं और कितने खेत में फसल की बोआई या रोपाई की गई है इसकी जांच की जाएगी। आवश्यकता से अधिक खाद खरीद पाई जाएगी तो संबंधित के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ई-पॉश मशीन पर अंगूठा लगाकर ही खाद खरीदें।

# बाघ कहां का...कहना मुश्किल पर सुरक्षित

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में गेरुआ नदी में बाघ के तैरने का वीडियो सामने आने के बाद चर्चा थमने का नाम नहीं ले रही है। सवाल भी खड़ा हो रहा है कि आखिर बाघ नदी में कहां से और कैसे आया। फिलहाल यह जानकारी वन विभाग के पास भी नहीं है। कयास लगाया जा रहा है कि वह नेपाल, लखीमपुर या बहराइच के जंगल का हो सकता है।

## वन विभाग ने निगरानी के लिए दो टीमें लगाईं



हालांकि, नदी से निकलने के बाद वह जंगल में सुरक्षित है इस बात की पुष्टि वन विभाग ने की है।

बता दें कि गुरुवार को गेरुआ नदी में एक बाघ तैरता दिखा था। बाद में बैराज का गेट नीचे कराकर पानी का बहाव कम कराया गया था। इसके बाद बाघ निकलकर जंगल की ओर चला गया था। डीएफओ आकाशदीप बधावन ने दावा किया कि बाघ पूरी तरह स्वस्थ है। उसकी निगरानी के लिए दो टीमें लगाई गईं हैं। टीमों को लगातार लोकेशन मिल रही है।

डीएफओ का कहना है कि बाघ कहां का है, यह कहना मुश्किल है। इस समय बारिश अधिक हो रही है। नाले में पानी भी अधिक हो गया है इसलिए हो सकता है कि वह नाला पार करते समय बहकर गेरुआ नदी में आ गया हो। यह भी हो सकता है कि वह नेपाल के पहाड़ों पर हो रही बारिश के पानी के बहाव में बहकर आ गया हो। लखीमपुर के कौड़ियाला नाला में भी बहकर आया हो सकता है। डीएफओ ने बताया कि नेपाल में करनाली बनकर आने वाली नदी यहां गेरुआ बनती है और लखीमपुर से आने वाला कौड़ियाला नाला यहां नदी बन जाता है। यही दोनों नदियां जब बैराज के पास मिलती है तो घाघरा बन जाती है। संवाद

# दो किलो चरस के साथ तस्कर दबोचा

**बहराइच।** नेपाल से चरस लेकर बहराइच आ रहे तस्कर को खैरीघाट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। तलाशी के दौरान तस्कर के पास से दो किलोग्राम चरस बरामद हुई। तस्कर के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पकड़े गए तस्कर के खिलाफ 12 अन्य आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपये आंकी गई है।

## मुकदमा दर्ज कर भेजा गया जेल

खैरीघाट थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि तस्कर नेपाल से चरस लेकर बहराइच बेचने के लिए आ रहा है। इस पर एसआई संजय यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर अलीनगर बाजार भेजी गई। इस दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में आता दिखा।

टीम ने घेराबंदी करते हुए युवक को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास से दो किलोग्राम चरस बरामद हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ में युवक की पहचान अलीनगर गांव निवासी मेराज के रूप में हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-07-2022

# निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो होगी कार्रवाई

**समाधान दिवस**

## समय सीमा के अंदर करें शिकायतों का निस्तारण

डीएम ने कहा कि थाना दिवस में आये हर शिकायत को प्राथमिकता से लेकर समय सीमा के तहत उनका निस्तारण किया जाय। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जांच अब फरियादियों के मोबाइल पर बात कर की जायेगी।

**श्रावस्ती, संवाददाता।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। अधिकारियों की ओर से लोगों की शिकायत सुनी गई और उसका निस्तारण किया गया।

थाना सोनवा व थाना मल्हीपुर में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने की। इस उन्होंने समाधान दिवस में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे लोगों की शिकायत सुनी और उसके निस्तारण का मातहतों को निर्देश दिया। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जमीनी विवादों की शिकायतों को राजस्व और पुलिस टीम मौके पर जाकर बिना पक्षपात के शिकायतों का निस्तारण करें।



तिरपाल लगाकर भूसा लादकर जाती पिकप। ● हिन्दुस्तान

# ओवरलोडिंग पर नहीं लग रहा लगाम

**श्रावस्ती।** रोक लगाने की शासन के तमाम कवायद के बाद भी ओवरलोड वाहनों का संचालन बेधड़क हो रहा है। चाहे वह मालवाहक हो या फिर सवारी वाहन से लेकर कृषि कार्य के लिए अधिकृत वाहन हो सभी पर ओवरलोडिंग की जा रही है। बावजूद इसके न तो परिवहन विभाग सक्रिय दिख रहा है न तो पुलिस।

# लम्बित प्रार्थना पत्रों का समय से करें निस्तारण

**श्रावस्ती।** अपर पुलिस अधीक्षक ने मल्हीपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण करने पहुंचे एएसपी ने थाने में विवेचकों के साथ बैठक कर अपराध समीक्षा की। साथ ही लंबित मामलों के निस्तारण व वांछितों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया।

# 40 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस टीम ने अलग अलग जगह से दो व्यक्ति को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान लालजी पुत्र रामप्यारे निवासी महादेव पुरवा थाना गिलौला के और कैलाश पुत्र तुलसीराम निवासी रामपुर बंधा थाना सिरसिया के रुप हुई है।

# 91 शिकायतों में सिर्फ 21 का ही हो सका निस्तारण




सोनवा थाने में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनतीं डीएम नेहा प्रकाश ( बाएं से दूसरे ) व एसपी अरविंद कुमार मौर्य ( बाएं ) ● जागरण

- **भिनगा कोतवाली समेत सभी थानों में हुआ समाधान दिवस**
- **डीएम व एसपी ने सोनवा व मल्हीपुर थाने में सुनी समस्याएं**

जागरण टीम, श्रावस्ती : भिनगा कोतवाली समेत सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 91 शिकायतें आईं। इनमें से मात्र 21 का निस्तारण मौके पर हो सका। डीएम नेहा प्रकाश व एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने सोनवा तथा मल्हीपुर थाने में शिकायतें सुनीं।

डीएम कहा कि शिकायतों का तय समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हर हाल में करें। भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों में पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर निस्तारण करे। एसपी ने आपराधिक मामलों पर अंकुश लगाने व अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश थानाध्यक्ष को दिए। भिनगा कोतवाली में एएसपी केसी गोस्वामी ने आयोजन की अध्यक्षता की। यहां सात शिकायतें आईं। किसी का भी निस्तारण नहीं हुआ।

मल्हीपुर थाने में 12 प्रार्थना पत्रों में से एक, सिरसिया में 25 में से सात, सोनवा में 16 में से तीन, गिलौला में 12 में से सात का निस्तारण किया गया। इकौना में 15 शिकायतों में से एक का भी नहीं हो सका। नवीन मार्डन थाना श्रावस्ती में चार प्रार्थना पत्र आए। तीन का निस्तारण हो गया।

# कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** गिलौला व सिरसिया पुलिस ने शुक्रवार रात दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। गिलौला पुलिस ने शुक्रवार रात गश्त के दौरान लालजी निवासी महादेव पुरवा को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं, सिरसिया पुलिस ने कैलाश निवासी रामपुर बंधा को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध स्थानीय पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। बता दें कि क्षेत्र में आए दिन कच्ची शराब बरामद होने के मामले सामने आ रहे हैं। (संवाद)

# महिलाओं को पुलिस ने किया जागरूक



**श्रावस्ती।** ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला पुलिस मिशन शक्ति अभियान चला रही है। इसी के तहत शनिवार को महिला बीट पुलिस अधिकारी व शक्ति मोबाइल में शामिल महिला आरक्षी संज्ञा भारती, सोनी देवी, अर्जिता यादव ने सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम बरदेहरा मोड़, भारीगांव व सोनवा स्टोर जाकर महिलाओं व किशोरियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें बाल श्रम सहित महिला संबंधी अपराध के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने पुलिस आपातकालीन नंबर व वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर 181 सहित अन्य हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। (संवाद)

# शांतिभंग के आरोप में नौ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शुक्रवार रात विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# 44 वाहनों का हुआ चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने शनिवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 44 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 96,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)